




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 334 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन कृ.12 2081 मंगलवार, 25 फरवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा पर याचिका खारिज

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला विदेशी मामलों से जुड़ा है और भारत की न्यायपालिका किसी दूसरे देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी नहीं कर सकती। मामले में सीजेआई संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इसके बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली और मामला खत्म कर दिया गया। यह याचिका लुधियाना के व्यवसायी और समाजसेवी राजेश धांडा ने दायर की थी, जो भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव समिति, लुधियाना के अध्यक्ष और इस्कॉन मंदिर संचालन बोर्ड के उपाध्यक्ष भी हैं।

# नीतीश लाडला मुख्यमंत्री : पीएम

### बोले- जो पशुओं का चारा खा सकते हैं, वो परिस्थितियों को नहीं बदल सकते



भागलपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भागलपुर में मैथिली में लोगों को प्रणाम किया। उन्होंने नीतीश कुमार को लाडला मुख्यमंत्री बताया। उन्होंने लालू पर निशाना साधते हुए कहा कि 'जो पशुओं का चारा खा सकते हैं, वो परिस्थितियों को नहीं बदल सकते। मोदी ने जंगलराज और कांग्रेस का जिक्र कर विरोधियों को घेरा। कहा- 'पहले छोटे किसानों का हक बिचौलिये हड़प लेते थे, लेकिन ये मोदी है, नीतीश जी हैं, जो किसानों का हक किसी को नहीं खाने देंगे। कांग्रेस वाले और जंगलराज वाले सरकार में थे तो इन लोगों ने खेती का कुल जितना बजट रखा था? उससे कई गुना ज्यादा पैसा तो हम किसानों के बैंक खातों में भेज चुके हैं। ये काम कोई भ्रष्टाचारी नहीं कर सकता है। यह काम वहीं सरकार कर सकती है जो किसान कल्याण को समर्पित है।'

**विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ**

पीएम ने कहा- 'मैंने लालकिले से कहा है, विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ हैं- गरीब, अन्नदाता किसान, हमारे युवा और हमारे देश की नारी। चाहे केंद्र हो या यहां नीतीश के नेतृत्व में चल रही एनडीए की सरकार हो किसान हमारी प्राथमिकता रहे हैं। किसानों के लिए पूरी मेहनत से काम किया है।'

**खाद की बोरी पहले 3000 रुपए की थी अब 300 की**

पीएम ने कहा- 'खाद की बोरी जो 3 हजार रुपए की मिलती है, वो हम आपको 300 रुपए में देते हैं। हमारी सरकार न होती तो आज भी 3 हजार में मिलती। बीते 10 साल में करीब 12 लाख करोड़ रुपए जो आपके खाते से खाद खरीदने के लिए देने थे वो केंद्र ने बजट में दिए हैं। 'पहले यूरिया के लिए किसान लाठी खाता था और यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज किसानों को पर्याप्त यूरिया मिलती है। अगर हमारी सरकार नहीं होती तो आज भी खाद के लिए किसानों को लाठियां खानी पड़ती। बरौनी खाद कारखाना बंद पड़ा होता।

**ललन सिंह की तारीफ की**

पीएमने कहा- 'ललन सिंह के प्रयास से 2 परियोजना पूरी हो रही है। मोतिहारी का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बेहतरीन गाय की नस्ल के लिए काम कर रहा है। दूसरा बरौनी का प्लांट्। मछुआरे साथियों को पुराने लोगों ने कुछ फायदा नहीं दिया। हमने किसान क्रेडिट कार्ड दिया। ऐसे ही प्रयासों से बिहार आगे बढ़ रहा है। जैसे नीतीश कुमार ने बताया कि बिहार आज मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया है।'

**नीतीश बोले- अब इधर-उधर नहीं होगा**

सभा को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि '2005 के पहले शाम के बाद कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। ये लोग मुस्लिम का वोट लेकर भी हिंदू- मुस्लिम झगड़े करवाते थे। अब इधर-उधर कुछ नहीं, पूरे देश में मोदी जी के नेतृत्व में काम होगा।'

लालू पर निशाना- 'हम 24 नवंबर 2005 में पहली बार यहां सरकार में आए थे। उस समय शाम के बाद कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। बुरा हाल था। अब राज्य में प्रेम भाईचारा शांति का माहौल है। सभी क्षेत्रों में काम हो रहा है। मोदी के साथ ही रहेंगे- 'अब इधर-उधर नहीं होंगे। पूरे देश में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास हो रहा है। हम भी अब उन्हीं के साथ हैं और रहेंगे।

## ललित मोदी को भारत लाना हुआ मुश्किल

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। भारत का भगोड़ा ललित मोदी ने विदेशी नागरिकता हासिल कर ली है। ललित मोदी 12 साल से भारत से फरार हैं और अब उन्होंने प्रशांत महासागर के एक छोटे से देश वनुआतु की नागरिकता हासिल कर ली है। अब ललित मोदी के प्रत्यर्पण के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कुल मिलाकर अब ललित मोदी को भारत लाना और मुश्किल हो जाएगा क्योंकि वो अब भारत का नहीं वनुआतु का नागरिक हो चुका है। ललित मोदी के नए पासपोर्ट का नंबर RV0191750 है. वनुआतु से यह पासपोर्ट 30 दिसंबर 2024 को जारी किया गया। ललित मोदी पर 125 करोड़ के घोटाले का आरोप है। ललित मोदी को भारत लाने के लिए भारतीय एजेंसियां पिछले 12 सालों से लगी हुईं हैं लेकिन विदेशी नागरिकता ले लेने के बाद ललित मोदी को भारत लाना और मुश्किल हो सकता है।

# तेलंगाना टनल हादसा अंदर 11किमी तक पानी भरा

### सिलक्यारा ऑपरेशन टीम भी 8 लोगों के रेस्क्यू में जुटी

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया था। इसमें 8 कर्मचारी फंस गए। इन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है। रेस्क्यू ऑपरेशन में आर्मी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के अलावा राज्य सरकार की अन्य एजेंसी भी जुटी हुई हैं। उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल में फंसे लोगों को निकालने वाली टीम को भी इसमें शामिल किया गया है। 2023 में सिलक्यारा टनल का एक हिस्सा गिर गया था। 17 दिन बाद 41 लोगों को सुरक्षित निकाला गया था।



तेलंगाना सरकार के मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा कि हादसा सुरंग के मुहाने से करीब 13 किलोमीटर दूर हुआ है। रेस्क्यू टीम फंसे हुए लोगों से 100 मीटर दूर है, लेकिन पानी और कीचड़ की वजह से ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। मजदूरों के बचने की संभावना कम है। हमारी कोशिश जारी है।

**टनल में एंडोस्कोपिक और रोबोटिक कैमरे लगाए गए**

सोमवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए टनल में एंडोस्कोपिक और रोबोटिक कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही एनडीआरएफ डॉग स्क्वाड की मदद भी ली जा रही है। एलएंडटी के एंडोस्कोपिक ऑपरेटर दोवदीप ने कहा, एंडोस्कोपिक कैमरे से हम देख सकते हैं कि टनल के अंदर क्या हो रहा है। हमने उत्तराखंड में भी रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान ऐसा किया था।

**रेस्क्यू में आर्मी के जवान भी**

रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफके 145 और , एसडीआरएफ के 120 जवान तैनात हैं। सेना की एक इंजीनियर रेजिमेंट, जो सिकंदराबाद में इन्फैंट्री डिवीजन का हिस्सा है। उसे भी रेस्क्यू में लगाया गया है। हादसा 22 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे हुआ था।

टनल के एंट्री पॉइंट से 13 किमी अंदर टनल की छत का करीब 3 मीटर हिस्सा ढहा है। इस दौरान टनल के अंदर करीब 60 लोग काम कर रहे थे। 52 लोग किसी तरह जान बचाकर निकल आए, लेकिन टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) चला रहे 8 लोग फंस गए। इनमें 2 इंजीनियर, 2 मशीन ऑपरेटर और चार मजदूर हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

# विजेंद्र गुप्ता बने दिल्ली विधानसभा के स्पीकर

### सीएम रेखा गुप्ता ने रखा प्रस्ताव, आतिशी ने बधाई दी

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में सीएम रेखा गुप्ता की सरकार बनने के बाद पहला विधानसभा सत्र जारी है. इस सत्र में बीजेपी के विजेंद्र गुप्ता को विधानसभा अध्यक्ष चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव सीएम रेखा गुप्ता ने रखा. स्पीकर विजेंद्र गुप्ता को नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने हाथ मिलाकर बधाई दी। हालांकि इसके बाद हंगामा भी हुआ। आतिशी ने सीएम कार्यालय से भीमराव आंबेडकर और भगत सिंह की फोटो हटाने का मुद्दा



सदन में उठाया।

इसपर स्पीकर ने कहा कि शिष्टाचार संबोधन था. राजनीतिक मंच नहीं बनाना चाहिए था। मैं कड़े शब्दों में आतिशी के व्यवहार की निंदा करता हूं। विपक्ष के गैर-जिम्मेदराने रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. नियम कानून उल्लंघन करने पर इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

61 वर्षीय विजेंद्र गुप्ता रोहिणा से बीजेपी विधायक हैं. उन्होंने छात्र राजनीति से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की और दिल्ली यूनिवर्सिटी के उपाध्यक्ष भी रहे. पहले नगर निगम पार्षद और फिर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का सफर विजेंद्र गुप्ता ने तय किया है।

## वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट पर भड़की कांग्रेस

**कहा- सरकार का झूठ उजागर; भाजपा का आरोपों से इनकार**

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। यूएसएआईडी फंडिंग को लेकर चल रहे विवाद के बीच कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने 2023-24 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भाजपा के झूठ को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। बता दें कि, वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी एजेंसी वर्तमान में भारत सरकार के सहयोग से सात परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रही है और उनमें से किसी का भी मतदाता मतदान प्रतिशत से कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को भी खारिज किया है और राहुल गांधी के साथ-साथ पार्टी पर भारत को कमजोर करने के लिए विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत करने का आरोप लगाया है।

वित्त मंत्रालय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि एजेंसी ने 2023-24 में 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सात परियोजनाओं को वित्त पोषित किया है। वित्त मंत्रालय की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 'वर्तमान में, भारत सरकार के साथ साझेदारी में यूएसएआईडी की तरफ से कुल %50 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग) के बजट की सात परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।'

# पहले पति से अलग होने के बाद दूसरे से गुजारा भत्ता

### व्यभिचार पर पत्नी हकदार नहीं, हिंदुओं-मुस्लिमों के लिए एक है कानून

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। इस फैसले के मुताबिक, एक महिला अपने दूसरे पति से क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता मांग सकती है। भले ही उसकी पहली शादी कानूनी तौर पर खत्म न हुई हो। कोर्ट ने साफ किया कि तलाक का आधिकारिक दस्तावेज जरूरी नहीं है।

अगर महिला और उसका पहला पति आपसी सहमति से अलग हो गए हैं, तो कानूनी तलाक न होने पर भी वह अपने दूसरे पति से गुजारा भत्ता मांग सकती है। हालांकि, कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, अगर पत्नी शारीरिक या मानसिक रूप से सक्षम हो और किसी दूसरे के साथ व्यभिचार में लिप्त है तो उसे यह गुजारा भत्ता नहीं मिलेगा। साथ यह कानून हिंदुओं और मुस्लिमों दोनों पर बराबर लागू होगा।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने महिला की अपील को मंजूर कर लिया। तेलंगाना हाईकोर्ट ने महिला को उसके दूसरे पति से गुजारा भत्ता देने से मना कर दिया था। हाईकोर्ट का तर्क था कि महिला की पहली शादी कानूनी तौर पर खत्म नहीं हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह ध्यान रखना चाहिए कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता पत्नी को मिलने वाला कोई फायदा नहीं है, बल्कि पति का कानूनी और नैतिक कर्तव्य है। कोर्ट ने यह भी कहा कि धारा 125 का व्यापक अर्थ में व्याख्या की जानी चाहिए क्योंकि इसका उद्देश्य समाज कल्याण है।

अपील करने वाली महिला ने अपने पहले पति से तलाक लिए बिना ही दूसरी शादी (प्रतिवादी से) कर ली थी। दूसरे पति को महिला की पहली शादी के बारे में पता था। दोनों साथ रहे, उनका एक बच्चा भी हुआ। बाद में घरेलू झगड़ों के चलते दोनों अलग हो गए। महिला ने धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता मांगा। पारिवारिक अदालत ने महिला को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था।

>14

# मुझे सॉफ्ट टारगेट बनाया गया

### कोर्ट में बोले आप एमएलए अमानतुल्लाह खान



नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान को की गिरफ्तारी पर लगी रोक की अवधि आज खत्म हो रही है। इसको लेकर आज सोमवार (24 फरवरी) को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई में सुनवाई हुई। इस दौरान अमानतुल्लाह के वकील ने कोर्ट से कहा कि उनके मुव्किल को सॉफ्ट टारगेट बनाया गया है। वहीं जज ने पुलिस से पूछा कि क्या उनके पास घटना के समय का सीसीटीवी फुटेज है जिसमें शावेज खान दिखाई दे रहा है। अगर है तो कोर्ट को दें।

कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज सौंपी, जिसके बाद जज ने फुटेज देखी. इसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई कल के लिए तय की। जज ने कहा कि कोर्ट इस मैटर को टेक अप करेगी और कल ही फैसला करेगी। कोर्ट ने आप विधायक की गिरफ्तारी पर लगी रोक की अवधि कल तक के लिए बढ़ा दी।

अब मंगलवार 25 फरवरी को 12:30 बजे मामले की सुनवाई होगी। बता दें कि दिल्ली पुलिस सोमवार 10 फरवरी को जामिया नगर में एक पुलिस दल पर हमले के मामले में अमानतुल्लाह खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

# विकल्पों की बात पर राहुल गांधी से दो टूक

### शशि थरूर और कांग्रेस की राहें हो सकती हैं जुदा, क्या बीजेपी में जाएंगे?

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस के लोकसभा सांसद शशि थरूर पार्टी के भीतर खुद को अलग-थलग महसूस कर रहे हैं। जबसे उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केरल में पिनराई विजयन की अगुआई वाली लेफ्ट सरकार की तारीफ की है, तब से पार्टी में वह एक तरह से हाशिए पर चले गए हैं। ऐसी अटकलें भी लग रही हैं कि वह बीजेपी या सीपीएम में शामिल हो सकते हैं लेकिन उन्होंने इन अटकलों को खारिज किया है। वैसे कहते हैं न कि सियासत में कई बार जो दिखता है, वो होता नहीं। जो कहा जाता है, असल में हो रहा होता है उसके कुछ उलट ही। थरूर के मामले में भी कुछ-कुछ



वैसा ही है। पहले तो राहुल गांधी ने उन्हें दिल्ली तलब कर लिया और ऊपर से उनकी शिकायतों को दूर करने का कोई आश्वासन तक नहीं दिया। थरूर पूछते रहे कि पार्टी में मेरा क्या रोल है, ये साफ कर दीजिए लेकिन राहुल ने तवज्जो ही नहीं दी। अब थरूर ने एक मलयालम पत्रिका के साथ पॉडकास्ट में फिर अपने तेवर दिखाए हैं। उन्होंने ये कहकर अपनी मंशा साफ कर दी है कि वह तो कांग्रेस के लिए उपलब्ध हैं, लेकिन अगर पार्टी को उनकी जरूरत नहीं है तो उनके पास भी विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान को ये संदेश दे दिया है कि विकल्प उनके भी पास है, वह शायद और ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते।

आईई मलयालम पॉडकास्ट में थरूर ने पार्टी बदलने की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि मतभेद होने पर भी वह ऐसा नहीं सोचते। लेकिन उसी पॉडकास्ट में उनका ये बयान कुछ और ही कहता है कि अगर पार्टी को उनकी जरूरत नहीं है तो उनके पास भी 'विकल्प' मौजूद हैं।






# बांग्लादेशी सेना ने अपने हाथ में ली कानून व्यवस्था

### भारत की चेतावनी के बाद सेना प्रमुख का बड़ा ऐलान



ढाका, 24 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश के आर्मी चीफ जनरल वकार उज जमां ने कहा है कि देश की कानून-व्यवस्था का ध्यान सेना रखेगी।

उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेना काम कर रही है और बांग्लादेश को एक चुनी हुई सरकार मिलने तक इस भूमिका में बनी रहेगी। जमां ने सोमवार को सावर कैंटोनमेंट में एक फायरिंग प्रतियोगिता के कार्यक्रम में बोलते हुए ये बात कही। जमां का ये बयान ऐसे समय आया है, जब बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार कई मुद्दों पर घिरी हुई है। इसमें कानून व्यवस्था भी एक मुद्दा है।

भारत की ओर से भी बांग्लादेश की स्थिति को लेकर कई बार चिंता जाहिर की जा चुकी है। इसमें बांग्लादेश की कानून व्यवस्था के साथ ही द्विपक्षीय रिश्ते भी हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को ही बांग्लादेश को चेताते हुए कहा है कि अगर ढाका की चाहत दिल्ली के साथ अच्छा रिश्ता रखने की है तो इस पर अमल भी करे। भारत को बार-बार हर बात के लिए दोष देने से चीजें ठीक नहीं होंगी। भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ बर्ताव पर भी ढाका को कई दफा चेताया है।

>14




## सड़क हादसा, छह की मौत, दो घायल बस से टकराई तूफान गाड़ी

जबलपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। आज सुबह खितौला थाना क्षेत्र के पहरेवा इलाके में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज से जबलपुर की ओर जा रही तूफान गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर लगे पेड़ को तोड़ते हुए रांग साइड पर पहुंच गई, जहां उसकी टक्कर जबलपुर से कटनी जा रही एक बस से हो गई। हादसा सुबह लगभग साढ़े 4 बजे हुआ, जिसमें छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले सिहोरा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों से संपर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिस बस से टक्कर हुई, वह कुछ देर घटनास्थल पर रुकने के बाद वहां से रवाना हो गई। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई और बस का नंबर अज्ञात है। पुलिस बस का पता लगाने में जुटी है और मामले की जांच जारी है।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

पालघर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने एक व्यक्ति को 16 वर्षीय लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मामले में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस वारदात के बाद पीड़िता गर्भवती हो गई, जिससे इसका खुलासा हुआ। 22 वर्षीय आरोपी और लड़की नालासोपारा इलाके के ही निवासी हैं, दोनों एक-दूसरे को जानते थे। अचोले पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी पिछले महीने की शुरुआत में लड़की के घर गया था, जब वह अकेली थी और कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि मेडिकल जांच के दौरान लड़की छह सप्ताह की गर्भवती पाई गई। अधिकारी ने बताया कि लड़की की मां ने पुलिस से संपर्क किया, जिसके बाद शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (दुष्कर्म) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया।

## ड्रम बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग, लाखों का माल जलकर राख, दमकल की 10 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

सोनीपत, 24 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के सोनीपत में सोमवार सुबह एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस फैक्ट्री में प्रिंटिंग और ड्रम बनाने का काम होता है। दोनों काम से जुड़े सामान फैक्ट्री में रखे थे और आग की चपेट में आ गए। अब तक आग लगने का कारण नहीं पता चला है। हालांकि, इस आगजनी में लाखों का माल जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ और किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है।

आगजनी की यह घटना सोनीपत के रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में हुई। यहां एस आर प्लास्टो ड्रम नाम की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में प्लास्टिक के ड्रम बनाने और प्रिंटिंग का काम होता था। आग लगने की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया।

# सभी हिंदुओं को एक मानते हैं

## लेकिन समाज में जाति, पंथ, और भाषा के आधार पर भेदभाव देखा जाता है, हिंदू समाज में एकता को लेकर मोहन भागवत का बड़ा बयान



गुवाहाटी, 24 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख, डॉ। मोहन भागवत ने एक बौद्धिक कार्यक्रम के दौरान हिंदू समाज में एकता और समाज परिवर्तन के लिए पांच महत्वपूर्ण बदलावों पर जोर दिया। यह कार्यक्रम गुवाहाटी के साउथ प्वाइंट स्कूल परिसर, बरशापारा में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग हजार दायित्वधारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। डॉ। भागवत ने समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हम सभी हिंदुओं को एक मानते हैं, लेकिन समाज में जाति, पंथ, और भाषा के आधार पर भेदभाव देखा जाता है। हमें इस भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में प्रयास करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे मित्रों और कुटुंब के सदस्यों से हमारे संबंध जैसे होते हैं, वैसे ही अन्य समाज के लोगों से भी होने चाहिए।

**हिंदू समाज के लिए एकता का मार्ग**

सरसंघचालक ने हिंदू समाज में विभिन्न जातियों, क्षेत्रों, और भाषाओं के बीच मित्रता और सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

परिवार और भारतीय मूल्यों का महत्व डॉ। भागवत ने समाज में भारतीय पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने की भी बात की। उन्होंने बताया कि परिवारों में भारतीय परंपराओं को सहेजने से समाज की दिशा सही दिशा में बढ़ेगी। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदू मंदिरों, जलाशयों, और श्मशान भूमि का सामूहिक उपयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया।

**पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी अपनाना**

कार्यक्रम के दौरान मोहन भागवत ने पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी पर भी जोर दिया उन्होंने जल संरक्षण, पॉलिथीन के प्रयोग में कमी और वृक्षारोपण को प्राथमिकता देने की बात की। उन्होंने कहा कि हर भारतीय परिवार को अपनी भाषा, वस्त्र, भोजन, आवास और यात्रा में स्वदेशी को अपनाना चाहिए, ताकि भारतीय संस्कृति और परंपराओं को मजबूत किया जा सके।

मातृभाषा का उपयोग बढ़ाने की अपील मोहन भागवत ने विदेशी भाषाओं के बजाय अपनी मातृभाषा में संवाद करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मातृभाषा का प्रयोग करने से न केवल समाज की एकता बढ़ेगी, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर भी जीवित रहेगी।

**नागरिक कर्तव्यों का पालन**

अपने संबोधन के अंत में डॉ। मोहन भागवत ने नागरिक कर्तव्यों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने सभी नागरिकों से यह अपील की कि वे सरकारी नियमों और कानूनों का पालन करें, साथ ही पारंपरिक सामाजिक नैतिक मानदंडों का पालन भी करें। उन्होंने कहा, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम समाज की भलाई के लिए अपने कर्तव्यों को निभाएं।

## केरल कोर्ट में भाजपा के पूर्व विधायक ने सरेंडर किया



एराट्टुपेट्टा, 24 फरवरी (एजेंसियां)। बीजेपी पूर्व विधायक पी सी जॉर्ज ने सोमवार को एराट्टुपेट्टा की में हेट स्पीच मामले में केरल कोर्ट में सरेंडर किया। पुलिस अधिकारी ने बताया हमें सूचना मिली है कि जॉर्ज ने अदालत में पेशी दी है। जार्ज ने यह कदम तब उठाया, जब केरल हाई कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी और पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेने की प्रक्रिया शुरू की। 22 फरवरी को जॉर्ज ने पुलिस से 24 फरवरी तक की मोहलत मांगी थी ताकि वे जांच के लिए हाजिर हो सकें। हालांकि, हाई कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में जमानत देना समाज को गलत संदेश देगा। पूर्व विधायक जॉर्ज पर एक टेलीविजन चैनल की चर्चा के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हेट स्पीच देने का आरोप है। यह मामला मुस्लिम यूथ लीग के नेता मुहम्मद शिहाब की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

## केरल में मिजोरम के इंजीनियरिंग स्टूडेंट की चाकू मारकर हत्या, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

नागरूर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। केरल में रात इंजीनियरिंग स्टूडेंट की चाकू मारकर हत्या हुई है। केरल पुलिस के मुताबिक, मृतक स्टूडेंट की पहचान मिजोरम के रहने वाले वैलेंटाइन नाम के शख्स के रूप में हुई है। मामला राजधानी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी नागरूर का है। घटना रात साढ़े 10 बजे हुई। नागरूर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए मृतक के बैचमेट को हिरासत में लिया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों छात्रों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद हमला किया गया।

## क्या एक साथ आएंगे राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे

### दोनों की हुई मुलाकात, बीएमसी चुनाव से पहले राजनीतिक अटकलें तेज



मुंबई, 24 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे की अपने चचेरे भाई और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुंबई में एक विवाह समारोह में मुलाकात हुई। इसके बाद महाराष्ट्र में आगामी नगर निगम चुनावों से पहले दोनों के बीच राजनीतिक मतभेद सुलझने की अटकलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक रूप से अलग हो चुके दोनों भाई शाम अंधेरी इलाके में सरकारी अधिकारी महेंद्र कल्याणकर के बेटे के विवाह समारोह में एक साथ देखे गए। शादी समारोह के दौरान महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे से राज ठाकरे की मुलाकात हुई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एमएनएस और शिवसेना (यूबीटी) के बीच आगामी नगर निगम चुनावों, खासतौर पर आर्थिक रूप से समृद्ध बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों को ध्यान में रखते हुए आपसी मतभेद खत्म करने की संभावना बन सकती है। हालांकि, अभी तक नगर निकाय चुनावों की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। पिछले दो महीनों में यह तीसरा मौका था जब दोनों भाइयों की सार्वजनिक रूप से मुलाकात हुई, जिससे दोनों दलों के बीच संबंधों में सुधार की अटकलें तेज हो गई हैं। राज ठाकरे ने वर्ष 2005 में (तत्कालीन एकीकृत) शिवसेना छोड़ दी थी और अगले वर्ष अपनी अलग पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का गठन किया था। पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा रही।बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीती थीं, जबकि एमएनएस को कोई भी सीट नहीं मिली थी।

# 'मंदिर उत्सव के निमंत्रण में जाति लिखने की जरूरत नहीं'

## मद्रास हाई कोर्ट ने मंदिर कमेटी को दिया आदेश



चेन्नई, 24 फरवरी (एजेंसियां)। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै खंडपीठ ने हाल ही में एक मंदिर उत्सव के निमंत्रण से एक एससी समुदाय को इस आधार पर बाहर करने की आलोचना की कि उन्होंने इस आयोजन के लिए कोई पैसा दान नहीं किया था। कोर्ट ने अधिकारियों को भविष्य में संबंधित मंदिर के निमंत्रणों में किसी भी जाति के नाम का उल्लेख नहीं करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति एमएस रमेश और न्यायमूर्ति एडी मारिया क्लेट की पीठ ने नाडुविकोट्टई आदि द्रविड़ कल्याण संघ के अध्यक्ष केपी सेल्वराज द्वारा दायर याचिका पर आदेश पारित किया। इस आदेश में तंजावुर के पट्टुकोट्टई नादियाम्मन मंदिर में वार्षिक उत्सव के निमंत्रण में 'ऊरार'(ग्रामीणों का जिक्र करते हुए) के बजाय 'आदि द्रविड़र' छापने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

**आदि द्रविड़ समुदाय का नहीं था उल्लेख**

मंदिर के कार्यकारी अधिकारी ने निमंत्रण में उनकी जाति के नाम के साथ विभिन्न प्रायोजकों के नाम शामिल किए थे, लेकिन आदि द्रविड़ समुदाय का उल्लेख नहीं किया था, इसके बजाय उन्हें केवल 'ऊरार' के रूप में संबोधित किया गया था और कहा था कि उन्होंने कोई योगदान नहीं दिया है। बता दें, 2009 में भी उसी मंदिर में एक समान विवाद उत्पन्न हुआ था, जिसके लिए एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। न्यायाधीशों ने उस तरीके की आलोचना की जिसमें दलितों को विशिष्ट मान्यता से वंचित करते हुए 'ऊरार' के सामान्य शब्द के तहत शामिल किया गया है।

**न्यायाधीशों ने की आलोचना**

न्यायाधीशों ने कहा, यह अजीब है कि कार्यकारी अधिकारी एक सरकारी अधिकारी होते हुए भी इसका समर्थन कर रहे हैं। जस्टिस क्लेट ने कहा, यह चयनात्मक दृश्यता प्रणालीगत असमानता को मजबूत करती है, जिससे दलित सामाजिक मूल्य, गोपनीयता और समाज में सार्थक भागीदारी दोनों से वंचित हो जाते हैं। न्यायाधीश ने कहा, इस विरोधाभास को यह सुनिश्चित करके सुलझाना चाहिए कि दलितों को अपनी जाति की पहचान घोषित करने के लिए मजबूर किए बिना पहचाने जाने का अधिकार है, इस प्रकार से उनकी गरिमा, गोपनीयता और सार्वजनिक धार्मिक मामलों में समान भागीदारी को संतुलित किया जा सकता है"। न्यायाधीशों ने यह भी कहा कि हालांकि अधिकारी यह तर्क दे सकते हैं कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर देवता की पूजा करने या उत्सव में भाग लेने पर कोई प्रतिबंध नहीं है, भागीदारी सार्थक और ठोस होनी चाहिए, न कि केवल प्रतीकात्मक या सांकेतिक।

**'प्रणालीगत असमानता को मजबूत करना'**

न्यायाधीश एडी मारिया क्लेटे ने कहा, यह चयनात्मक दृश्यता प्रणालीगत असमानता को मजबूत करती है, जिससे दलितों को सामाजिक मूल्य, गोपनीयता और समाज में सार्थक भागीदारी दोनों से वंचित किया जाता है।

## मंत्री कोकाटे को लेकर हमलावर हुआ विपक्ष पवार गुट ने की विधायकी रद्द करने की मांग



मुंबई, 24 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार में राज्य मंत्री माणिकराव कोकाटे को कोर्ट द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद लगातार उन्हें अयोग्य ठहराने की विपक्ष मांग कर रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को पत्र लिखकर माणिकराव कोकाटे को अयोग्य ठहराने की मांग की है। बता दें कि कोकाटे को धोखाधड़ी के एक मामले में दो साल के जेल की सजा सुनाई गई है। नासिक की एक अदालत ने कृषि मंत्री कोकाटे को वर्ष 1995 के एक मामले में दोषी ठहराया था। जिसमें उन पर सरकारी कोटे के तहत निम्न आय वर्ग (एलआईजी) श्रेणी में फ्लैट लेने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा करने का आरोप था। कृषि मंत्री कोकाटे ने दोषसिद्धि के बाद कहा कि अदालत ने उन्हें जमानत दे दी है और वे इस फैसले को चुनौती देंगे। जिसके बाद एनसीपी (एसपी) नेता आव्हाड ने रविवार को विधानसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में कोकाटे की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने की मांग की। आव्हाड ने पूछा कि कांग्रेस नेता सुनील केदार और राहुल गांधी की तुलना में कोकाटे के साथ अलग व्यवहार क्यों किया जा रहा है? सुनील केदार को महाराष्ट्र विधानसभा से और राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया था जब वे अलग-अलग मामलों में दोषी ठहराए गए थे। आव्हाड ने कहा, कोकाटे एक राजनीतिज्ञ और वकील होने के नाते अपने कार्यों के कानूनी नतीजों को भली-भांति जानते थे, फिर भी उन्होंने व्यक्तिगत लाभ के लिए इस योजना का दुरुपयोग किया। जब अदालत कहता है कि समाज को संदेश देने की जरूरत है, तो यह विधायिका का कर्तव्य है कि वह दोषी ठहराए गए मंत्री से इस्तीफा मांगे। मेरी विधानसभा अध्यक्ष से अपील है कि कोकाटे को निचले सदन की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया जाए।

## नर्मदा तटों पर अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई, जेसीबी मशीनें व ट्रैक्टर-ट्रॉली किये जब्त

सीहोर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। सीहोर में रेत माफियाओं पर नकेल कसने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। भैरूंदा एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी और अन्य अधिकारियों ने निजी वाहनों से नर्मदा तटों पर अचानक पहुंचकर छापेमारी की। इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया और वे अपने वाहन छोड़कर भाग निकले। अधिकारियों ने सातदेव, टिगाली, छिपानेर सहित अन्य घाटों पर छापेमारी करते हुए अवैध रूप से रेत खनन कर रही 2 जेसीबी मशीनें एवं 12 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। सभी जब्त वाहनों को भैरूंदा थाने में खड़ा कराया गया है। बता दें कि सीहोर जिले में अवैध रेत उत्खनन जोरों पर है, जिससे न केवल नर्मदा नदी का पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो रहा है, बल्कि सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान हो रहा है। कलेक्टर बालागुरू के के निर्देश पर खनिज विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम लगातार अवैध उत्खनन करने वालों पर कार्रवाई कर रही है।

# शुरू होने वाला है झमाझम बारिश का दौर

## दिल्ली-एनसीआर, यूपी, हरियाणा समेत इन राज्यों में बरसेंगे बादल



नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में सैलानी फरवरी के महीने में भी बर्फबारी का मजा ले रहे हैं। उत्तर भारत के कई राज्यों में एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश और पंजाब में बारिश होने के आसार हैं।

उत्तर भारत के कई राज्यों में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखना शुरू होगा। बुधवार से शुक्रवार के बीच बारिश होने का अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में सोमवार को मौसम साफ रहेगा। दिन में धूप खिली रहेगी। न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। मंगलवार और बुधवार (25-26 फरवरी) को दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के कई जिलों में हल्के बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार और शुक्रवार (27-28 फरवरी) को बारिश होने का अनुमान है।

**यूपी, हरियाणा और पंजाब के इन इलाकों में होगी बारिश**

मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, बागपत, हापुड़, मुजफ्फरनगर जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। हरियाणा में 26 से 28 फरवरी के बीच हिसार, रोहतक, और करनाल जैसे इलाकों में बारिश होने का अनुमान है। पंजाब से सटे क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। 28 फरवरी के बाद मौसम धीरे-धीरे साफ होगा।

**मध्य प्रदेश में बारिश का अलर्ट**

मध्य प्रदेश में 26 से 28 फरवरी के बीच भोपाल, ग्वालियर, और इंदौर जैसे शहरों में हल्की बारिश के आसार हैं। 26 फरवरी को जबलपुर और उज्जैन में भी बूंदाबांदी हो सकती है।

**आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि की भी संभावना**

वहीं, पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में तेज आंधी के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि मेघालय, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में तेज हवाओं और गरज के साथ बारिश होगी। कई जगहों पर बिजली गिरने और ओलावृष्टि की भी संभावना है।

# महाकुंभ हादसों में हुई मौतों व लापता लोगों की जांच भी न्यायिक आयोग ही करेगा, हाईकोर्ट का आदेश



प्रयागराज, 24 फरवरी (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार के आश्वासन पर महाकुंभ क्षेत्र में अमावस्या के दिन हुई सभी तीनों हादसों में हुई मौतों और लापता लोगों का पता लगाने की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग वाली जनहित याचिका निस्तारित कर दी। सरकार ने कोर्ट को बताया कि न्यायिक आयोग के जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब वह तीनों भगदड़ों में हुए जानमाल की हानि का भी पता लगाएगी। यह आदेश मुख्य न्यायधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति शैलेन्द्र क्षितिज की अदालत ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव सुरेश चंद्र पांडे की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। पिछली सुनवाई पर याची के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने कोर्ट ने मीडिया रिपोर्ट और अमावस्या पर तीन जगह हुई भगदड़ के प्रमाण स्वरूप वीडियो फुटेज की पैन ड्राइव दाखिल की थी। दावा किया था कि अमावस्या के दिन एक नहीं तीन जगह हादसा हुआ था। खोया पाया केंद्र से लापता लोगों के परिजनों से लापता लोगों का आधार कार्ड मांगा जा रहा था। न होने पर उनके नामों की घोषणा नहीं की जा रही थी। इसके अलावा मीडिया रिपोर्ट के हवाले से यह भी दावा का था कि सरकार हादसे में हुई मौतों की संख्या गलत बता रही है। मौतें सौ से ज्यादा हुई थी जबकि सरकार ने केवल 30 मौतों को स्वीकार किया था। सरकार और प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है। लिहाजा, हाईकोर्ट की निगरानी ने मौतों और लापता लोगों की उच्च स्तरीय जांच जनहित में जरूरी है।

**सरकार की दलील से हाईकोर्ट असंतुष्ट**

सरकार की ओर से पेश अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने जनहित याचिका में उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग को गैर जरूरी बताया था। कहा था कि सरकार ने जांच के लिए पहले ही न्यायिक आयोग का गठन किया है। यह न्यायिक आयोग हादसे का कारण और भविष्य में बचाव के उपाय संबंधी रिपोर्ट एक माह में पेश करेगा। हालांकि, सरकार की ओर से दी गई दलील से कोर्ट असंतुष्ट थी। कोर्ट ने आयोग की जांच का दायरा सीमित होने का हवाला देते हुए सरकार से रिपोर्ट तलब की थी कि हादसों में हुई मौतों और लापता लोगों का सरकार पता कैसे लगाएगी? सोमवार को सरकार बैकफुट पर आई। कोर्ट को बताया गया कि सरकार ने न्यायिक आयोग की जांच का दायरा बढ़ा दिया है। अभी तक न्यायिक आयोग संगम क्षेत्र में हुई भगदड़ के कारणों और भविष्य में घटनाओं को रोकने के उपाय सुझाने के लिए काम कर रहा न्यायिक आयोग अब मेला क्षेत्र में हुए सभी हादसों की जांच करेगा। इस दौरान हुई जानमाल की हानि का भी पता लगाएगा। कोर्ट ने सरकार के आश्वासन पर जनहित याचिका निस्तारित कर दिया।

## पुलिस से बचकर बाणगंगा पहुंचा तस्कर:कई थानो में है अपराध दर्ज

इंदौर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। इंदौर पुलिस से बचने के लिए पंढरीनाथ इलाके का हिस्ट्रीशीटर बाणगंगा क्षेत्र में रहने पहुंच गया। यहां एक नाबालिग के जन्मदिन पर उसने अवैध चाकू से केक कटवाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। वीडियो में वह बच्चे से केक कटवा रहा है। हालांकि, बाणगंगा पुलिस को इस मामले की कोई जानकारी नहीं है। जानकारी के मुताबिक, बाणगंगा थाना क्षेत्र के रेवती रेंज में रहने वाला विक्की ठाकुर दो दिन पहले अपने रिश्तेदार के बेटे के जन्मदिन समारोह में शामिल हुआ था। इस दौरान उसने अवैध चाकू से केक कटवाने का आयोजन किया। बताया जा रहा है कि विक्की पहले पंढरीनाथ इलाके में रहता था, लेकिन पुलिस की नजरों से बचने के लिए उसने अपना ठिकाना बदल लिया। द्वारकापुरी पुलिस ने करीब दो साल पहले विक्की ठाकुर को 100 एमडी ड्रग पुड़िया के साथ गिरफ्तार किया था।


## मुक्तसर पुलिस ने लॉरेंस गैंग के दो गुर्गों को किया गिरफ्तार, तीन विदेशी पिस्तौल, 20 कारतूस बरामद



मुक्तसर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। मुक्तसर पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से संबंधित दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। दोनों से तीन विदेशी पिस्तौल, 20 कारतूस, दो मैगजीन तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी अखिल चौधरी ने बताया कि फिरोजपुर रोड पर पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को रोका और उनकी तलाशी ली। इस तलाशी में एक युवक से एक पिस्तौल और 10 कारतूस मिले। दूसरे युवक के बैग से दो पिस्तौल व 10 कारतूस के साथ एक मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस को बरामद हथियारों में ऑस्ट्रिया की बनी ग्लॉक 9एमएम और चीन की पीएक्स5 स्टॉर्म व पीएक्स3 मॉडल की पिस्तौल शामिल हैं। वहीं दो मैगजीन भी बरामद हुई हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुक्तसर के कोटली रोड गली नंबर 9 निवासी अवतार सिंह उर्फ लब्बा (21) तथा गांधी नगर गली नंबर 2 निवासी रवि कुमार (25) के रूप में हुई है। थाना सदर मुक्तसर पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि आरोपी अवतार सिंह पर विभिन्न थानों में पहले से एनडीपीएस एक्ट और मारपीट के दो केस दर्ज हैं। पुलिस द्वारा कोर्ट से रिमांड हासिल कर अग्रिम जांच की जा रही है।

सुविचार: धैर्य रखो.! क्योंकि हर नया परिवर्तन आसान होने से पहले मुश्किल हुआ करता हैं!

# कांग्रेस सरकार को कमजोर करने के लिए बीआरएस, भाजपा साजिश रच रही है : सीएम



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने दावा किया है कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों तेलंगाना में कांग्रेस सरकार को कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं। सोमवार को निजामाबाद में एक सभा में बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने बताया कि बीआरएस का कोई भी उम्मीदवार एमएलसी पदों के लिए होड़ में नहीं है, फिर भी बीआरएस नेता कांग्रेस उम्मीदवार को हराने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे है। रेवंत रेड्डी ने कहा, "हमें हराना भाजपा की सफलता को सक्षम करने के बराबर है। जब मैं राज्य की उन्नति के लिए प्रयास कर रहा हूं, केसीआर मेरे प्रयासों में बाधा डाल रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव मिलकर तेलंगाना की प्रगति में बाधा डाल रहे हैं।" "बीआरएस किस उम्मीदवार का समर्थन कर रही है और जनता से समर्थन करने का आग्रह कर रही है? क्या कोई पार्टी जो चुनावों में भाग नहीं लेती, वह खुद को राजनीतिक पार्टी मान सकती है? स्नातक तेलंगाना आंदोलन की अगुआई कर रहे थे। तो, क्या बीआरएस, जिसने चुनाव में भाग नहीं लेने का फैसला किया, को कांग्रेस को चुनौती देने का अधिकार है?" उन्होंने केसीआर पर अपने फार्महाउस में व्यस्त रहने के दौरान तेलंगाना राज्य के अधिशेष को कम करने का भी आरोप लगाया। रेवंत रेड्डी ने कहा, "विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में मतदाताओं द्वारा खारिज किए जाने के बावजूद, केसीआर कांग्रेस सरकार के खिलाफ षड्यंत्रकारी राजनीति में लगे हुए हैं।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआरएस सरकार के दस साल के कार्यकाल में कई युवक-युवतियों ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि नौकरी के अवसरों की कमी के कारण ये लोग एक कोचिंग सेंटर से दूसरे कोचिंग सेंटर भटकते रहे। अधिसूचना जारी होने के बाद उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने कोचिंग सेंटरों के साथ मिलकर साजिश रची और परीक्षाएं आयोजित होने से रोकने के लिए कानूनी कार्रवाई की मांग की। रेवंत रेड्डी ने सवाल किया कि क्या यह सच नहीं है कि कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने के बाद 55,163 सरकारी पद भरे गए। उन्होंने स्नातकों को कांग्रेस उम्मीदवार को तभी वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया, जब उन्हें लगे कि राज्य सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी। रेवंत रेड्डी ने याद दिलाया कि राज्य सरकार ने पहले ही 35,000 सरकारी शिक्षकों को पदोन्नत किया है, 22,000 का तबादला किया है और 17,000 नए शिक्षक पदों पर नियुक्ति की है। इसके परिणामस्वरूप उन्होंने शिक्षकों से कांग्रेस उम्मीदवार को अपना समर्थन देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने हंगामा मचाने के लिए केंद्रीय मंत्री बंडी संजय की आलोचना की और बताया कि बंडी संजय और नरेंद्र मोदी दोनों ही बीसी समुदायों से अपने जुड़ाव का दावा करते हैं। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा ने 2021 में राष्ट्रीय जनगणना क्यों नहीं कराई जिसमें जाति जनगणना भी शामिल हो। उन्होंने कहा कि पिछली सदी में बीसी जाति जनगणना नहीं हुई है, लेकिन तेलंगाना सरकार ने इसे एक महीने में पूरा कर लिया और आधिकारिक डेटा जारी कर दिया है। उन्होंने कहा, "मैंने जाति जनगणना से जुड़े एक सदी पुराने मुद्दे को संबोधित किया है।" इसके बाद, मुख्यमंत्री ने मंचेरियल और करीमनगर में चुनाव प्रचार सभाओं को संबोधित किया।

## सिरसिला में बटाईदार किसान ने की आत्महत्या

### सिंचाई के लिए पानी न मिलने से सूख गईं फसलें

राजन्ना-सिरसिल्ला, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पानी की कमी के कारण फसल सूख जाने के बाद कर्ज चुकाने में असमर्थ मुस्ताबाद मंडल के एक काश्तकार जेला देवैया (51) ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों के अनुसार, रविवार शाम को खेतों में काम करने गए देवैया ने कीटनाशक पी लिया। सुबह ग्रामीणों ने उसे मृत पाया। देवैया के पास एक एकड़ ज़मीन थी, उन्होंने कुछ और ज़मीन किराए पर लेकर फ़सल उगाई। उन्होंने पैसे उधार लेकर धान बोया। पानी की कमी के कारण फसल सूख जाने से वह निराश हो गया। कर्ज न चुका पाने पर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

## सीएम के दौरे से पहले बीआरएस नेता गिरफ्तार

मंचेरियल, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के मंचेरियल शहर के दौरे से पहले सोमवार को जिले के विभिन्न हिस्सों से बीआरएस के नेताओं को गिरफ्तार किया गया। कोटापल्ली मंडल केंद्र में बीआरएस नेता मनीशेट्टी विद्यासागर को रेड्डी के दौरे के मद्देनजर सुबह-सुबह उनके आवास पर जबरन हिरासत में ले लिया गया। उन्हें कोटापल्ली पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया।

विद्यासागर ने बीआरएस के नेताओं की गिरफ़्तारी के लिए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार तेलंगाना आंदोलन के कार्यकर्ताओं की आवाज़ दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस कृत्य में इसलिए शामिल है क्योंकि वह जनता के बढ़ते असंतोष को पचा नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि गिरफ़्तारियां उनके लिए कोई नई बात नहीं हैं और कार्यकर्ताओं ने ऐसे ही उत्पीड़न का सामना करके तेलंगाना हासिल किया है।

इस बीच, श्रीरामपुर में आदिलाबाद- निजामाबाद- मेदक- करीमनगर एमएलसी स्नातक उम्मीदवार नरेंद्र रेड्डी के लिए रेवंत रेड्डी के अभियान के सिलसिले में बीआरएस के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। नेता पंबाला रवि, एमडी रफीक खान और संतोष को हिरासत में लेकर श्रीरामपुर पुलिस थाने में रखा गया।

# श्रीधर बाबू ने क्वींसलैंड को निवेश के लिए आमंत्रित किया



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने कहा कि तेलंगाना अपने अभूतपूर्व एआई सिटी के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता के भविष्य को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। उन्होंने क्वींसलैंड सरकार को इस परिवर्तनकारी पहल में निवेश करने के लिए खुला निमंत्रण दिया है। सोमवार को क्वींसलैंड के वित्त, व्यापार, रोजगार और प्रशिक्षण मंत्री रोसिन बेट्स के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बंजारा हिल्स में मंत्रियों के क्वार्टर में श्रीधर बाबू से मुलाकात की। चर्चा प्रमुख क्षेत्रों में तेलंगाना-क्वींसलैंड संबंधों को मजबूत करने और सहयोग के अवसरों को खोलने पर केंद्रित थी। इस अवसर पर, मंत्री ने आगामी जीवन विज्ञान विश्वविद्यालय पर गहन जानकारी दी, जिसे जैव प्रौद्योगिकी और फार्मास्यूटिकल्स में वैश्विक नेता बनने की परिकल्पना की गई है। इन उद्योगों में तेलंगाना के गढ़ को देखते हुए, क्वींसलैंड प्रतिनिधिमंडल ने रणनीतिक साझेदारी बनाने में गहरी रुचि व्यक्त की। वार्ता में तेलंगाना के खेल विश्वविद्यालय की स्थापना पर भी चर्चा हुई, जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने भविष्य के सहयोग के लिए समर्थन देने का वादा किया।

उन्होंने विशेष रूप से कौशल विश्वविद्यालय की सराहना की, जिसे वैश्विक बाजार की मांगों के अनुरूप तैयार किए गए कार्यक्रमों के साथ कार्यबल-उद्योग अंतर को पाटने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन पहलों से परे, दोनों पक्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, अनुसंधान और विकास और कृषि में संयुक्त प्रयासों का पता लगाने पर सहमत हुए। क्वींसलैंड के प्रतिनिधियों ने तेलंगाना के नवाचार-संचालित दृष्टिकोण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में क्वींसलैंड व्यापार और निवेश के सीईओ जस्टिन मैकगोवन, ऑस्ट्रेलियाई महावाणिज्य दूत (बैंगलोर) हिलेरी मैकगेची, वाणिज्य दूत एंड्रिया कॉलिस्टर, नीति अनुसंधान सहयोगी कृतिका सुब्रमण्यन, व्यापार आयुक्त अभिनव भटला और मनीष शर्मा आदि शामिल थे।

# नारसिंगी में फर्नीचर इकाई में लगी भीषण आग

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके रंगारेड्डी जिले के नारसिंगी में सोमवार को एक फर्नीचर निर्माण इकाई में भीषण आग लग गई। घटना के समय फर्नीचर इकाई बंद थी, इसलिए किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों को संदेह है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। स्थानीय लोगों ने गोदाम से घना धुआं निकलते देखा और अग्निशमन विभाग और पुलिस को सूचित किया। निकटवर्ती अग्निशमन केंद्रों से दमकल कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया और आग बुझाई गई।

अधिकारियों ने बताया कि सागौन की लकड़ी और फोम जैसी ज्वलनशील सामग्री की उपस्थिति के कारण आग तेजी से फैली और आसपास घना धुआं छा गया। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त संपत्ति का कुल मूल्य अभी तक अनुमानित नहीं किया जा सका है। नरसिंगी पुलिस जांच कर रही है।

# हरीश राव ने यूरिया संकट के लिए सरकार को ठहराया जिम्मेदार

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस विधायक टी हरीश राव ने यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रहने के कारण तेलंगाना के किसानों को संकट में डालने के लिए कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जबकि किसान यूरिया के लिए चिलचिलाती धूप में संघर्ष कर रहे हैं, राज्य सरकार गहरी नींद में सो रही है। देश को भोजन देने वाले किसान ही आंसू बहाने को मजबूर हैं। उन्होंने संकट को हल करने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की।

एक्स पर एक पोस्ट में हरीश राव ने बताया कि हाल ही में महबूबाबाद में यूरिया के लिए पुलिस को टोकन जारी करने के लिए मजबूर किया गया था, अब जगतियाल में भी इसी तरह की लंबी कतारें लगी हुई हैं। चिलचिलाती धूप में लंबे समय तक कतारों में खड़े रहने के लिए संघर्ष करने वाले किसान कतार में अपनी जगह बचाने के लिए अपनी ज़मीन की पासबुक और दूसरे दस्तावेज़ रखते देखे गए। उन्होंने स्थिति की तुलना अविभाजित आंध्र प्रदेश में कांग्रेस शासन के दौरान किसानों को हुई कठिनाइयों से की तथा रेवंत रेड्डी सरकार पर उन काले दिनों को वापस लाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना में, जहां बीआरएस शासन के तहत किसानों के साथ राजाओं जैसा व्यवहार किया जाता था, उन्हें सड़कों पर वापस लाने का श्रेय रेवंत रेड्डी को जाता है। उन्होंने कांग्रेस पर किसान घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया, जिसमें ऋण माफी, किसान आश्वासन और फसल बोनस शामिल हैं। उन्होंने इन्हें खोखला झूठ और सरासर धोखा बताया।

# कर्ज का बोझ न उठा पाने के कारण 2 और किसानों ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में दो किसानों ने भारी कर्ज के बोझ से दबे होने के कारण आत्महत्या कर ली। यदाद्री भुवनगिरी जिले के तुर्कापल्ली मंडल के वीररेड्डीपल्ली गांव के 60 वर्षीय किसान मंदा चंद्रैया ने अपने कृषि कुएं के पास कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। उनकी मृत्यु की परिस्थितियों की फिलहाल जांच चल रही है तथा स्थानीय अधिकारी विस्तृत जांच कर रहे हैं।

एक अन्य घटना में, जयशंकर भूपलपल्ली जिले के मोगुल्लापल्ली गांव के 35 वर्षीय किसान अरिकंथपु राजू ने अपनी कृषि भूमि पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राजू ने अपनी तीन एकड़ की कृषि भूमि पर मिर्च की खेती की थी और कपास उगाने के लिए तीन एकड़ जमीन पट्टे पर ली थी। उस पर लगभग 25 लाख रुपये का कर्ज था।

कर्ज का बोझ सहन न कर पाने के कारण उसने अपनी जान दे दी। उसकी पत्नी ने बताया कि कर्ज के बढ़ते दबाव ने राजू को गहरी निराशा में डाल दिया और आखिरकार उसने यह दुखद कदम उठा लिया।

रविवार शाम को मुस्ताबाद मंडल में एक काश्तकार जेला देवैया (51) की कथित तौर पर आत्महत्या से मौत हो गई। सोमवार सुबह उसका शव बरामद हुआ।

ग्रामीणों के अनुसार, पानी की कमी के कारण फसल सूख जाने के कारण वह अपना कर्ज नहीं चुका पा रहा था, जिसके कारण उसने यह कदम उठाया। एक एकड़ जमीन के मालिक देवैया ने उधार के पैसे से कुछ और जमीन किराए पर लेकर धान की खेती की थी। पानी की कमी के कारण फसल सूख जाने के बाद वह उदास था।

# महाशिवरात्रि जात्रा के लिए सज चुका है मंदिर

## तीन दिवसीय वार्षिक मेला आज से शुरू

राजन्ना सिरसिला, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वेमुलावाड़ा में श्री राजराजेश्वर स्वामी मंदिर महाशिवरात्रि जात्रा के लिए पूरी तरह से सज चुका है। तीन दिवसीय वार्षिक मेला मंगलवार से शुरू होगा और भक्त अपने प्रिय भगवान की जात्रा में भाग लेने के लिए मंदिर में पहुंचना शुरू हो गए हैं। मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन ने जतरा के लिए 2.03 करोड़ रुपये खर्च करके व्यापक व्यवस्था की है, क्योंकि महाशिवरात्रि के अवसर पर तेलंगाना के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जैसे पड़ोसी राज्यों से चार लाख से अधिक भक्तों के मंदिर में आने की उम्मीद है। सरकारी सचेतक और स्थानीय विधायक आदि श्रीनिवास, कलेक्टर संदीप कुमार झा, पुलिस अधीक्षक अखिल महाजन और मंदिर के ईओ विनोद रेड्डी व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं।

मंदिर नगरी को अलग-अलग जोन में बांटकर व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए करीब 3200 कर्मचारियों को तैनात किया गया है और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जोन आवंटित किए गए हैं। मंदिर के गर्भगृह, महामंडप और प्रवेश द्वार को आकर्षक फूलों और लाइटिंग से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के लिए पांच लाख लड्डू भी तैयार किए गए हैं।

टीजीएसआरटीसी अधिकारियों ने 25 से 27 फरवरी तक करीमनगर, आदिलाबाद, वारंगल और निजामाबाद क्षेत्रों के विभिन्न डिपो से श्रद्धालुओं को मंदिर शहर तक पहुंचाने के लिए 778 बसें चलाने का फैसला किया है। दूसरी ओर, श्रद्धालुओं को मुफ्त परिवहन के लिए थिप्पापुर (वेमुलावाड़ा बस स्टैंड) से मंदिर के बीच 14 मिनी बसें भी चलाई जाएंगी। सभी मंदिरों के साथ-साथ मंदिर नगर को आकर्षक लाइटिंग से सजाने के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंडालों की व्यवस्था की गई है। मंदिर के तालाब में ताजे पानी को भरने के अलावा स्नान के लिए शावर की भी व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान के दर्शन के लिए विशेष कतारों की भी व्यवस्था की गई है।

स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, वेमुलावाड़ा नगरपालिका अधिकारियों ने मंदिर परिसर को हमेशा साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए 1200 सफाई कर्मचारियों को तैनात किया है। अस्थायी शौचालय और बायो-मूत्रालय भी स्थापित किए गए हैं। महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अलग से नहाने के लिए शॉवर, चेंजिंग रूम, शिशु आहार केंद्र और अन्य व्यवस्थाएं भी की गई हैं। विशेष पेयजल आपूर्ति केन्द्रों की व्यवस्था करने के अलावा, पानी की आपूर्ति के लिए पानी के टैंकर भी तैनात किए गए हैं। मंदिर के तालाब, संबद्ध मंदिरों, बस स्टैंड और अन्य क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा शिविरों की व्यवस्था की गई है। मंदिर के तालाब के पास वीआईपी पार्किंग स्थल के अलावा, शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सामान्य पार्किंग स्थलों की भी व्यवस्था की गई है।


## CLASSIFIEDS

### सेल डीड खो गया है

मैं, पद्मा वेंकटेशम, पी. रामुलू की संतान, निवासस्थल 8-2-293/बी/109, गायत्री हिल्स, जुबिलि हिल्स, हैदराबाद-033, मकान शिफ्ट करने के दौरान मेरा सेल डीड, दस्तावेज नं. 992/1992 एसआरओ संगारेड्डी, खो गया है। यदि किसी को मिला हो तो कृपया फोन नं.9032000414 पर काल करें।

### JOB BEAUTICIAN

Required Female junior & senior Beauticians. walk in interviews. Shivani Herbal Beauty Parlour, 1st floor, Ashoka Scintilla, above Mebaz, Himayat Nagar Main Road. Ph - 9948925111,9948926111.

### सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।


# सुरंग में फंसे लोगों को बचाने को सरकार हरसंभव प्रयास करेगी- मंत्री कोमटि रेड्डी



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने अधिकारियों को एसएलबीसी सुरंग में फंसे 8 लोगों को बचाने के लिए सभी प्रयास करने का आदेश दिया।

मंत्री ने आज टनल स्थित जय प्रकाश संस्था के कैंप कार्यालय में विश्व प्रसिद्ध रॉबिंस टनल कंपनी ग्रेस के प्रतिनिधि, एल एंड टी कंपनी के प्रतिनिधि, टनल कार्य के विशेषज्ञ इंजीनियर क्रिस कूपर के साथ आपदा प्रबंधन, विशेष मुख्य सचिव अरविंद कुमार, हाइड्रा कमिश्नर ए.वी. रंगनाथ, भारतीय सेना के प्रतिनिधि, एन.डी.आर. बंद, जय प्रकाश संस्था के प्रतिनिधियों, सिंचाई सीईओ अजय कुमार व अन्य वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने त्वरित कार्रवाई कर सुरंग में फंसे लोगों को बचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुरंग दुर्घटना क्षेत्र से मिट्टी हटाने के लिए सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी से बात की गई। आज 100 एच.पी. मोटरों की व्यवस्था की गई है।

एनडीआरएफ कर्मी सुरंग में फंसे लोगों को बचाने के लिए पहले ही कदम उठा चुके हैं।

एनडीआरएफ के प्रमुख ने कहा कि एनडीआरएफ के जवान दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए है। मंत्री ने कहा कि मैं कामना करता हूं कि वे सभी श्रीशैलम मल्लिकार्जुन की कृपा से सुरक्षित रहें।

## एक छात्र की मौत, 2 अन्य घायल

जोगुलम्बा गडवाल, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वड्डेपल्ली मंडल के अंतर्गत शांतिनगर में एक बोलेरो वैन ने एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे एक छात्र की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान बुडामोरसु गांव निवासी इंटरमीडिएट छात्र मुरली के रूप में हुई है।

यह हादसा उस समय हुआ जब मुरली दोपहिया वाहन पर सवार होकर अपने गांव जा रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, बोलेरो वैन ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी और दोपहिया वाहन ने नियंत्रण खो दिया, जिससे मुरली की मौके पर ही मौत हो गई।

## सड़क डिवाइडर से टकराने से 2 प्रवासी मजदूरों की मौत

सिद्दीपेट, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार रात चिन्ना कोडुर मंडल के मल्लाराम स्टेज पर राजीव राहधारी पर हुए सड़क हादसे में दो प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। वे विष्णु (35) और उल्लेश कुमार (37) थे, जो एक निजी क्रशिंग कंपनी में काम करते थे। बताया जा रहा है कि पीड़ितों की बाइक सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिद्दीपेट के सरकारी अस्पताल ले जाया गया।




## योगी की मंत्री ने की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती में भ्रष्टाचार की शिकायत, मचा हड़कंप



लखनऊ, 24 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में भ्रष्टाचार की खबर से हड़कंप मच गया है। विभाग की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने इस संबंध में निदेशक आईसीडीएस को पत्र लिखा है जिसमें आंगनबाड़ी में भर्ती को को लेकर गड़बड़ी की शिकायत की गई है। इस चिट्ठी के बाद पूरे विभाग में हलचल मच गई है। इस पत्र को उच्च स्तर पर गंभीरता से लिया गया है जिसके बाद कई अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ के द्वारा पंजीरी सिंडिकेट को खत्म किया गया था और अब इस विभाग के अधिकारी अपनी कारिस्तानियों को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। राज्यमंत्री प्रतिमा शुक्ला ने आईसीडीएस पत्र लिखा है। इस पत्र में आंगनबाड़ी में कार्यकर्ताओं की गई भर्तियों में गड़बड़ी होने की शिकायत की गई है। जिसमें बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार की बात सामने आई है। राज्यमंत्री का ये पत्र सामने आने के बाद पूरे विभाग में हलचल मच गई है। वहीं उच्च स्तर पर भी इस पत्र को गंभीरता से लिया जा रहा है। इस पत्र में पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई को कहा गया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में जांच तेज हो सकती है। जिसमें कई अधिकारी जांच के घेरे में आ सकते हैं। आरोप सही पाए जाने पर शासन द्वारा कार्रवाई भी की जा सकती है।

## 'महाकुंभ में साफ पानी केवल वीआईपी लोगों को मिला' शिवपाल यादव का योगी सरकार पर हमला



प्रयागराज, 24 फरवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ अब अपने अंतिम दौर में पहुँच चुका है। 26 फरवरी को महाकुंभ में अंतिम स्नान होना है। इस बीच समाजवादी पार्टी लगातार महाकुंभ को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमलावर है, सपा महासचिव शिवपाल यादव ने फिर से महाकुंभ की अव्यवस्थाओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि ये सरकार कुंभ में साफ पानी तक नहीं दे पाई है। सपा नेता शिवपाल यादव ने कहा कि मैंने कई बार कहा कि ये आस्था और व्यवस्था का समन्वय नहीं कर पाएं हैं और इसलिए यह सब हुआ है, ये कुंभ में साफ पानी भी नहीं दे पाए। साफ पानी केवल वीआईपी लोगों को मिला है। इन्होंने प्रचार-प्रसार करके सभी को बुलाया है। कुंभ सदियों पुराना है और हमारी सरकार में भी कुंभ 2 बार लगा था लेकिन, तब यहां कभी अव्यवस्था नहीं हुई और न ही किसी को कोई परेशानी का सामना करना पड़ा। शिवपाल यादव ने कहा कि कुंभ पहले भी लगता ही आया है और जो इन्होंने कहा था कि सौ करोड़ लोग आएंगे तो इनकी गिनती बहुत मजबूत है उन्होंने इसे तो तुरंत गिन लिया लेकिन जो लोग महाकुंभ में मरे, जिनकी भगदड़ में जान चली गई उनकी गिनती अभी तक नहीं हो पाई है। दो-दो जगह भगदड़ में जो मरे उनकी गिनती नहीं कर पा रहे है।

## लखनऊ में विधान भवन के पास दंपति ने किया आत्मदाह का प्रयास, पुलिस ने बचाया

लखनऊ, 24 फरवरी (एजेंसियां)। राजधानी में विधान भवन के पास सोमवार को दंपती ने आत्मदाह करने का प्रयास कयिा। यह देख वहां लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर तैनात आत्मदाह निरोधी दस्ता ने तेजी दखिाते हुए दोनों को बचा लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों से पूछताछ करने पर सामने आया कि कानपुर जिले के बिल्हौर थाने में उनकी बेटी की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज है, लेकिन पुलिस उसमें कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इस मामले में एसीपी विकास जायसवाल ने बताया कि संबंधित एसीपी से संपर्क कर टीम को यहां बुलाया गया है। उनको सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टली

## सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में गवाह से 6 मार्च को होगी जिरह, अमित शाह पर टिप्पणी का मामला



सुल्तानपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई टली। विशेष कोर्ट में परिवादी के अगले गवाह से राहुल गांधी के अधिवक्ता को जिरह करना था। लेकिन गवाह की ओर से परिवादी के अधिवक्ता ने हाजरी माफी लगा दिया। ऐसे में अब 6 मार्च को मामले में सुनवाई होगी। इस साल की शुरुआत में 2 जनवरी और 10 जनवरी को वकीलों की हड़ताल के कारण सुनवाई स्थगित हो गई थी। 30 जनवरी को राहुल के वकील काशी शुक्ला की बीमारी के कारण जिरह नहीं हो सकी। 11 फरवरी को परिवादी से जिरह पूरी हुई। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मान हानि का परिवाद एमपी-एमएलए कोर्ट में दर्ज कराया था।

उन्होंने आरोप लगाया था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने अभद्र टिप्पणी की थी, इससे मैं आहत हुआ हूं। कोर्ट में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली, राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। तब फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में सरेंडर किया। 26 जुलाई को दर्ज हुआ था राहुल गांधी का बयान विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 के दो मुचलके पर जमानत दे दी थी। इसके बाद राहुल गांधी को कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया। दर्जन भर तारीख पड़ने के बाद बीते 26 जुलाई को राहुल कोर्ट में पहुंचे और उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताया, कहा था मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हो रही है। इसके बाद कोर्ट में वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश हुए। वादी के अस्वस्थ होने के कारण भी टली सुनवाई 12 अगस्त को सुनवाई की तिथि थी, जहां विशेष कोर्ट के जज अवकाश पर रहे और सुनवाई टल गई। इसके बाद 23 अगस्त को मामले में सुनवाई इस कारण टली कि वादी मुकदमा भाजपा नेता विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने प्रार्थना पत्र दिया की उनका वादी अस्वस्थ है। कोर्ट ने इस पर 5 सितंबर को सुनवाई की डेट लगाया। सितंबर को सुनवाई के दौरान वादी के अधिवक्ता ने मुकदमें में व्यस्तता के चलते समय मांगते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर 21 सितंबर को सुनवाई हुई, कहा गया कि बार एसोसिएशन के मेडिकल कैम्प के चलते आज सुनवाई नहीं हो सकती जिस पर कोर्ट ने 1 अक्टूबर की डेट लगाया। एक अक्टूबर को भी वादी भाजपा नेता के अस्वस्थ होने की अर्जी दी गई।

तब कोर्ट ने नौ अक्टूबर की तिथि सुनवाई के लिए नियत की थी। नौ अक्टूबर को वादी से राहुल के अधिवक्ता ने तीखे सवाल किए थे। वादी ने यहां साक्ष्य भी पेश किया था। अक्टूबर और नवम्बर में भी जज के अवकाश पर होने से टली थी सुनवाई इसके बाद 17 अक्टूबर को विशेष कोर्ट के जज अवकाश पर चले गए तो सुनवाई टली थी। कोर्ट ने 31 अक्टूबर को सुनवाई की तिथि नियत की गई थी, लेकिन दीपावली के अवकाश के चलते सुनवाई नहीं हुई और 5 नवम्बर की तारीख नीयत हुई थी। 5 नवम्बर को सुनवाई इसलिए नहीं हो सकी थी कि विशेष कोर्ट के जज अवकाश पर थे। 23 नवंबर को भी इसलिए सुनवाई टल गई थी कि दीवानी कोर्ट में विधिक कार्यशाला का आयोजन था। फिर 4 दिसम्बर और उसके बाद 16 दिसम्बर की तिथि सुनवाई के लिए लगाई गई।

## ज्योति हत्याकांडः जिस आशीष को पुलिस यूपी में ढूंढ रही, वह फरीदाबाद की जेल में बंद



कानपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। बहुचर्चित ज्योति हत्याकांड के दोषी आशीष कश्यप को कानपुर पुलिस पूरे प्रदेश में ढूंढ रही है, वह हरियाणा में फरीदाबाद जिला जेल में धोखाधड़ी के मामले में बंद है। इस बात की जानकारी पुलिस को तब मिली जब वह हाल ही में आरोपी के काकादेव स्थित घर पहुंची। पूछताछ के दौरान परिवार वालों ने उसके जेल में होने की बात बताई। इससे पहले तक पुलिस विभिन्न जिलों में उसकी तलाश में दबिश देने में जुटी थी। अब पुलिस उसे कानपुर लाने और कोर्ट में पेश करने के लिए कवायद में जुट गई है। काकादेव के पांडुनगर निवासी बिस्कुट कारोबारी प्रकाश श्यामदासानी की बहू ज्योति की 27 जुलाई को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने जांच के बाद मामले में ज्योति के पति व प्रकाश के बेटे पीयूष को साजिश के तहत भाड़े के हत्यारों से हत्या करवाने का खुलासा किया था।

इस चर्चित हत्याकांड में अपर जिला जज की अदालत ने 21 अक्टूबर 2022 को पीयूष श्यामदासानी, सोनू कश्यप, रेनू उर्फ अखिलेश कनौजिया, आशीष कश्यप, अवधेश चतुर्वेदी और मनीषा माखीजा को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दोषियों ने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने 29 नवंबर 2024 को अपील का निस्तारण कर दिया था। इसमें मनीषा माखीजा को दोषमुक्त करार दिया गया था।

## औरंगाबाद में 25 वर्षीय विवाहिता की गला दबाकर हत्या, यूपी में जूनियर इंजीनियर है पति



औरंगाबाद, 24 फरवरी (एजेंसियां)। दाउदनगर थाना मुख्यालय स्थित शिवपुरी कॉलोनी में विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। मृतका की पहचान बीरई गांव निवासी रवि प्रकाश की 25 वर्षीय पत्नी निशु कुमारी के रूप में हुई है। रवि प्रकाश उत्तर प्रदेश के देवरिया में सिंचाई विभाग में जूनियर इंजीनियर है। निशु ससुरालवालों के साथ दाउदनगर स्थित घर में रहती थी। पुलिस ने मामले में जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। अभी हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। जांच के बाद ही हत्या के कारण का खुलासा हो सकेगा।

# जेडीयू में शामिल होने जा रहा आरएलजेपी का ये नेता

## चिराग और पशुपति के बाद अब याद आए सीएम नीतीश कुमार



पटना, 24 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के सुप्रीमो पशुपति कुमार पारस को एक बार फिर बड़ा झटका लगने वाला है। पारस की पार्टी के कई बड़े नेता धीरे-धीरे खिसकने लगे हैं। प्रदेश प्रवक्ता के पद पर रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता चंदन सिंह अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड में शामिल होने वाले हैं। कल यानी मंगलवार (25 फरवरी, 2025) को वे जेडीयू के प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण करेंगे। जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा उन्हें सदस्यता दिलाएंगे। मौके पर जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता सह एमएलसी नीरज कुमार भी मौजूद रहेंगे। चंदन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 20 सालों में बिहार को बदल दिया है। बिहार को प्रगति के रास्ते पर लाया है। बिहार का पूरा आवाम उनसे प्रभावित है। उसी से प्रभावित होकर उन्होंने भी नीतीश कुमार की पार्टी (जेडीयू) में शामिल होने का मन बनाया है।

**पार्टी में प्रदेश प्रवक्ता का मिल सकता है पद**

चंदन सिंह ने कहा कि जेडीयू में अन्य नेता भी बिहार के विकास और काम के प्रति हमेशा चिंतित रहते हैं। उन लोगों के साथ रहकर बिहार के विकास के लिए हम काम करना चाहते हैं। चंदन सिंह ने कहा, हमें जेडीयू की ओर से आश्वासन मिला है कि प्रदेश प्रवक्ता का पद दिया जाएगा। वैसे पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को क्यों छोड़ रहे हैं? इस पर चंदन सिंह ने कहा कि हम पहले चिराग पासवान के साथ थे, लेकिन पशुपति पारस का देश और बिहार के विकास के प्रति उस समय स्टैंड अच्छा था। ऐसे में उस समय उनकी पार्टी में शामिल हुए थे। बीते दिनों में पार्टी और पार्टी के जो सुप्रीमो पशुपति पारस हैं उनका स्टैंड धीरे-धीरे बदलने लगा है। वह रास्ते से भटक गए हैं। चंदन सिंह ने कहा कि पहले वह (पशुपति पारस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए का गुणगान करते थे। अब वह लालू प्रसाद यादव और आरजेडी के करीब होने लगे हैं।

## मथुरा में हंगामे के बाद सगी बहनों की टूटी शादी लौटे रिश्तेदार; माथा पकड़ बैठ गए पिता



मथुरा, 24 फरवरी (एजेंसियां)। दबंगों ने सड़क से पहले निकलने के विवाद में बड़ी घटना को अंजाम दे डाला। दलितों की शादी में हमला बोल दिया। वरमाला के लिए सजकर आ रही दो सगी दुल्हन बहनों को कार से खींचकर पीटा। उनसे छेड़खानी की और कीचड़ फेंका। इसके बाद साथियों के साथ शादी के मंडप में जा पहुंचे। वहां खड़ी दो कारों को ट्रैक्टर से टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। दूल्हे के पिता का डंडे से सिर फोड़ दिया फिर बरातियों को बेरहमी से पीटा। विवाद के बाद दहशत में आया दूल्हा पक्ष रिश्ता तोड़कर चला गया। उन्होंने वधु पक्ष को दिया सामान भी वापस ले लिया। दुल्हन के पिता ने 15 लोगों के विरुद्ध छेड़छाड़, लूटपाट और एससी/एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दो आरोपित रोहताश और पिंटल को गिरफ्तार किया है। पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दो सगी बहनों की शादी नहीं होने से गांव में दुख का माहौल है। तनाव की स्थिति को देख पुलिस हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। शादी के दौरान हुए हंगामे के बाद किसी ने खाना नहीं खाया। रविवार को स्वजन ने सब्जियां फेंकीं और सामान को एक कमरे में रखवाया। गांव में बंटवाने के लिए बनवाए गए लड्डू भी धरे रह गए। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है। पुलिस एवं प्रशासनिक अफसर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं।

## तंत्र-मंत्र के चक्कर में 10 कुत्तों को मारकर दफनाया

कानपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। कानपुर के किदवई नगर में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां तंत्र-मंत्र के चक्कर में एक युवक ने 10 कुत्तों को मार दिया। आशंका जताई जा रही है कि 10 बेजुबानों पीट-पीटकर हत्या कर कर दी गई। हत्या के बाद आरोपी ने अपने कमरे के बगल में ही सभी कुत्तों के शव दफना दिए और उनकी कब्र पर बिस्किट-फूलमाला और पानी भी रख दिया। जहां कुत्तों को दफनाया गया था, उसके पास ही हनुमान जी का मंदिर है। पूजा करने आए लोगों ने कब्र देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। कुत्तों को दफनाए जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुटी है। स्थानीय लोगों का दावा है कि तंत्र-मंत्र के चक्कर में ऐसा किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। किदवई नगर थाना क्षेत्र में साईट नंबर वन रतनलाल शर्मा स्टेडियम के पास डबल पानी की टंकी का पार्क है। पार्क में कर्मचारी के लिए, जल संस्थान ने एक कमरा बनवाया है, जो कुछ समय तक खाली पड़ा था। कुछ समय बाद उस कमरे में एक युवक रहने लगा। युवक को इस कमरे में रहते हुए सालों बीत गए। इसी कमरे के बगल में हनुमान जी का एक मंदिर है। मंदिर में चार कुत्ते और उनके छह बच्चे रहते थे। मंगलवार सुबह से सभी गायब थे। जब खोजबीन की गई, तो कमरे के पीछे तीन से पांच कब्र बनी दिखीं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई तो कुत्तों की हत्या का खुलासा हुआ। स्थानीय लोग मंदिर के बगल वाले कमरे में रह रहे कल्लू नाम के युवक पर हत्या का शक जता रहे हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे और लाइटें भी तोड़ दी थीं। जांच में पुलिस को खून से सना एक डंडा कब्र के पास पड़ा मिला। स्थानीय लोग तंत्रमंत्र-टोना टोटका की वजह से कुत्तों की हत्या की बात मान रहे हैं।

## ' मेरा परिवार जांच को तैयार'

### धर्मात्मा निषाद सुसाइड केस में आरोप लगने पर बोले संजय निषाद



महाराजगंज, 24 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में निषाद पार्टी के कार्यकर्ता धर्मात्मा निषाद की आत्महत्या मामले पर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में निषाद पार्टी के मुखिया और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और उनके बेटे पर गंभीर आरोप लगे हैं जिसके बाद अब संजय निषाद ने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि वो और उनका परिवार हर तरह की जांच के लिए तैयार है। संजय निषाद ने अपने आवास पर पार्टी के दिवंगत नेताओं के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने कहा कि आज निषाद पार्टी जिस मुकाम पर पहुंची है वो अपने कार्यकर्ताओं की बदौलत पहुंची है। पार्टी के सदस्यों की मेहनत और लगन की वजह से ही वो मंत्री बने हैं। इसी दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ता धर्मात्मा निषाद की आत्महत्या को लेकर उठ रहे सवालों का भी जवाब दिया और कहा कि वो मेरे और मेरे परिवार पर इसे लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं इसलिए वो चाहते हैं कि इस मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वो और उनका परिवार इस जांच के लिए तैयार हैं और वो इस मामले में सीबीआई का पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि इस मामले में उच्चस्तरीय जांच कमेटी का गठन हो और जो भी दोषी हो उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इस तरह के आरोपों से बचने का एक ही उपाय है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## दरोगा जी का 8 साल पुराना कांड आया सामने, दूल्हा बनने से पहले ही हो गई जेल; ऐसा क्या किया था?



वैशाली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के वैशाली जिले से शादी का झांसा देकर यौन करने वाले आरोपी दरोगा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान युवती के साथ शादी का झांसा देकर कई बार संबंध बनाए, लेकिन जैसे ही वह दरोगा बना उसने युवती से शादी करने से इंकार कर दिया। युवती ने पुलिस को आरोपी के खिलाफ कई ठोस सबूत दिखाए थे। जिसके बाद उसके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। बिहार की वैशाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण करने वाले दरोगा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार दरोगा का नाम राहुल कुमार है, जो 2019 बैच का अधिकारी है। पीड़ित युवती ने हाजीपुर महिला थाने में यौन शोषण के मामले में आरोपी दरोगा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इस दौरान उसने पुलिस को कई सबूत भी उपलब्ध कराए थे। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इस समय राहुल वैशाली जिले के बिदुपुर थाना में तैनात था, जहां से उसकी गिरफ्तारी हुई है।

# बीमा भारती पर सौतन गुड़िया मंडल ने लगाया गंभीर आरोप, कहा- मेरी हत्या करवाना चाहती थी





भवानीपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। (पूर्णिया)। रुपौली की पूर्व विधायक बीमा भारती द्वारा भवानीपुर पुलिस में चोरी की शिकायत दर्ज कराने का मामला अब नया मोड़ ले चुका है। बीमा भारती की सौतन और अवधेश मंडल की दूसरी पत्नी गुड़िया मंडल ने बीमा भारती और उनके भाई अशोक मंडल पर ही चोरी कराने और उनकी हत्या की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं, गुड़िया मंडल ने भवानीपुर थाना में लिखित शिकायत देते हुए कहा कि बीमा भारती ने ही बदमाशों को उनके घर में चोरी करने भेजा और इसके पीछे असली मकसद उनकी हत्या करना था। गुड़िया मंडल ने लगाए गंभीर आरोप उन्होंने बताया कि वह अपने पति अवधेश मंडल के साथ इस मकान में रहती थीं, लेकिन पति के जेल जाने के बाद से वे एक निजी हाउस गार्ड के साथ अकेली थीं। घटना के दिन संयोग से वह अपने मायके गई हुई थीं और उनका निजी गार्ड भी अपने घर गया था। गुड़िया का दावा है कि अगर वह उस दिन घर में होतीं, तो उसकी हत्या हो सकती थी। आवेदन छीनकर फाड़ने का भी आरोप गुड़िया मंडल ने लगाया है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद जब उन्होंने भवानीपुर थानाध्यक्ष को आवेदन देने की कोशिश की, तो बीमा भारती ने वह आवेदन जबरन छीनकर फाड़ दिया और खुद एक नया आवेदन बनाकर पड़ोसियों को झूठा फंसाने की साजिश रची। इसके बाद उन्होंने भवानीपुर थानाध्यक्ष को लिखित शिकायत देकर निष्पक्ष जांच और असली दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। गुड़िया मंडल ने कहा कि बीमा भारती ने अपने पति अवधेश मंडल से केवल एक बार जेल में मुलाकात की थी, वह भी अपने बेटे राजा की जमानत के सिलसिले में। इसके बाद से उन्होंने न तो अपने पति की कोई खबर ली और न ही उनसे मिलने गईं। वहीं, गुड़िया मंडल ने बीमा भारती और उनके भाई अशोक मंडल से अपनी जान का खतरा बताते हुए प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो उनकी जान को खतरा बना रहेगा। इस पूरे मामले को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले में क्या कदम उठाती है और क्या वाकई चोरी की इस घटना के पीछे कोई गहरी साजिश थी। बीमा भारती ने इस आरोप के संबंध में कहा की इस तरह की कोई बात नहीं है यह आरोप पूरी तरह से निराधार है।

## पूर्णिया में हथियार की तस्करी करने वाले गिरोह का भड़ाफोड़

पूर्णिया, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्णिया के सरसी थाना की पुलिस ने अवैध हथियार की खरीद फरोख्त का कारोबार करने वाले गिरोह का भड़ाफोड़ किया है। पुलिस ने एक देशी कट्टा और 8 जिंदा कारतूस के साथ एक हथियार तस्कर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ाए हथियार तस्कर का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया है। पकड़ाए गए युवक की पहचान सरसी थाना क्षेत्र के सरसी निवासी शैलेन्द्र झा के बेटे बेचन झा के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए बनमनखी एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि सरसी थानाध्यक्ष मनीष चंद्र यादव को गुप्त सूचना मिली कि सरसी का बेचन झा अवैध हथियार की खरीद फरोख्त का गिरोह चला रहा है। मिली सूचना पर एसपी कार्तिकेय शर्मा के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम को लीड कर रहे सरसी थानाध्यक्ष मनीष चंद्र यादव और एसआई आयुष राज ने छापेमारी करते हुए हथियार तस्कर बेचन झा को एक देशी कट्टा और 8 जिंदा कारतूस, दो मोबाईल फोन और हथियार की तस्करी में उपयोग किये जा रहे अल्टो कार के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## नशेड़ी पति का गुस्सा बच्चों पर निकाला, सो रहे तीन मासूमों को कुएं में फेंका, सभी की मौत

समस्तीपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के समस्तीपुर से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां ने ही अपनी तीन बच्चों की हत्या कर दी। महिला का अपने पति से नशे को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद उसने तीन बच्चों को सोते हुए घर के पास एक कुएं में फेंक दिया था। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों बच्चों के शवों कुएं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही माता-पिता को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। समस्तीपुर जिले के चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर ठहरा गांव में एक कलयुगी मां ने अपने तीन बच्चों को कुएं में फेंक दिया। आरोपी माता-पिता के बीच पिछले काफी से अनबन चल रही थी। शनिवार को भी दोनों के बीच शराब के नशे को झगड़ा हुआ था। इसके बाद पति की बातों से बौखलाई महिला ने अपने तीनों बच्चों को सोते समय कुएं में फेंक दिया। जिससे तीन मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। इस बात की पुष्टि बच्चों के पिता ने की है। गांववालों ने बताया कि पति-पत्नी को लेकर आए दिन शराब को लेकर विवाद होता था। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच खूब लड़ाई हुई थी। इसके बाद सीमा ने अपने बच्चों को घर के मौजूदा में जर्जर कुएं में फेंक दिया। मामले की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन बच्चों के शव को कुएं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बच्चों के हत्या के आरोप में पिता चंदन कुमार महत्ता और मां सीमा को गिरफ्तार कर लिया।

## मणिपुर ड्रोन हमला में एनआईए का खुलासा दिल्ली और हरियाणा से भेजे गए थे ड्रोन

इंफाल, 24 फरवरी (एजेंसियां)। मणिपुर में हुए ड्रोन हमले पर एनआईए ने खुलासा किया है। दिल्ली और हरियाणा से भेजे गए ड्रोन से वहां हमला हुआ। दिल्ली के रमेश नगर और हरियाणा के रोहतक से ड्रोन भेजे गए थे। दिल्ली के मयंक शर्मा और रोहतक के विक्रम चौधरी ने मणिपुर में ड्रोन सप्लाई किए थे। पिछले साल सितंबर में मणिपुर में ड्रोन से हमला हुआ था। ड्रोन के ज़रिए यहां 40 बम फेंके गए थे। इस ड्रोन हमले में एक महिला की मौत हुई थी तो वहीं 6 साल की बच्ची भी घायल हुई थी। मणिपुर के इतिहास में ये पहला मामला था जब हमले के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। एनआईए जांच में सामने आया लैकांगबाम अल्बर्ट सिंह ने दिल्ली में मयंक और रोहतक के विक्रम से ड्रोन और बैट्री खरीदा था। मणिपुर की एनआईए कोर्ट में एनआईए ने अपनी इन्वेस्टीगेशन रिपोर्ट में खुलासा किया है। मणिपुर के संघर्ष में कुकी उग्रवादियों ने मैतई समुदायों के गांवों पर बम से हमला किया था। यहां पर ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। इंफाल पश्चिम जिले में सेजम चिरांग और पास के कोऊतरक में ड्रोन से हमलों के कारण तीन लोग घायल हो गए थे। घायलों में से एक की पहचान वाथम सनातोनबी देवी के रूप में हुई। ड्रोन से किए गए बम हमले के कारण उनके घर में काफी बड़ा होल हो गया था। सितंबर 2024 के महीने में मणिपुर के पूर्व सीएम के घर पर भी हमला किया गया था। ये हमला रॉकेट से किया गया था। जिस समय पूर्व सीएम की छत पर हमला हुआ, उस समय उनके यहां धार्मिक समारोह की तैयारियां चलाई जा रही थीं।

# कुआं और मस्जिद सार्वजनिक जमीन पर यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को भेजी स्टेटस रिपोर्ट



संभल, 24 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार ने संभल मामले पर सुप्रीम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की है। यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से स्थिति रिपोर्ट में कहा कि कुआं सार्वजनिक भूमि पर स्थित है। कुआं वैसे भी मस्जिद/विवादित धार्मिक स्थल का परिसर के भीतर नहीं है, बल्कि मस्जिद भी सार्वजनिक भूमि पर स्थित है। मौजूदा मस्जिद समिति का आवेदन विवादित स्थल के मामले के दायरे से पूरी तरह बाहर है। मस्जिद समिति प्रयास कर रही है कि सार्वजनिक कुएं पर निजी अधिकार बनाएं। कुआं उन 19 कुओं का हिस्सा है जो जिला प्रशासन की ओर से पुनर्जीवित किए जा रहे हैं। बारिश के पानी का संचयन और जल पुनर्भरण के बाद सभी समुदायों की ओर से उपयोग किया जा सकेगा। इन प्राचीन कुओं का पुनरुद्धार किया जा रहा है। सांस्कृतिक रूप से भी संभल में पर्यटन को आकर्षित करेगा। ऐतिहासिक रूप से ये क्षेत्र काफी अहमियत रखती है। मस्जिद समिति का आवेदन पुनरुद्धार प्रक्रिया को ना सिर्फ विफल करने का प्रयास है, बल्कि क्षेत्र का संरक्षण, विकास एवं पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है।

**हम शांति और सद्भाव के लिए प्रतिबद्ध**

राज्य सरकार इस क्षेत्र में शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जैसा कि सुनवाई के दौरान किया गया था। कुओं के जनता के उपयोग पर कोई रोक उचित नहीं है। बड़े पैमाने पर समुदाय की ओर से कुओं की मांग की जा रही है। यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि मस्जिद समिति के आवेदन को रद्द किया जाना चाहिए। मौजूदा स्थिति रिपोर्ट पिछले महीने जारी किए गए आदेश के मद्देनजर है।

**सुप्रीम कोर्ट की ओर से लगाई गई रोक**

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को संभल के प्रशासन को विवादित कुएं वाले हिस्से को लेकर किसी भी तरह के फैसले लेने पर रोक लगाई थी। शाही जामा मस्जिद के इस कुएं वाला हिस्सा आधा मंदिर के अंदर और आधा बाहर है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से इस मामले में सामाजिक सौहार्द रखने पर जोर देने की बात कही थी।

## आप का बड़ा फैसला, एमसीडी ने माफ किया पुराना हाउस टैक्स

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में एमसीडी ने लोगों को दी बड़ी राहत। इस साल का हाउस टैक्स भरने पर पुराना टैक्स माफ किया जाएगा। 2024 और 25 का हाउस टैक्स भरने पर बकाया टैक्स माफ किया जाएगा। साथ ही 100 गज से लेकर 500 गज में बने मकानों का हाउस टैक्स आधा किया जाएगा। 100 गज से कम में बने मकानों का हाउस टैक्स पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। रिहायशी मकानों में जहां दुकानें चल रही हैं वहां भी हाउस टैक्स को माफ किया जाएगा। 1300 से ज्यादा हाउसिंग अपार्टमेंट्स ऐसे थे जिनको हाउसिंग टैक्स का फायदा नहीं मिलता था उनका भी 25% हाउस टैक्स माफ किया जाएगा। 25 फरवरी को एमसीडी की होने वाली बैठक में सदन में प्रस्ताव रखा जाएगा। टैक्स फ्री को लेकर की गई ये घोषणा एमसीडी मेयर महेश खिंची, डिप्टी मेयर रविंदर भारद्वाज और सदन के नेता मुकेश गोयल की ओर से की गई। इस योजना में अलग-अलग आकार की संपत्तियों के लिए बहुत से फायदों को शामिल किया गया है। 100 वर्ग गज से कम की संपत्तियों को पूरी तरह से कर से छूट मिलेगी, जबकि 100 से 500 वर्ग गज के बीच की संपत्तियों को 50 प्रतिशत कर में छूट मिलेगी। यह पहल पुनर्वास क्षेत्रों में वाणिज्यिक संपत्तियों तक फैली हुई है, जिन्हें कर में छूट मिलेगी। इसके अतिरिक्त, 1,300 आवासीय अपार्टमेंट के निवासियों को अब 25 प्रतिशत कर में छूट मिलेगी, एक ऐसा लाभ जो उन्हें पहले नहीं मिलता था। मेयर महेश खिंची ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जो वादा किया था, उसे हमने पूरा किया है।

## 19 मार्च की वार्ता में नहीं निकला हल तो 25 मार्च को होगा दिल्ली कूच, किसान नेता का एलान



राजपुरा, 24 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली कूच को लेकर किसान नेताओं की रविवार को शंभू बॉर्डर पर हुई बैठक के बाद सोमवार सुबह एक बार फिर दोनों पक्षों के नेताओं की बैठक हुई। बैठक के बाद किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि फिलहाल 25 फरवरी को दिल्ली कूच का फैसला टाल दिया गया है। पंधेर ने कहा कि केंद्र सरकार से पहले दो मीटिंग हो चुकी हैं। अब 19 मार्च को फिर मीटिंग है। अगर उस मीटिंग में भी कोई हल नहीं निकलता तो 25 मार्च को 101 किसानों का जत्था दिल्ली कूच करेगा। यह फैसला किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के नेताओं की बैठक में लिया गया। फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) समेत कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों के प्रतिनिधिमंडल और केंद्र सरकार के बीच शनिवार को चंडीगढ़ में हुई छठे दौर की बैठक भी बेनतीजा रही थी। बैठक करीब ढाई घंटे चली थी, लेकिन इसमें कोई समाधान नहीं निकला। अब अगली बैठक 19 मार्च को होगी। बैठक के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बैठक अच्छे माहौल में हुई। कुछ आंकड़े मांगे गए हैं। किसानों के पास अपने आंकड़े हैं और केंद्र सरकार के पास अपना डेटा है। दोनों आंकड़ों को मिलाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रह्लाद जोशी और पीयूष गोयल ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील की। डल्लेवाल ने उनसे कहा कि जब तक सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी नहीं मिलती अनशन खत्म नहीं होगा। डल्लेवाल खनौरी बॉर्डर से एंबुलेंस में पहुंचे थे। पंजाब सरकार की तरफ से कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, वित्त मंत्री हरपाल चीमा और लाल चंद कटारूचक्क मौजूद थे। किसानों की तरफ से संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के प्रमुख जगजीत सिंह डल्लेवाल व किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर की अगुआई में 28 किसान नेता शामिल हुए।

## क्या है पीएम मोदी का ये अभियान? जिससे जुड़े उमर अब्दुल्ला

### सीएम ने दीपिका पादुकोण समेत 10 लोगों को भी किया शामिल



जम्मू, 24 फरवरी (एजेंसियां)। कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पीएम मोदी के अभियान से जुड़कर खुशी जताई है। सीएम अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मोटापे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान से जुड़कर खुश हैं। अब्दुल्ला ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट लिखी है। इस पर सीएम ने लिखा, 'मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मोटापे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान से जुड़कर बहुत खुश हूं।' मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के अभियान से जुड़ने के लिए 10 लोगों को नामित किया। सीएम अब्दुल्ला ने कहा, 'मोटापे के कारण हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह, पक्षाघात और सांस लेने की समस्या जैसी जीवनशैली से जुड़ी कई स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं,
साथ ही चिंता और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियां भी पैदा होती हैं।' सीएम ने कहा, 'आज मैं मोटापे के खिलाफ प्रधानमंत्री के अभियान में शामिल होने के लिए इन 10 लोगों को नामित कर रहा हूं और उनसे इस लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए 10-10 और लोगों को नामित करने का अनुरोध कर रहा हूं।' अब्दुल्ला द्वारा नामित लोगों में बायोकॉन की प्रबंध निदेशक किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति सज्जन जिंदल, अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, पूर्व टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा, पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान, सांसद सुप्रिया सुले और पूर्व वुशु खिलाड़ी कुलदीप हांडू शामिल हैं।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट:मोदी बोले

### 10वीं-12वीं की परीक्षा, इसलिए लेट आया; एमपी ईवी क्रांति में लीडिंग स्टेट; निवेश का यही समय, सही समय



भोपाल, 24 फरवरी (एजेंसियां)। भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया को भारत से बहुत सारी उम्मीदें हैं। वे चाहे सामान्य जन हों, नीतिगत जानकार हों, देश हों या फिर संस्थान हों। पिछले कुछ हफ्तों में जो कमेंट आए हैं वो भारत के हर निवेशक का उत्साह बढ़ाने वाले हैं। विश्व बैंक ने कहा है भारत आने वाले सालों में ऐसे ही दुनिया की फास्टेस्ट ग्रोइंग इकॉनॉमी बना रहेगा। मोदी ने कहा कि यूएन की एक संस्था ने भारत को सोलर पावर की सुपर पावर कहा था। यह भी कहा, जहां कई देश सिर्फ बातें करते हैं, वहीं भारत नतीजे लाकर दिखाता है। पीएम मोदी ने एमपी को लेकर कहा कि जहां कभी खराब सड़कों के कारण बसें तक नहीं चल पाती थीं वो एमपी आज देश की ईवी क्रांति के लीडिंग स्टेट में से एक है। जनवरी 2025 तक करीब दो लाख ईवी एमपी में रजिस्टर्ड हुए। ये करीब 90 फीसदी ग्रोथ है। पीएम मोदी ने इससे पहले समिट की शुरुआत करते हुए कहा कि 10वीं-12वीं की परीक्षा के कारण यहां आने में देरी हुई, इसके लिए क्षमा चाहता हूं। बच्चों की सुविधा को देखते हुए मैंने अपना कार्यक्रम बदला। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- सबसे पहले तो मुझे यहां आने में विलंब हुआ, इसके लिए आप सबसे क्षमा चाहता हूं। विलंब इसलिए हुआ कि कल जब मैं यहां पहुंचा तो एक बात ध्यान में आई कि आज 10वीं और 12वीं के छात्रों का एग्जाम है। मेरा राजभवन से निकलने का समय क्लैश हो रहा था। समिट को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव के समय मैंने कहा था कि अपने तीसरे टर्म में हम तीन गुना तेजी से काम करेंगे। ये आप साल 2025 के पहले 50 दिनों में देख रहे हैं। इसी महीने हमारा बजट आया है। इसमें मिडिल क्लास को एमपॉवर करने के कदम उठाए हैं। 12 लाख तक इनकम टैक्स फ्री की है। आरबीआई ने भी ब्याज दरें घटाई हैं।

## 20 मार्च तक बीजेपी को मिल सकता है नया राष्ट्रीय अध्यक्ष

### एक महीने में 6 राज्यों में चुने जाएंगे नए अध्यक्ष



नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी को 20 मार्च तक नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है। फिलहाल जेपी नड्डा यह जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, लेकिन वह केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं। उनके जिम्मे रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय है। सूत्रों के अनुसार पार्टी अगले महीने नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन सकती है। 12 राज्यों में बीजेपी के अध्यक्ष का चुनाव पूरा हो चुका है। जल्दी ही 6 और राज्यों के अध्यक्ष के चुनाव पूरे होंगे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है। नियम के अनुसार 18 राज्यों में अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी।
बीजेपी के संविधान के अनुसार कम से कम आधे प्रदेशों के चुनाव होने के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है। जेपी नड्डा से पहले अमित शाह और राजनाथ सिंह भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं।

## भगवंत मान कभी भी थाम सकते हैं बीजेपी का दामन कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा का बड़ा दावा



चंडीगढ, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब विधानसभा में नेता विपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान कभी भी बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। आम आदमी पार्टी के 35 से 40 विधायक भी बीजेपी के संपर्क में है। कांग्रेस नेता बाजवा ने कहा कि भगवंत मान केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के जरिए केंद्र सरकार के साथ लगातार संपर्क में हैं और कभी भी बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। बाजवा ने ये भी दावा किया कि आप के 35 से 40 विधायक भी बीजेपी आलाकमान और केंद्रीय गृह मंत्रालय के संपर्क में है जो कभी भी आम आदमी पार्टी को छोड़कर बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, बाजवा ने कहा कि जो विधायक बीजेपी के संपर्क में हैं वो भगवंत मान की वजह से नहीं हैं। भगवंत मान के साथ तो खुद उनके परिवार के लोग भी नहीं है और ना ही कोई विधायक हैं। लेकिन दिल्ली चुनाव में मिली हार के बाद आम आदमी पार्टी के विधायक अब बीजेपी के संपर्क में आ चुके हैं। प्रताप सिंह बाजवा ने दावा किया कि जैसे ही अरविंद केजरीवाल पंजाब से भगवंत मान को हटाने की तैयारी करेंगे वैसे ही भगवंत मान पाला बदलकर बीजेपी में आ जाएंगे। हालांकि, बीजेपी ने कांग्रेस नेता के इस दावे को खारिज कर दिया है। पंजाब बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और पठानकोट से विधायक अश्विनी शर्मा ने कहा कि हमें पंजाब में सरकार बनाने के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि आम आदमी पार्टी को तो पहले ही जनता नकार चुकी है। अश्विनी शर्मा ने कहा कि अगर पंजाब में आज चुनाव हो जाएं तो बीजेपी अपने दम पर सरकार बना सकती है और हमें पूरी उम्मीद है

## पादरी की पत्नी के साथ गैंगरेप, सिर पर हाथ रखकर किया बेहोश, चार पर केस

जालंधर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। जालंधर के थाना डिवीजन नंबर 6 की पुलिस ने पादरी की पत्नी के साथ गैंगरेप करने वाले चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार श्री फतेहगढ़ साहिब के एक पादरी की पत्नी के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस को दिए गए बयान में फतेहगढ़ साहिब के रहने वाले पास्टर की पत्नी ने बताया कि वह ईसाई समाज से संबंध रखती हैं और अक्सर धार्मिक प्रचार के लिए पंजाब के विभिन्न जिलों में आती जाती रहती हैं। उनके साथ उनके पति और अन्य लोग भी होते हैं। जालंधर के पास्टर फैरिस मसीह उनके जानकार थे और उनके साथ वह जालंधर में प्रचार कर चुकी थी।

## कोलकाता ट्रिपल मर्डर मिस्ट्री, पोस्टमॉर्टम में खुलासा-महिलाओं की हत्या हुई

### पुलिस बोली- कर्ज के बावजूद परिवार आलीशान जिंदगी जी रहा था, पतियों की गिरफ्तारी संभव

कोलकाता, 24 फरवरी (एजेंसियां)। कोलकाता में 19 फरवरी को डे परिवार में एक नाबालिग लड़की समेत एक ही परिवार के तीन सदस्यों की रहस्यमयी मौत हो गई थी। इसी परिवार के तीन पुरुष एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसी में से एक ने अपने परिवार में हुई मौतों के बारे में पुलिस को सूचित किया था। ये तीनों लोग घायल हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। एक्सीडेंट में जख्मी हुए लोग (प्रणय और प्रसून डे) मृत महिलाओं के पति हैं। पुलिस को इन्हीं दोनों भाइयों पर अपनी पत्नियों और नाबालिग की हत्या का संदेह है। पुलिस बोली- परिवार आर्थिक तंगी के बावजूद आलीशान जीवन जी रहे थे। मामले की जांच कर रही पुलिस को कई जानकारी हाथ लगी है। पुलिस ने बताया कि परिवार पर भारी कर्ज था और आर्थिक तंगी से बावजूद वे आलीशान जीवन जी रहे थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि चमड़े के सामान का कारोबार करने वाले डे परिवार पर भारी कर्ज हो गया था, जिसके कारण दोनों भाइयों ने इतना बड़ा कदम उठाया होगा।
जांच अधिकारी ने बताया कि दोनों महिलाओं की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और एक लड़की के शव से पता चला है कि उनकी हत्या की गई है। इसे पहले आत्महत्या का मामला बताया गया था। लेकिन बाद में पता चला कि महिलाओं के हाथों की नसें कटी हुई थीं। गर्दन पर गहरे घाव थे। पता चला कि चोटों के कारण उसकी मौत हो गई।

## शिवराज के बाद अब सुनील जाखड़ को फ्लाइट में मिली टूटी सीट, एक्स पर बयां किया दर्द, डीजीसीए से की शिकायत



चंडीगढ़, 24 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एयर इंडिया की फ्लाइट में टूटी सीट मिलने के बाद अब पंजाब बीजेपी के प्रमुख सुनील जाखड़ ने भी चंडीगढ़-दिल्ली फ्लाइट की टूटी सीटों की तस्वीरें साझा करते हुए सवाल खड़े किए हैं। साथ ही सुनील जाखड़ ने विमानों में टूटी हुई सीटों को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से शिकायत भी की। सुनील जाखड़ ने एक्स पर सीटों की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि यहां 27 जनवरी को इंडिगो चंडीगढ़-दिल्ली की फ्लाइट की कुछ तस्वीरें हैं, जिनमें कई सीटों पर गद्दे ढीले-ढाले दिख रहे हैं और सुरक्षा नियमों के अनुरूप नियमित रूप से फिट की गई सीटें नहीं हैं। उन्होंने आगे लिखा कि केबिन क्रू ने हमेशा की तरह विनम्र रहते हुए भी इस बारे में कुछ भी करने में असमर्थता जताई और कहा कि मुझे कंपनी की वेबसाइट पर शिकायत करनी चाहिए। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुझे सीटों के ढीले गद्दों या आराम की चिंता नहीं है। मैं इसलिए लिख रहा हूं ताकि डीजीसीए ये सुनिश्चित कर सके कि इन दो प्रमुख एयरलाइंस का ये 'चलता है' रवैया विमान की सर्विसिंग और रखरखाव के दौरान सुरक्षा मानदंडों के पालन पर लागू ना हो।

**इंडिगो ने दी सफाई**

सुनील जाखड़ के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए इंडिगो ने कहा कि सर, हमारी सीटें हटाने योग्य कुशनों के साथ डिजाइन की गई हैं, जिन्हें वेल्क्रो की मदद से सुरक्षित किया जाता है, ताकि सफाई और रखरखाव में आसानी हो। ये कुशन ढीले हो सकते हैं और बेहतर आराम के लिए फिर व्यवस्थित करने की जरूरत हो सकती है। यात्रियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और सीटों के डिजाइन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**शिवराज चौहान ने जताई थी नाराजगी**

इससे पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एअर इंडिया की फ्लाइट में टूटी हुई सीट मिलने पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि उन्होंने 8सी सीट पहले से बुक की थी, लेकिन जब फ्लाइट में पहुंचे, तो वह टूटी और धंसी हुई थी। एअर इंडिया ने इस मामले पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए माफी मांगी थी और कहा था कि इस समस्या की जांच की जा रही है। इन घटनाओं के बाद विमानन क्षेत्र में सुरक्षा और यात्री अनुभव को लेकर नई बहस छिड़ गई है।

## केसीसीबी बीओडी में भी गया था लोन मामला, विजिलेंस जांच में खुलासा




शिमला, 24 फरवरी (एजेंसियां)। केसीसीबी के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर करोड़ों रुपये की लोन धोखाधड़ी मामले में विजिलेंस जांच में एक और खुलासा हुआ है। आरोपी बैंस को लोन देने का मामला कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के निदेशक मंडल की बैठक में भी गया था। यहां पर चर्चा होने के बाद लोन दिया गया। ऐसे में अब विजिलेंस पूर्व निदेशक मंडल के सदस्यों से भी पूछताछ करेगी। जांच को आगे बढ़ाने के लिए विजिलेंस इन सदस्यों को बारी-बारी पूछताछ के लिए बुलाने जा रही है। बैंक के एमडी और अन्य अधिकारियों से भी इस मामले में पूछताछ चल रही है। हालांकि अभी आरोपी बैंस अंतरिम जमानत पर चल रहा है।दरअसल पूर्व सरकार के कार्यकाल में लोन का आवंटन हुआ है। बैंस से हुई पूछताछ में जांच को आगे बढ़ाने के लिए विजिलेंस को कई अहम सबूत मिले हैं। निदेशक मंडल के सदस्यों के बाद बैंक के पूर्व चेयरमैन और प्रबंध निदेशक को विजिलेंस कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया जाना है। पूछताछ में यह भी पता चला है कि आरोपी के खिलाफ विजिलेंस की ओर से दर्ज मामले की जानकारी नाबार्ड, आयकर विभाग, आरबीआई को दे दी गई है। उल्लेखनीय है कि मैसर्स हिमालय स्नो विलेज और होटल लेक पैलेस के मालिक बैंस पर आरोप है कि उसने बैंक स्टाफ से मिलीभगत कर फर्जी तरीके से लोन ले लिया।

## 'होलेलुइया' क्या है, जिससे पोप फ्रांसिस को 'ठीक' करने की सलाह राजा भइया ने दी




प्रतापगढ़, 24 फरवरी (एजेंसियां)। राजा भइया ने कैथोलिक चर्च के धर्मगुरू पोप फ्रांसिस की नाजुक सेहत पर एक टिप्पणी की है। रघुराज प्रताप सिंह नाम से लोकप्रिय राजा भइया प्रतापगढ़ जिले की कुंडा विधाननसभा सीट से विधायक हैं। 1993 से लगातार सातवीं दफा विधायक चुने गए राजा भइया ने 2018 में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की स्थापना की थी। भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी की सरकार मे कई मंत्रालयों का जिम्मा संभाल चुके राजा भइया ने पोप फ्रांसिस की खराब सेहत पर कहा है कि भारत के ईसाई धर्मगुरुओं को वेटिकन सिटी जाकर पोप फ्रांसिस को ठीक करने के बारे में सोचना चाहिए। इसके लिए उन्होंने 'हालेलुइया' का सहारा लेने की सलाह दी है। राजा भइया ने कहा है कि "आदिवासियों और अशिक्षितों को हालेलुइया का झांसा देकर करिश्मा दिखाने वाले भारत के ईसाई धर्मगुरुओं को चाहिए कि एक साथ जाकर वेटिकन सिटी में जीवन-मरण के बीच जूझ रहे पोप के सिर पर हाथ फेर कर उन्हें ठीक कर दें" राजा भइया यहीं नहीं रुके। उन्होंने लिखा कि "वैसे भी पोप लंबे समय से व्हील चेयर पर हैं और अब अस्पताल में काफी गंभीर अवस्था में भर्ती हैं, उन्हें तत्काल ही हालेलुइया रूपी चमत्कार की आवश्यकता है" आइये जाते हैं कि जिस 'होलेलुइया' की तरफ राजा भइया का इशारा है, वो क्या है। हालेलुइया दो शब्दों के साथ आने से बना है।
पहला – हलेल। और दूसरा – याह। 'हलेल' का अर्थ स्तुति करना होता है। जबकि 'याह' ईश्वर की तरफ संकेत करता है। इस तरह हिब्रू भाषा के शब्द हालेलुइया का अर्थ है यहोवा की प्रार्थना करना। एक तरह से इस शब्द का इस्तेमाल ईश्वर के प्रति आभार जताने के लिए किया जाता है।

स्वतंत्र वार्ता
मंगलवार, 25 फरवरी - 2025

## बांग्लादेश को खरी-खरी

बांग्लादेश में जब से मोहम्मद यूनुस की अगुआई में कट्टरपंथियों की कठपुतली सरकार काम कर रही है तभी से उसके मनबढ़ नेता व फिरकापरस्त लोग भारत के खिलाफ आए दिन जहर उगलते रहते हैं। बांग्लादेश एक तरफ तो भारत के साथ अच्छे रिश्तों की दुहाई देता रहता है तो दूसरी तरफ अपनी हर गलती का ठीकरा भारत के सिर पर ही फोड़ता आ रहा है। उसकी हरकतों से आजिज आ चुके भारत ने उसे सख्त संदेश दे दिया है कि तय कर लो कि किस तरह का संबंध चाहते हो। अच्छे रिश्तों की बात भी और हर बात के लिए भारत को दोष भी, ये नहीं चलने वाला है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बांग्लादेश को सख्त भाषा में संदेश दे दिया है कि अपनी मर्यादा में रहो, नहीं तो आप की ही भाषा में जवाब दिया जाएगा। जयशंकर ने पिछले हफ्ते मस्कट में अपने समकक्ष से मुलाकात के बाद बांग्लादेश को दो टूक संदेश दिया है। शनिवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में एस. जयशंकर ने कहा कि बांग्लादेश सरकार के लोग रोज भारत पर इल्जाम लगाते रहते हैं। कुछ इल्जाम तो बिल्कुल बेतुके होते हैं। उन्होंने कहा, 'आप एक तरफ तो अच्छे रिश्तों की बात करते हैं, लेकिन दूसरी तरफ अपनी हर गलती के लिए हमें जिम्मेदार ठहराते हैं। बांग्लादेश तय कर ले कि वो क्या चाहता है। जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के रिश्तों में दो तरह की समस्याएं हैं। पहली, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले। दूसरी, बांग्लादेश की अपनी राजनीति। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर जो हमले हो रहे हैं, वो हमारे लिए चिंता का विषय है। हम इस पर अपनी बात रखने से पीछे नहीं हटेंगे। बांग्लादेश को ये नहीं भूलना चाहिए कि हम पड़ोसी देश हैं। उन्होंने कहा, 'उन्हें (बांग्लादेश को) तय करना होगा कि वो हमारे साथ कैसा रिश्ता चाहते हैं। हमारा बांग्लादेश के साथ लंबा इतिहास रहा है। 1971 से हमारा एक खास रिश्ता दुनिया ने देखा है। उन्होंने बांग्लादेश के साथ रिश्तों पर अपनी नाराजगी साफ तौर पर जाहिर की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सरकार के कुछ लोग हर रोज भारत पर दोषारोपण करते हैं। जयशंकर ने कहा, 'अगर अंतरिम सरकार का कोई व्यक्ति हर रोज उठकर हर चीज के लिए भारत को दोषी ठहराता है, तो उनमें से कुछ चीजें तो बिल्कुल हास्यास्पद हैं। आप एक तरफ यह नहीं कह सकते कि अब मैं आपके साथ अच्छे संबंध रखना चाहता हूं, लेकिन मैं हर सुबह उठता हूं और हर उस चीज के लिए आपको दोषी ठहराता हूं जो गलत होती है। यह भी एक निर्णय है जो उन्हें करना है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर आए दिन हो रहे हमले को लेकर चिंता जताते हुए जयशंकर ने कहा, 'बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों का दौर हमारी सोच को प्रभावित करती है और यह एक ऐसी चीज है जिसके बारे में हमें बोलना है, जो हमने किया है। दूसरा पहलू यह है कि उनकी अपनी राजनीति है, लेकिन अंत में हकीकत तो यही है कि दोनों देश पड़ोसी हैं। इसलिए मिलजुल कर रहने के अलावा और कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

# बांग्लादेश के बदलते संबंधों का भारत पर क्या असर पड़ेगा ?



अशोक भाटिया

1971 के बाद पहली बार पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सीधा व्यापार शुरू हुआ है। इस नए व्यापारिक संबंध के तहत, पहली बार पाकिस्तान का एक जहाज सरकारी माल लेकर बांग्लादेश के खेप पोर्ट कासिम से बांग्लादेश के लिए रवाना हुआ। फरवरी की शुरुआत में, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच एक समझौता हुआ, जिसके तहत बांग्लादेश ने ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ पाकिस्तान के माध्यम से 50 हजार टन पाकिस्तानी चावल खरीदने का निर्णय लिया।सूत्रों के मुताबिक पहली बार सरकारी माल ले जाने वाला पाकिस्तानी जहाज बांग्लादेशी बंदरगाह पर उतरेगा। इस चावल आयात को दो फेज में पहुंचाया जाएगा। पहली खेप में 25 हजार टन चावल भेजा जाएगा और दूसरी फेज में भी 25 हजार टन ही चावल भेजा जाएगा। इन दो खेप को मिलाकर कुल 50 हजार टन चावल का आयात किया जाएगा।वर्तमान में बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार सत्ता में है। यूनुस के सत्ता में आने के बाद से ही बांग्लादेश पाकिस्तान से नजदीकियां बढ़ाए जा रहा है। दोनों देश न केवल व्यापारिक बल्कि सैन्य सहयोग भी बढ़ाने में जुटे हैं।इसी के मद्देनजर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बांग्लादेश को लेकर शनिवार को एक इवेंट के दौरान एक बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को तय करना होगा कि वह भारत के साथ कैसा रिश्ता चाहता है? जयशंकर ने बांग्लादेश के हालिया रवैये को लेकर कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि एक तरफ आप कहें कि अच्छे संबंध चाहते हैं, दूसरी ओर हर बात के लिए हमें जिम्मेदार ठहराएं। उन्होंने कहा कि भारत ने साफ संदेश दिया है कि हम पड़ोसी से अच्छे संबंध चाहते हैं, लेकिन यह एप्रोच दोतरफा होनी चाहिए।दरअसल, यूनुस प्रशासन के आने के बाद बांग्लादेश से भारत के संबंधों में तेजी से बदलाव आया है। शेख हसीना के प्रत्यर्पण से लेकर बॉर्डर पर फेंसिंग के मसले तक बांग्लादेश और भारत असहज डिप्लोमेसी में उलझे हैं। दिक्कत सिर्फ इतनी भर नहीं है। इसमें कोई शक नहीं कि अब पाकिस्तान धीरे-धीरे बांग्लादेश के करीब आने की कोशिश कर रहा है, जो कि उसकी दीर्घकालीन विदेश नीति से अलग पोजिशन है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भले ही यह कहा हो कि ऐसी गतिविधियों पर नजर बनी हुई है, लेकिन बांग्लादेश और पाकिस्तान जिस तेजी के साथ एक-दूसरे के साथ राजनयिक लेवल पर इंगेज हो रहे हैं, यह भारत के लिए नई सिरदर्दी साबित हो सकता है। पाकिस्तान के खुफिया विभाग आई एस आई के डायरेक्टर जनरल ऑफ एनालिसिस मेजर जनरल शाहिद आमिर अफसर की बांग्लादेश यात्रा या पाकिस्तान के एक्ससाइज अमान में बांग्लादेशी नेवी वॉरशिप का शामिल होना, दोनों देशों के बीच काफी तेजी से बढ़ रही नजदीकी गतिविधियां दिखाता है। पाकिस्तान और बांग्लादेश की नजदीकी से भारत के पूर्वोत्तर हिस्सों में चरमपंथी गतिविधियों को लेकर भारत के लिए सुरक्षा चिंताएं पैदा होना स्वाभाविक है। एक खतरा आतंकवाद को लेकर है, जिसकी ओर जयशंकर ने इशारा भी किया है।अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार राजीव डोगरा कहते हैं कि बांग्लादेश में चरमपंथी तत्वों को जिस तरह का प्रोत्साहन हाल के वक्त में दिखा है, अगर उसे रोका नहीं गया तो यह यहीं थमने वाला नहीं है। इन तत्वों का फैलाव पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, सीरिया, इराक तक भी पहुंच जाएगा। अगर इसी तरह चरमपंथियों को छूट मिलती रही तो इसका असर दूसरे देशों पर पड़ने का डर है। पड़ोसी देश बांग्लादेश में मस्क के स्टारलिंक के आने की चर्चाएं जोरों पर हैं। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार यूनुस ने मस्क से इस सर्विस को जल्द लॉन्च करने की इच्छा जताई है। भारत में यह सेवा अभी शुरू नहीं हो पाई है, सरकार की ओर से कुछ दिन पहले कहा गया था कि कंपनी को पहले सुरक्षा संबंधित मानकों पर खरा उतरना होगा। ऐसे में अगर बांग्लादेश में यह सर्विस लॉन्च हो जाती है तो सुरक्षा संबंधित चिंताओं से बेफिक्र नहीं हुआ जा सकता है। गौरतलब है कि बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद नई दिल्ली और ढाका के बीच रिश्तों में खटास बढ़ती जा रही है। मोहम्मद यूनुस के आते ही हजारों हिंदुओं को हिंसा का सामना करना पड़ा, जिससे हालात और बिगड़ गए। अब बांग्लादेश उस देश से नजदीकी बढ़ा रहा है, जिसे भारत में दुश्मन की नजरों से देखा जाता है। हाल की घटनाओं से जाना जा सकता है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान धीरे-धीरे करीब आ रहे हैं। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के साथ सीधी फ्लाइट शुरू करने का फैसला किया है। पाकिस्तान में बांग्लादेश के उच्चायुक्त ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने की घोषणा की। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के अनुसार, मोहम्मद इकबाल हुसैन ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच गहरे और ऐतिहासिक संबंधों पर जोर दिया तथा यात्रा और संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम से पर्यटन, शिक्षा और व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा। हालांकि, सीधी उड़ानों के लिए कोई समयसीमा घोषित नहीं की गई। बांग्लादेश में, शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हाल में बांग्लादेश के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने पाकिस्तान का दौरा किया था और रक्षा क्षेत्र में सहयोग की संभावना तलाशने के लिए शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक की थी। पाकिस्तान-बांग्लादेश के बीच बढ़ती भागीदारी अब भारत के क्षेत्रीय प्रभाव के लिए एक चुनौती पेश करती है। आईएसआई प्रतिनिधिमंडल के ढाका पहुंचने से कुछ ही दिन पहले, सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कमरुल हसन के नेतृत्व में एक बांग्लादेशी सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने 13 से 18 जनवरी तक रावलपिंडी पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान का केंद्र का दौरा किया था। पाकिस्तान बांग्लादेश के साथ अपने बढ़ते संबंधों को क्षेत्र में एक रणनीतिक संतुलन के रूप में देखता है। जो भारत के निगाह से ठीक नहीं है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पहले ही पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं इससे पहले, पाकिस्तानी माल को श्रीलंका, सिंगापुर या मलेशिया में तीसरे पक्ष के बंदरगाहों के माध्यम से भेजा जाता था, जिससे रसद में देरी होती थी और लागत बढ़ जाती थी। सितंबर 2024 में एक और बड़ा कदम उठाया गया जब बांग्लादेश ने व्यापार दक्षता पर इसके नकारात्मक प्रभाव का हवाला देते हुए पाकिस्तान से आयातित वस्तुओं के 100 प्रतिशत अनिवार्य भौतिक निरीक्षण को समाप्त कर दिया। ये उपाय दोनों पक्षों की ओर से वाणिज्यिक संबंधों को बढ़ाने के लिए एक मजबूत इरादे का संकेत देते हैं, जो परंपरागत रूप से मामूली रहे हैं। कूटनीतिक मोर्चे पर, दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच बातचीत अक्सर और उद्देश्यपूर्ण रही है। पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने दो उल्लेखनीय अवसरों पर मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मुलाकात की। पहली बार सितंबर 2024 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में और फिर दिसंबर में काहिरा में डी-8 शिखर सम्मेलन के दौरान। दोनों नेताओं ने आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और डेंगू संकट से निपटने के लिए रणनीतियों का विस्तार करने पर जोर दिया, जो दोनों देशों में एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता का विषय रहा है। यूनुस ने 1971 के युद्ध से उपजे लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों के समाधान पर भी जोर दिया, इस बात पर जोर देते हुए कि उन्हें ₹भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक बार और हमेशा के लिए₹ निपटाने की जरूरत है। जवाब में शहबाज शरीफ ने आश्वासन दिया कि पाकिस्तान इन ऐतिहासिक विवादों को सुलझाने के तरीके तलाशेगा। 1971 के क्रूर मुक्ति संग्राम के बाद ऐतिहासिक रूप से अलग-थलग पड़े दोनों राष्ट्र - जिसमें पाकिस्तानी सेना पर लगभग तीन मिलियन लोगों के नरसंहार और 2,00,000 बंगाली महिलाओं का उल्लंघन करने का आरोप है। लेकिन अब वहां से मेल-मिलाप के संकेत मिल रहे हैं। भारत के नजरिए से, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच नई गर्मजोशी चिंता का विषय है। बता दें कि बांग्लादेश दक्षिण एशिया में अब तक भारत का सबसे करीबी सहयोगी रहा है, जिसके साथ गहरे आर्थिक संबंध हैं। इस क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और क्षेत्रीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# ये कैसी अभिव्यक्ति की आजादी?



सुनील कुमार महला

इन दिनों देश में कामेडी(हास्य) के नाम पर फूहड़ता और अश्लील सामग्री पेश करने की लगातार बढ़ रही प्रवृत्ति को लेकर बहस छिड़ी हुई है। वास्तव में डिजिटल प्लेटफॉर्मों के नियमन हेतु सख्ती बहुत ही जरूरी और आवश्यक हो गई है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज डिजिटल प्लेटफॉर्मों के नियमन पर सख्ती नहीं होने के कारण आज कोई भी डिजिटल प्लेटफॉर्मों का ग़लत इस्तेमाल कर बैठते हैं।अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ में सार्वजनिक मंच या ओटीटी प्लेटफार्म्स के जरिए आज बहुतायत में ऐसी फ़ूहड़, अश्लील,अमानक व उल्टी-सीधी कोई भी सामग्री परोसी जा रही है, जो हमारे समाज के नैतिक मूल्यों, आदर्शों, हमारी पारिवारिक मान्यताओं पर सीधे प्रहार करती है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले दिनों एक विवादास्पद मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद हमारे देश के केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संबंधित कानूनों के अनुपालन की जरूरत महसूस करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिये एक एडवाइजरी जारी की है, जो कि बहुत अच्छी बात है क्यों कि आज के इस आधुनिक युग में हम लगातार हमारे पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों को भूलकर पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ते नजर आते हैं। हमारे संस्कृति, संस्कारों, नैतिक मूल्यों का आज पतन होता चला जा रहा है और कहना ग़लत नहीं होगा कि आज हम पाश्चात्य संस्कृति में रच-बस गए से प्रतीत होते हैं। आज सोशल नेटवर्किंग साइट्स, यू-ट्यूब पर आजादी का अतिक्रमण देखने को मिल रहा है, जो हमारे देश की संस्कृति तो कतई नहीं है। यह काबिले-तारीफ है कि भारत के सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी प्लेटफॉर्म हेतु एडवाइजरी जारी करते हुए संबंधित कानून के सभी प्रावधानों के अनुपालन सुनिश्चित किए जाने की बात कही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस दौर में अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के निर्धारण की नितांत आवश्यकता है। भारत विश्व का एक ऐसा देश रहा है जहां हमेशा-हमेशा से अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान किया गया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि समय-समय पर माननीय सुप्रीम कोर्ट समेत देश के कई उच्च न्यायालयों ने अभिव्यक्ति की आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। हाल ही में इंडिया गॉट टेलेंट कार्यक्रम में यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया की ओर से जो अमर्यादित टिप्पणी की गई उसको लेकर देशभर में बवाल मचा। पाठक जानते होंगे कि यह मामला इतना गरमाया कि यह सर्वोच्च न्यायालय तक जा पहुंचा। कहना ग़लत नहीं होगा कि रणवीर को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देते हुए शीर्ष अदालत ने जो टिप्पणियां की हैं, उसके गहरे मायने हैं। अदालत ने उनसे पूछा कि 'आपने अपने कार्यक्रम में जो कुछ बोला, वह यदि अश्लीलता नहीं है, तो फिर उसके मापदंड क्या हैं ?' न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि 'रणवीर और उनके साथियों ने जैसी विकृत मानसिकता का प्रदर्शन किया और जो शब्द उन्होंने चुने, उनसे माता-पिता, बहनें-बेटियां व भाई शर्मिंदा होंगे। उनके दिमाग में जो गंदगी है, वही इस शो के जरिए बाहर आई है।' बहरहाल, हालांकि, यह बात अलग है कि अदालत ने इस मामले में अतिरिक्त एफआईआर दर्ज करने पर रोक लगा दी। इस मामले में राज्य प्रशासन को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए, लेकिन रणवीर को इस कार्यक्रम के प्रसारण के चंद घंटों के भीतर देश में भारी विरोध का सामना करना पड़ा। इसके लिए उन्हें न केवल सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी, बल्कि यूट्यूब से अपने कार्यक्रम के तमाम भागों को भी हटाना पड़ा। इतना ही नहीं, पाठकों को बताता चलूं कि अदालत की अनुमति के बिना वे विदेश नहीं जा सकेंगे। उन्हें अपना पासपोर्ट पुलिस स्टेशन में जमा करना होगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में शीर्ष अदालत ने उनके सह-आरोपी आशीष चंचलानी के खिलाफ गुवाहाटी में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने/मुंबई ट्रांसफर करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए असम और महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि अदालत ने चंचलानी की याचिका को रणवीर की याचिका के साथ टैग कर दिया है।आज सामाजिक मूल्यों का संरक्षण बहुत ही जरूरी है। यह ठीक है कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 भाषण की स्वतंत्रता प्रदान करता है, जो मौखिक/लिखित/इलेक्ट्रॉनिक/प्रसारण/प्रेस के माध्यम से बिना किसी डर के स्वतंत्र रूप से अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार है।संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) के पीछे का दर्शन संविधान की प्रस्तावना में निहित है, जहाँ सभी नागरिकों को विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने का संकल्प दिया गया है। वास्तव में यह अधिकार हमारे सामाजिक कल्याण, आत्मविकास, लोकतान्त्रिक मूल्यों की रक्षा तथा बहुलवाद को प्रतिबिंबित एवं सुदृढ़ करने के लिए दिया गया है, लेकिन यह विडंबना ही है कि आज इसका दुरूपयोग किया जा रहा है और सभी सामाजिक, सांस्कृतिक सीमाओं को लांघकर अच्छी व सकारात्मक मानसिकता का परिचय नहीं दिया जा रहा है। वास्तव में,यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया की अमर्यादित, अशालीन टिप्पणी से समाज शर्मशार हुआ है, लेकिन इस प्रकरण ने अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के नियमन की बहस को नये सिरे से शुरू कर दिया। बहरहाल, सहिष्णुता, समन्वय की भावना, गौरवशाली इतिहास, संस्कार, रीति-रिवाज और उच्च आदर्शों, उच्च मूल्यों, प्रतिमानों, के कारण भारतीय संस्कृति विश्व में सर्वश्रेष्ठ रही है। विवेक और ज्ञान भारतीय संस्कृति की आत्म भावना है। हमारी सनातन संस्कृति में सदाचार रूपी पवित्र संस्कारों की शिक्षा-दीक्षा दी जाती रही है, हमें यह चाहिए कि हम अपनी संस्कृति, संस्कारों, नैतिक मूल्यों, आदर्शों और परंपराओं की रक्षा करें, पारिवारिक जीवन मूल्यों का अतिक्रमण करने वाली टिप्पणियों पर रोक जरूरी है।देश की शीर्ष अदालत का मानना रहा है कि यूट्यूब जैसे मंचों पर सामग्री साझा करने पर नियंत्रण हेतु कानून निष्प्रभावी नजर आते हैं। इसलिए निश्चित रूप से संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने की जरूरत है। कहना ग़लत नहीं होगा कि संस्कारों के द्वारा मानवीय मन को निर्मल, सन्तुलित एवं सुसंस्कृत बनाया जाता है। सच तो यह है कि जीवन में काम आने वाले सत्यवृत्तियों का बीजारोपण भी संस्कारों से ही होता है। संस्कृति और संस्कार हमारी भारतीय संस्कृति का मूल हैं और हमें यह चाहिए कि हम अपने मूल से न हटें और मर्यादाओं का पालन करें। पाश्चात्य संस्कृति की आड़ में हास्य के नाम पर कुछ भी परोसना किसी भी हाल और परिस्थितियों में जायज नहीं है।

# कितनी उचित है गंगाजल पर बयान बाजी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। विद्वानो का कहना है कि 144 वर्षों के बाद इस बार का महाकुंभ विशेष योग में संपन्न हो रहा है। ऐसे में यहां स्नान करने का सर्वाधिक महत्व है। मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान कर लिया है। समापन तक यह संख्या करीबन 65 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

इस बार महाकुंभ में जितने लोगों ने स्नान किया है वह दुनिया के एक-दो देशों को छोड़कर अधिकांश देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होती है। भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान कर पूजा अर्चना की है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक सहित देश के आम लोगों के मन में कुंभ स्नान के प्रति जो श्रद्धा देखी जा रही है। वैसी श्रद्धा इससे पहले शायद ही देखी गई होगी।

हालांकि मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ के संगम तट पर भगदड़ मचने से करीबन 37 लोगों की भीड़ में दबकर मौत हो गई थी। इसी तरह कुंभ आने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर एकत्रित भीड़ में भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थी जिसमें प्रशासनिक लापरवाही का भी बहुत बड़ा हाथ माना जा रहा है। हालांकि दोनों ही घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही असली दोषियों का पता चल सकेगा।

शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं। आने वाली महाशिवरात्रि पर यह संख्या कई गुना अधिक होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। ताकि महाकुंभ में किसी तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं प्रयागराज आकर महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान की तैयारी का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी चैकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।

जहां एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा-यमुना का पानी नहाने के योग्य नहीं है। सीपीसीबी ने इस रिपोर्ट को तीन फरवरी को तैयार किया था। रिपोर्ट को तैयार करने के लिए सीपीसीबी ने नौ से 21 जनवरी के बीच प्रयागराज में अलग-अलग जगह पर गंगा-यमुना के 73 सैंपल जमा किए। इन सैंपलों की छह मानकों पानी का पीएच वैल्यू, फीकल कोलीफॉर्म, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन पर जांच की गयी। जितने भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। बाकी के पांच मानकों पर पानी की गुणवत्ता मानक के मुताबिक मिली। सीपीसीबी की वेबसाइट पर दिए आंकड़ों के मुताबिक 29 जनवरी को संगम पर गंगा में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 2300 पाई गई थी। 29 जनवरी को ही मौनी अमावस्या का पर्व था। इसे महाकुंभ में सबसे बड़ा अमृत स्नान माना गया है। उस दिन गंगा-यमुना में कई करोड़ लोगों ने डबकी लगाई थी।

महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवालो के बीच देश के जाने-माने वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। संगम, अरैल समेत पांच घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु के गंगा में स्नान के बाद भी इसकी शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले डॉ. अजय कुमार सोनकर ने कहा कि उन्होंने अपनी नैनी स्थित प्रयोगशाला में गंगा के जल की जांच की। गंगाजल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को प्रयोगाशाला में जांच की चुनौती भी दी। कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो वह मेरे सामने गंगा जल ले और हमारी प्रयोगशाला में जांच कर संतुष्ट हो जाए।

# भारत की सांस्कृतिक विरासत विश्व के लिए प्रेरणास्रोत है

**डॉ.बालमुकुंद पांडेय**

भारत की सांस्कृतिक विरासत इतिहास, आध्यात्मिक ज्ञान-परंपरा, कला और प्राचीन परंपराएं अनमोल हैं। ये यहाँ शताब्दियों से पुष्पित पल्लवित हो रही हैं। भारत की सांस्कृतिक विरासत भारत के लोगों और विदेशों में भारतीय मूल के लोगों के लिए एक अनुपम साख है जो उनको अन्य लोगों से अलग पहचान प्रदान करती है । विविधता में एकता का विचार वह प्रमुख चिंतन बिंदु है जिसे भारत न सिर्फ अपनी विचारधारा में बल्कि वैश्विक मंचों से एकता का संदेश देने में संपोषित करता है। इसे भारत अपने आधारभूत मौलिक सिद्धांत में सर्वोपरि स्थान देता हैं ।भारत की प्राचीन सभ्यता, सिंधु घाटी सभ्यता और वैदिक सभ्यता मानवीय विकास के क्रम में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं । भारत की महान दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपरा ने वैश्विक समुदाय को गंभीर मूल्य प्रदान किए हैं । भारत के सनातन सैद्धांतिक मूल्य और कर्म ,धर्म और योग की विचारधारा समकालीन वैश्विक समुदाय को भारत का मौलिक अनुदाय माना जाता है । भारत की सांस्कृतिक ,आध्यात्मिक और दार्शनिक परंपराओं ने वैश्विक सीमाओं को पार कर लिया है। आज पूरे विश्व परिदृश्य पर इसकी गंभीर छाप देखी जा सकती है। कर्म, धर्म और योग की अवधारणाएं संसार के लोगों को अपने गुरुत्वीय आकर्षण से आकर्षित कर रही हैं। इसका योगदान व्यक्तिगत कल्याण ,परमार्थिक सेवा और सांसारिक व्याधियों से मुक्ति में है । समकालीन आयोजनों में प्रयाग महाकुंभ 2025 भारत की सांस्कृतिक विरासत का अनूठा उदाहरण है। जहां वैश्विक समुदाय स्वतः आकर्षित होकर आ रहा है और अपनी मानसिक शांति के लिए आध्यात्मिक सूत्र तलाश रहा है । भारत की सांस्कृतिक विरासत में दिव्य गुरुत्व है जो वैश्विक समुदाय को आकर्षित कर रहा है। भारत की सांस्कृतिक विरासत दुनिया के लिए प्रेरणा स्रोत है।

आत्म संयम, सहमति, सह - अस्तित्व और विविधता में एकता जैसी सांस्कृतिक विरासत का समेकित रूप से भारत भव्य चित्र प्रस्तुत करता है। यह निरूपित करता है कि विविधता के मध्य एकता कैसे स्थापित की जा सकती है?,जो हमें अपनी अनूठी सांस्कृतिक पहचान को संजोने और सम्मान करने के लिए प्रेरित करता है।

भारत वैश्विक स्तर की प्राचीन सभ्यताओं में से एक है जो लगभग 4000 वर्ष पहले सिंधु घाटी सभ्यता से संबंधित है । प्राचीन भारतीय विरासत में ऐतिहासिक स्मारकों ,पुरातात्विक स्थलों, और प्राचीन ग्रंथो का अनमोल खजाना हैं ,जो मानव सभ्यता के विकास में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं । भारत की प्राचीन सभ्यता सिंधु घाटी सभ्यता एवं वैदिक सभ्यता इन सभ्यताओं ने मानव सभ्यता को उन्नत एवं परिष्कृत किया है। प्राचीन सभ्यताओं ने उन्नत जल निकासी प्रबंधन, मानवीकृत वजन प्रणाली, उन्नत माप एवं लेखन की उन्नत प्रणाली एवं नियोजित शहरों का आविष्कार किया है, जो समकालीन मर्मज्ञ, इतिहासकारों, भू वैज्ञानिकों एवं पुरातत्वविदों का मार्गदर्शन कर रही हैं।

भारत की महत्वपूर्ण प्राचीन वैदिक सभ्यता है, जिसका उद्भव 1500 ईसा पूर्व में हुआ था। वेद, इस अवधि के दौरान रचित महान पवित्र ग्रंथों का मौलिक संग्रह है एवं हिंदू धर्म का प्राचीन धर्म ग्रंथ माना जाता है। वैदिक सभ्यता ने हिंदू दर्शन, अनुष्ठानों और सामाजिक संरचनाओं की नींव रखी है जो वर्तमान में भी भारतीय विरासत को उन्नयन कर रहे हैं। भारत की प्राचीन सभ्यता ने कला, साहित्य, विज्ञान, व्यायाम शास्त्र, खगोलीय शास्त्र,औषधि शास्त्र, दर्शनशास्त्र, न्याय शास्त्र, गणित और विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्राचीन सभ्यता ने शून्य के आविष्कारक और इसकी अवधारणा को व्यवस्थित करने वाले गणितज्ञ और खगोलीय वैज्ञानिक आर्यभट्ट और आयुर्वेदिक चिकित्सा के विशेषज्ञ एवं चरक संहिता के लेखक प्रसिद्ध चिकित्सक चरक को दिया है।

# सिर नहीं झुकने दिया जाएगा



डॉ टी महादेव राव

सर झुकाओगे तो पत्थर देवता हो जाएगा/ इतना मत चाहो उसे वो बेवफा हो जा ए गा । बशीर बद्र का यह शेर मुझे भाता आ रहा है। लेकिन इस बीच पत्थर, देवता पर तो काफी कुछ किया, लिखा और समझाया जा चुका है। मेरा ध्यान सिर झुकाने पर आ गया है। सिर झुकाना वर्तमान समय का ऐसा मुहावरा बन गया है कि चाहे वह अखबारों में हो या तथाकथित निष्पक्ष इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में हो काफी दिनों से शोर मचा रहा है। बड़े भैया ने कह दिया मैंने देशवासियों का सिर झुकने न दिया। अनायास ही वे अपने शासनकाल के सत्यों को उजागर कर गए। 'सच्चाई छुप नहीं सकती' वाली बात है। आपको अचरज होगा ऐसा कौन सा गूढ़ रहस्य है कि इस पर हो हल्ला मचाया जा रहा है। तो आइए हम खुलासा करते चलें। आपको शंका करने और हमें समाधान करने के अवसर ही कितने हैं आज के व्यस्त, त्रस्त और सुस्त जिंदगी में। नोटबंदी या डिमॉनेटाइजेशन के पीछे न झुकने देने वाली बात थी। हम अपने पुराने नोटों को बैंकों के आगे कतारों में खड़े होकर नए नोटों में बदलवाने की कसरत कर रहे थे। तब उछल उछल कर देखते थे कि कहीं कोई और बीच लाइन में तो नहीं घुस गया। कभी आसमां पर आग उगलते सूरज की तरफ, तो कभी सामने वाले के कांधे से झांक कर देखते थे कि लाइन चल रही है या नहीं। कैसे सिर झुकाते? भार ढ़ोते-ढ़ोते कांधे जरूर झुक गए लेकिन सिर झुका नहीं। इसी तरह हमने जीएसटी के लिए भी सिर उठाकर मारामारी की मगज पच्ची की। जब देश में कोरोना आया तीन बार वह अपना करतब दिखाते हुए सारे शासकों और प्रशासकों की निष्क्रियता का पोल खोलता हुआ मंद पड़ गया। हम अस्पताल में भर्ती होने, ऑक्सीजन पाने, वैक्सीन लगवाने लाइन पर लग गए। आसमा की तरफ सिर उठाकर ऊपर वाले से मन ही मन पूछते यह किस जन्म का बदला ले रहे हो भगवान? कुछ करिए या उठा लीजिए! हम इस वक्त भी हमेशा सिर उठाए रहे ईश्वर को कोसने या उससे मदद मांगने। सिर झुकाने का अवसर बड़े भैया ने कभी नहीं दिया। जब मुद्रास्फीति या महंगाई आसमान छू रही है, तब हम जमीन पर देखते भी कैसे? तेल, नून, लकड़ी की तर्ज पर तेल, अनाज, सब्जियां, पेट्रोल, डीजल, ईंधन गैस, बिजली का बिल, यातायात के भाड़े ... जब जाकर आसमान में बैठ गए, तो हम हमेशा खुद को आसमान में उड़ते देखते रहे,-- उन चीजों के दामों पर लगाम कसे जाने के लिए। इतना होने के बाद भी जब सुबह उठते हैं तो सूरज को देखते हैं, जो आजकल शासक वर्ग की ज़्यादतियों की तरह आग उगल रहा है।



# भौम प्रदोष व्रत पर शिव जी को अर्पित करें पंचामृत

**प्रदोष व्रत के दिन करें इन मंत्रों का जाप**

**मंत्र- ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम । उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात ॥**

**शिवपुराण में महामृत्युंजय मंत्र का बहुत ही शक्तिशाली मंत्रों में से एक माना गया है। इस मंत्र के जाप से व्यक्ति के सभी संकट टल जात हैं और उसे बाधाओं से मुक्ति मिल जाती है।**

**मंत्र- ॐ तत्पुरुषाय विद्महे, महादेवाय धीमहि, तन्नो रूद्र प्रचोदयात।**

**यह मंत्र शिव पंचाक्षरी मंत्र कहलाता है, इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति को मोक्ष प्राप्त होता है और सुख, समृद्धि और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही इस जप से व्यक्ति के समस्त पालों का नाश होता है और उसे मानसिक शांति मिलती है।**

हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का बहुत अधिक महत्व माना जाता है। प्रत्येक माह में त्रयोदशी तिथि के दिन प्रदोष व्रत रखा जाता है और हर महीने में दो प्रदोष आते हैं एक कृष्ण पक्ष तो दूसरा शुक्ल पक्ष में, प्रदोष व्रत के दिन महादेव की पूजा का विधान है और मान्यता है कि इस दिन जो भक्त सच्चे मन में शिव-पार्वती की पूजा करता है उसके मन की इच्छा जरुर पूरी होती है।

प्रदोष के दिन व्रत का संकल्प प्रातःकाल लिया जाता है और पूजा का महत्व विशेष रुप से प्रदोषकाल के समय का माना जाता है। प्रदोष व्रत के दौरान पूजा-पाठ का संपूर्ण फल मिलता है और धन-धान्य व सुख-समृद्धि का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। इसके साथ ही माना जाता है कि प्रदोष के पवित्र दिन अगर शिव जी को कुछ विशेष चीजें अर्पित की जाएं तो इससे आपको व्यापार में सफलता मिलती है और जिस प्रकार व्यापार दौड़ना चाहिए वैसा मनचाहा लाभ आपको प्राप्त होता है। तो आइए इस बारे में पंडित रमाकांत मिश्रा से जानते हैं कि वो कौन-कौन सी चीजें हैं जो कि प्रदोष के दिन शिवलिंग पर चढ़ाने से व्यापार में लाभ मिल सकता है।

वैदिक पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 25 फरवरी को दोपहर 12 बजकर 47 मिनट से प्रारंभ होगी और 26 फरवरी को सुबह 11 जबकर 8 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। ऐसे में पंचांग के अनुसार प्रदोष व्रत 25 फरवरी के दिन रखना जाएगा। इस दिन मंगलवार होने के कारण यह भौम प्रदोष व्रत कहलाएगा।

**प्रदोष व्रत के दिन शिवलिंग पर क्या चढ़ाएं**

प्रदोष व्रत के दिन मंत्रोच्चारण के साथ शिवलिंग पर दूध, दही, शहद आदि चढ़ाना चाहिए। माना जाता है कि प्रदोष के दिन पूरे मंत्रो के जाप के साथ इन चीजों को अर्पित करने से शिव जी प्रसन्न होते हैं और भक्तों को मनचाहा आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

**कर्ज से छुटकारा पाने के लिए**

प्रदोष व्रत के दिन अगर कोई भक्त सच्ची श्रद्धा से शिवलिंग पर गंगाजल और चावल अर्पित करता है तो उसे कर्ज से छुटकारा मिलता है और इसके साथ ही उसके धनलाभ के योग बनते हैं।

**व्यापार, नौकरी में सफलता के लिए**

प्रदोष व्रत के दिन शिवलिंग पर सच्चे भाव के साथ गंगाजल और बेलपत्र अर्पित करने से जातक के व्यापार नौकरी से संबंधित सभी कष्ट दूर होते हैं और उन्हें व्यापार-नौकरी में मनचाही सफलता प्राप्त होती है।

**प्रदोष के दिन ना चढ़ाएं ये चीजें**

प्रदोष व्रत में शिवलिंग पर तुलसी, हल्दी और सिंदूर भूलकर भी नहीं चढ़ाना चाहिए। क्योंकि इन चीजों को शिव जी को अर्पित करने पर वे नाराज हो सकते हैं और आपका व्रत व पूजा भंग हो सकती है। इसलिए इस दिन इन चीजों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

# मध्य प्रदेश का अधूरा शिव मंदिर



मध्य प्रदेश में एक ऐसा प्राचीन शिव मंदिर है, जो आज भी अधूरा है। पहाड़ों पर स्थित इस मंदिर को 'भोजपुर शिव मंदिर' या 'भोजेश्वर महादेव' के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर को लेकर कई रहस्य हैं। जानते हैं इस मंदिर के बारे में-

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भोलेनाथ का एक ऐसा प्राचीन मंदिर है, जो अधूरा है। 100 साल से भी ज्यादा पुराने इस शिव मंदिर को लेकिन कई तरह की मान्यताएं हैं। जानिए इस प्राचीन अधूरे शिव मंदिर की कहानी के बारे में-

**भोजपुर शिव मंदिर-** मध्य की राजधानी भोपाल से 32 KM दूर स्थित 'भोजपुर शिव मंदिर' या 'भोजेश्वर महादेव' मंदिर मध्य प्रदेश का अधूर शिव मंदिर है। माना जाता है ये मंदिर 100 साल पुराना पांडव काल का है।

**मध्य का अधूरा शिव मंदिर-** भोजपुर शिव मंदिर का निर्माण आज भी अधूरा है। बेतवा नदी के तट पर बने इस मंदिर में मौजूद शिवलिंग एक पत्थर से बनी हुई है। कहा जाता है कि परमार वंश के राजा भोज ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था। मंदिर का गुंबद आज भी अधूरा है ।

**क्यों अधूरा है भोजपुर शिव मंदिर**

क्यों अधूरा है भोजपुर शिव मंदिर - मंदिर के अधूरे होने के पीछे के कारण को लेकर कहा जाता है कि मंदिर का निर्माण एक ही रात में होना था। सूर्योदय के कारण मंदिर का निर्माण रोक दिया गया और यह आज तक पूरा नहीं बन पाया। अधूरा गुंबद इस बात का प्रमाण है कि मंदिर का निर्माण तब से आज तक अधूरा है।



# महाशिवरात्रि पर इन 3 चीजों के बिना भगवान शिव की पूजा व्यर्थ



महाशिवरात्रि का दिन भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए सबसे विशेष माना जाता है। आप अगर भगवान शिव को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो शिवरात्रि पर धूतरा, फूल, कच्चा दूध और गंगाजल के अलावा 3 ऐसी विशेष चीजें हैं, जिन्हें चढ़ाए बिना भगवान शिव की पूजा अधूरी मानी जाती है। शिवपुराण में इन चीजों को भगवान शिव को अर्पित करने की वजह भी बताई गई है। आइए, जानते हैं कौन-सी हैं वे चीजें।

**महाशिव रात्रि पर शिव पूजा नियम।**

महाशिवरात्रि का दिन भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा करने से मनचाहे जीवनसाथी की प्राप्ति होती है। साथ ही भगवान शिव की कृपा से जीवन की सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं। आप भी अगर महाशिवरात्रि व्रत रख रहे हैं या भगवान शिव की विशेष पूजा करना चाहते हैं, तो याद रखें कि भगवान शिव की विशेष पूजा में तीन चीजों को जरूर शामिल करें। शिवपुराण के अनुसार इन 3 चीजों के बिना भगवान शिव की पूजा अधूरी मानी जाती है। आइए, जानते हैं कौन-सी हैं वे 3 चीजें जिन्हें शिवजी की पूजा में शामिल करना चाहिए।

**महाशिवरात्रि पर शिवजी को चढ़ाएं भस्म**

भस्म शिवजी को अतिप्रिय है और इसे उनका आभूषण माना जाता है। शिवजी को भस्म चढ़ाने से दुखों से मुक्ति मिलती है और सांसारिक मोह-माया से भी छुटकारा मिलता है। धार्मिक मान्यता है कि केवल पुरुष ही शिवलिंग पर भस्म अर्पित कर सकते हैं। भस्म, महादेव का प्रतीक है। भस्म हर मनुष्य के लिए जीवन के अस्थायित्व का प्रतीक भी है। हर मनुष्य को याद रखना चाहिए कि इस पृथ्वी पर कुछ भी स्थायी नहीं है, इसलिए अंहकार से दूर रहना चाहिए।

**महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को चढ़ाएं रुद्राक्ष**

महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को रुद्राक्ष की चढ़ाया जाता है। पौराणिक कहानी के अनुसार एक बार ध्यान करते हुए शिव जी की आंखों से आंसू गिरे। धरती पर गिरते ही इन आंसुओं से रुद्राक्ष के पेड़ उग आए इसलिए रुद्राक्ष को शिव जी का प्रतीक माना जाता है। एक बार शिव जी ध्यान में लीन थे। तभी उनके आंसू धरती पर टपके। इन आंसुओं ने रुद्राक्ष के वृक्षों को जन्म दिया। यही कारण है कि रुद्राक्ष शिव जी से जुड़ा है और उनके प्रतीक के रूप में पूजा जाता है।

**महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को चढ़ाएं बेलपत्र**

भगवान शिव को बेलपत्र अति प्रिय है। मान्यता है कि बेलपत्र के बिना शिव पूजा अधूरी है। बेलपत्र के तीन जुड़े पत्ते बहुत पवित्र माने जाते हैं। ये तीन पत्ते त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक हैं। कहा जाता है कि ये तीन पत्ते शिवजी के त्रिशूल को भी दर्शाते हैं। ऐसा माना जाता है कि शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से भगवान शिव शांत होते हैं और भक्तों पर प्रसन्न होते हैं।

**महाशिवरात्रि पर भगवान शिव जरूर चढ़ाएं ये चीजें**

आप अगर महाशिवरात्रि का व्रत रख रहे हैं, तो शिव पुराण में वर्णित इन 3 चीजों के अलावा भी कुछ अन्य चीजों को भगवान शिव को अर्पित करें। गंगाजल, दूध, दही, शहद, चावल, काले तिल, गेहूं, धतूरा, भांग, कपूर, सफेद चंदन और आंक के फूल शामिल हैं। ऐसा माना जाता है कि इन वस्तुओं को अर्पित करने से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

# महाशिवरात्रि की पूजा सामग्री और भोग

**ठंडाई**

भोलेनाथ को भोग में ठंडाई चढ़ाई जा सकती है। ठंडाई या भांग महादेव की प्रिय कही जाती है और कहते हैं इन चीजों को भोग में पाकर महादेव प्रसन्न हो जाते हैं।

**मालपुआ**

भगवान शिव को महाशिवरात्रि के दिन मालपुए का भोग भी लगाया जा सकता है। मालपुए मीठे होते हैं और इन्हें भोलेनाथ को चढ़ाने के लिए घी से तैयार किया जाता है। मालपुए भी भोलेनाथ के मनपसंद कहे जाते हैं।



**पंचामृत**

पंचामृत पांच चीजों को मिलाकर बनाया जाता है। पंचामृत नैवदय स्वरूप महादेव को अर्पित किया जाता है।

**मिठाई**

भगवान शिव को सफेद रंग की मिठाई भोग में चढ़ाई जा सकती हैं। गाय के दूध से बनी मिठाई महादेव की मनपसंद कही जाती है।

**मखाने की खीर**

सफेद मखाने की खीर महादेव को चढ़ाई जा सकती है। मखाने के अलावा भगवान शिव को चावल की सादी खीर भी भोग में चढ़ाई जा सकती है।

# महाशिवरात्रि ? जानें चार पहर के पूजन का सही मुहूर्त

महाशिवरात्रि हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जिसे फाल्गुन माह में मनाया जाता है। महाशिवरात्रि भगवान शिव की आराधना का बहुत ही महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। हर साल यह पर्व फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दश तिथि को मनाया जाता है। दरअसल, चतुर्दशी तिथि भगवान शिव को समर्पित है और इस दिन भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जाता है तो महाशिवरात्रि के दिन जो लोग भगवान शिव का पूजन करते हैं भगवान भोलेनाथ उन पर विशेष कृपा करते हैं।

इस दिन महिलाएं जीवन में सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली के लिए निर्जला व्रत रखती हैं, जिसका पारण अगले दिन सूर्योदय के बाद किया जाता है। मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ और देवी पार्वती की पूजा करने से साधक के कष्टों का निवारण होता है और उसके भाग्य में भी वृद्धि के योग बनते है। इस बार महाशिवरात्रि का व्रत 26 फरवरी, बुधवार को रखा जाएगा।

महा शिवरात्रि पर चार पहर का पूजन मुहूर्त पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू होगी और इस तिथि का समापन 27 फरवरी को सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर होगा। महाशिवरात्रि में रात्रि के पूजन का विधान है इसलिए 26 फरवरी को रात में महादेव का पूजन किया जाएगा।

निशिथ काल का समय- 27 फरवरी को निशित काल रात 12 बजकर 09 मिनट से लेकर 12 बजकर 59 मिनट तक रहेगा।

**- प्रथम पहर पूजन का समय 26 फरवरी को शाम 6 बजकर 19 मिनट से लेकर रात 9 बजकर 26 मिनट तक रहेगा।**

**- दूसरा पहर के पूजन का समय 26 फरवरी को रात 9 बजकर 26 मिनट से 27 फरवरी को अर्धरात्रि 12 बजकर 34 मिनट तक रहेगा।**

**- तीसरे पहर के पूजन का समय 27 फरवरी को अर्धरात्रि 12 बजकर 34 मिनट से सुबह 3 बजकर 41 मिनट तक रहेगा।**

**- चौथे पहर के पूजन का समय 27 फरवरी को सुबह 3 बजकर 41 मिनट से सुबह 6 बजकर 48 मिनट तक रहेगा।**

**महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक का मुहूर्त**

महाशिवरात्रि के दिन महादेव का जलाभिषेक का विशेष महत्व है। इस दिन सुबह 6 बजकर 47 बजे से सुबह 9 बजकर 42 बजे तक जल चढ़ाया जा सकता है। इसके बाद मध्यान्ह काल में भी सुबह 11 बजकर 06 बजे से लेकर दोपहर 12 बजकर 35 बजे तक जल चढ़ाया जा सकता है। फिर, दोपहर 3 बजकर 25 बजे से शाम 6 बजकर 08 बजे तक भी जलाभिषेक किया जा सकता है। और आखिरी मुहूर्त रात में 8 बजकर 54 मिनट पर शुरू होगा और रात 12 बजकर 01 बजे तक रहेगा।

**महाशिवरात्रि पूजन विधि**

महाशिवरात्रि के चारों पहर के पूजन में भगवान शिव का रुद्राभिषेक होता है और उसके बाद हवन किया जाता है। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भगवान शंकर की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक करें। इसके पश्चात आठ लोटे केसर मिश्रित जल अर्पित करें। पूरी रात दीप प्रज्वलित रखें और चंदन का तिलक लगाएं। भगवान शिव को बेलपत्र, भांग, धतूरा, गन्ने का रस, तुलसी, जायफल, कमल गट्टे, फल, मिष्ठान, मीठा पान, इत्र एवं दक्षिणा अर्पित करें। अंत में केसर युक्त खीर का भोग लगाकर प्रसाद वितरित करें।

इस पावन दिन पर ऊं नमो भगवते रूद्राय, ऊं नमः शिवाय रूद्राय शम्भवाय भवानीपतये नमो नमः मंत्रों का जाप करें और शिव पुराण का पाठ अवश्य करें। महाशिवरात्रि की रात्रि में जागरण का भी विशेष महत्व है।

**महाशिवरात्रि पर जरूर करें ये खास उपाय**

महाशिवरात्रि की रात्रि में शिव मंदिर में जाकर विधि-विधान से पूजा अर्चना करें और शिवलिंग के पास देसी घी का दीपक जलाएं। ऐसा करने से धन से जुड़ी समस्या से छुटकारा मिलता है।

यदि आपके मंदिर में शिवलिंग नहीं है तो महाशिवरात्रि के दिन अपने घर पर छोटा सा शिवलिंग लाए और विधि-विधान से अभिषेक करके स्थापित करें। ऐसा करने से घर से दुख दरिद्रता दूर होती है।

शिवरात्रि पर भगवान शिव के साथ-साथ हनुमान चालीसा का पाठ करने से दोनों की विशेष कृपा प्राप्त होती है और भक्तों की सभी परेशानियां दूर होती हैं।



# अल्लू अर्जुन की फ्लावर नहीं फायर है 'पुष्पा' ने बच्चों को बिगाड़ा.., अध्यापिका ने किया दावा



बाहुबली के बाद 'पुष्पा' ने फिल्म इंडस्ट्री में एक क्रांति लाने का काम किया था। इसने लोगों को ऐसा दिवाना बनाया था कि दर्शक हर जगह इस फिल्म के डायलॉग बोलते नजर आते थे। इसको लेकर एक स्कूल की अध्यापिका ने अल्लू अर्जुन अभिनीत 'पुष्पा' के ऐक्शन को लेकर कहा कि बच्चे इससे प्रभावित होकर अच्छा व्यवहार नहीं करते।

**बच्चे अजीब हेयरस्टाइल करते हैं**

'पुष्पा' फिल्म को लेकर अब ये सामने आया है कि इसने बच्चों का बिगाड़ने का काम किया है, जिसका जिक्र गुल्ते रिपोर्ट में किया गया है। इसमें हैदराबाद के एक सरकारी स्कूल युसुफगुडा की प्रधानाध्यापिका ने बच्चों के बिगड़ने के पीछे 'पुष्पा' फिल्म का भी हाथ बताया। शिक्षिका ने कहा बच्चे अपने आस-पास के माहौल से प्रभावित होकर बुरा व्यवहार कर रहे हैं। 'पुष्पा 2' फिल्म के कलाकारों से मिलते-जुलते हेयरस्टाइल बच्चे करके आते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आजकल बच्चे अपने घरों और गलियों से गंदी भाषा भी सीख रहे हैं।

**यूजर्स बोले- बच्चे फिल्मों से प्रेरणा ले रहे**


इस मामले के सामने आते ही यूजर्स कई तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने कहा कि अगर आपको लगता है पुष्पा ने बच्चों को बिगाड़ा तो इसका मतलब बच्चे फिल्मों से सीख रहे हैं। इसलिए बच्चों को 12वीं फेल, सुपर 30, जैसी फिल्में दिखाएं, जिससे वो कुछ सीखेंगे और अच्छा व्यवहार करेंगे।

**'पुष्पा 2' फिल्म के बारे में**

सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म 'पुष्पा 2- द रूल' में अल्लू अर्जुन के साथ रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आई थी। इस फिल्म ने कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1799 करोड़ रूपये की कमाई की थी। यह फिल्म 'पुष्पा- द राइज' का दूसरा भाग था। इसका पहला पार्ट साल 2021 में सिनेमाघरों में रिलीज हुआ था।

# अभिषेक बनर्जी ने साझा किया महाकुंभ से प्रयागराज में फिल्म की शूटिंग का अनुभव

महाकुंभ पहुंचने वाले कलाकारों में अब बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बनर्जी भी शामिल हो चुके हैं। अभिनेता लगभग सात से आठ दिनों से प्रयागराज में ही हैं और महाकुंभ में ही अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। अब अभिनेता ने अपने हफ्तेभर का अनुभव फैंस के साथ साझा किया है। अभिषेक ने एएनआई से बातचीत के दौरान महाकुंभ में शामिल होने को लेकर खुशी जाहिर की।



**यात्रा पर क्या बोले अभिषेक**

महाकुंभ में शामिल होने पर अभिषेक बनर्जी ने कहा, 'यह बहुत दिव्य अनुभव है...मैं पिछले 7-8 दिनों से यहां रह रहा हूं। मैंने लोगों की भक्ति को बहुत करीब से देखा है...देश भर से लोग बड़ी संख्या में महाकुंभ में भाग लेने आ रहे हैं...मानवता बहुत प्रेरणादायक है।' साथ ही अभिनेता ने लोगों की भक्ति का सम्मान किया।

**फिल्म की शूटिंग का आखिरी दिन**

अभिनेता ने आगे कहा कि वह यहां लगभग सात से आठ दिनों से हैं और उन्हें यहां बहुत अच्छा लगा। व्यवस्था बहुत अच्छी है। उनकी फिल्म की शूटिंग का आज आखिरी दिन है। मंगलवार को वे मुंबई लौट जाएंगे। कुछ दिनों पहले अभिनेता के शूटिंग सेट से कई तस्वीरें ऑनलाइन सामने आई थीं। फिल्म की कहानी और कलाकारों सहित अन्य विवरण अभी तक सामने नहीं आए हैं।

**शहाना गोस्वामी के साथ की शूटिंग**

अभिषेक को प्रयागराज में अपनी सह-अभिनेत्री शहाना गोस्वामी और फिल्म की टीम के साथ शूटिंग करते हुए देखा गया था, जहां वे महाकुंभ के आसपास की आध्यात्मिक ऊर्जा में डूबे हुए नजर आए। शहर की पृष्ठभूमि में फिल्म की अनूठी सेटिंग को देखते हुए यह फिल्म बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक मानी जा रही है।

# 'बाहुबली 2' को भी धराशायी करने में कामयाब रहा 'छावा', सवाल ये फिल्म में सच कितना, कल्पना कितनी



रिलीज के सिर्फ 10 दिनों में 326.75 करोड़ रुपये कमाने वाली निर्देशक लक्ष्मण उतेकर की फिल्म 'छावा' को लेकर विवाद भी हो रहे हैं। शोधार्थी अंकित जायसवाल ने अपने सोशल मीडिया पेज पर फिल्म के तथ्यों से काफी परे होने की बात लिखी है। उन्होंने शिवाजी और संभाजी के रिश्तों के बारे में फिल्म में ज्यादा कुछ न होने पर भी सवाल उठाए। लक्ष्मण उतेकर ने भी अब जाकर ये बात मानी है कि फिल्म में दिखाए गए कई तथ्य उनकी कल्पना से उपजे हैं। येसुबाई के वंशजों की तरफ से इस बारे में भेजे गए मानहानि के नोटिस के बाद उतेकर ने ये बात कही है।

अब जबकि महाराष्ट्र के दर्शकों के सामने भी ये धीरे धीरे साफ होता जा रहा है कि फिल्म 'छावा' में ऐतिहासिक तथ्यों के साथ छेड़छाड़ की गई है, फिल्म का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर तीन सौ करोड़ रुपये की कमाई के आगे निकल जाना ये साबित करता दिखता है कि दर्शक अचरज भरी फिल्मों के लिए सिनेमाघर आने के लिए तैयार बैठे हैं। फिल्म 'छावा' के विजुअल इफेक्ट्स की हर तरफ खूब तारीफ हो रही है और फिल्म में संभाजी का किरदार निभाने वाले विक्की कौशल इसी के साथ उस इलीट क्लब में शामिल हो गए हैं, जिसमें अल्लू अर्जुन, शाहरुख खान, सनी देओल, प्रभास और श्रद्धा कपूर की गिनती होती रही है।

फिल्म 'छावा' को रिलीज हुए 10 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते यानी रिलीज के पहले सात दिन में ही 219.25 करोड़ रुपये का कारोबार करके साल का पहला बड़ा हंगामा कर दिया। फिल्म को शिवाजी जयंती का खूब लाभ मिला और इसके बाद आए वीकएंड पर तो फिल्म ने गजब ही कर दिया। फिल्म ने रिलीज के दूसरे शुक्रवार 23.50 करोड़ रुपये, दूसरे शनिवार को 44 करोड़ रुपये और रिलीज के दूसरे रविवार को 40 करोड़ रुपये की कमाई की है।

फिल्म का कलेक्शन रिलीज के दूसरे हफ्ते में भी शानदार ही दिख रहा है। फिल्म के घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा छू लेने में ज्यादा दिक्कत नहीं नजर आ रही है। लेकिन फिल्म का 500 करोड़ क्लब में शामिल होना मुश्किल हो सकता है। हालांकि, सच ये भी है कि जिस भी फिल्म ने हाल के दिनों में 400 करोड़ की कमाई का आंकड़ा छुआ है, वह फिल्म 500 करोड़ के पार जाने में भी सफल रही है। हिंदी में रिलीज फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 10 फिल्मों में अभी निर्देशक सुकुमार की अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म 'पुष्पा 2' 830.10 करोड़ रुपये की कमाई के साथ नंबर वन पर है।

# 49 साल की वो फेमस एक्ट्रेस...जिनका असली नाम है 'अशिवनी' हसबैंड लुटाते हैं जान, फिटनेस में हर हसीना से आगे!

बॉलीवुड की कई एक्ट्रेस ने अपने नाम बदले. सालों से इंडस्ट्री में राज कर रही 49 साल की इस एक्ट्रेस का असली नाम भी फैंस से आज तक छिपा हुआ है. कई सुपरहिट फिल्मों, गानों और शो में इन्हें देखा जा चुका है. 2 बच्चों की मम्मी हैं. जानिए आखिर कौन है ये बेहद सुंदर हसीना.

फिटनेस, डांस और एक्टिंग में माहिर ये एक्ट्रेस कोई और नहीं शिल्पा शेट्टी हैं. सालों से फैंस उन्हें इंडस्ट्री में देख रहे हैं. लेकिन किसी को नहीं पता की उनका असली नाम शिल्पा नहीं अश्विनी था.

सिर्फ शिल्पी शेट्टी ने ही अपना नाम नहीं बदला. कई सितारे अपना नाम बदल चुके हैं. शिल्पा शेट्टी को किसी ने सलाह दी थी कि वो अपना नाम बदल लें. एक्ट्रेस ने बात मानी भी. रिपोर्ट के मुताबिक शिल्पा शेट्टी की मां ने एक्ट्रेस का नाम बदलने का फैसला लिया था. उनका मानना था कि ऐसा करने से करियर में फायदा मिलेगा. शिल्पा की मां का नाम सुनन्दा शेट्टी है.

इस बात में कोई शक नहीं है कि शिल्पा ने इंडस्ट्री में खास जगह बनाई. यही वजह है कि सालों बाद भी कई रिएलिटी शो होस्ट करने के लिए उन्हें चुना जाता है.

1993 में रिलीज हुई फिल्म 'बाजीगर' से उन्होंने इंडस्ट्री में कदम रखा. पहली ही फिल्म बॉक्स-ऑफिस परह सुपरहिट हुई. इस मूवी में काजोल और शाहरुख खान जैसे भी कई नामी सितारे नजर आए थे.

एक्टिंग के साथ-साथ फैंस शिल्पा की फिटनेस और योग से भी इंस्पायर होते हैं. उनके डांस मूव्स भी कमाल के होते हैं. 49 की उम्र में भी वो यंग एक्ट्रेस को टक्कर देती दिखती हैं.

साल 2009 में शिल्पा शेट्टी ने शादी की. एक्ट्रेस 2 बच्चों की मां हैं, जिनका नाम विआन और समीशा है. राज कुंद्रा बिजनेसमैन हैं. फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक राज कुंद्रा की नेटवर्थ 2,800 करोड़ रुपये है. वहीं, शिल्पा शेट्टी की नेटवर्थ की बात करें तो वो 134 करोड़ रुपये है. एक्टिंग, रिएलिटी शो और विज्ञापन के अलावा शिल्पा बास्टियन रेस्तरां चेन में भी 50% हिस्सेदारी रखती हैं.





# आशीष चंचलानी-रणवीर अल्लाहबादिया ने साइबर सेल से किया संपर्क, बयान दर्ज कराने की कही बात

यूट्यूबर आशीष चंचलानी और रणवीर अल्लाहबादिया ने महाराष्ट्र साइबर सेल के अधिकारियों से संपर्क किया है। महाराष्ट्र साइबर सेल अधिकारियों ने बताया कि आशीष चंचलानी और रणवीर अल्लाहबादिया ने अपने बयान दर्ज कराने की बात कही है। महाराष्ट्र साइबर सेल ने दोनों को बयान दर्ज कराने के लिए समन भेजा था। बता दें कि समय रैना को भी दो बार महाराष्ट्र साइबर सेल की ओर से समन भेजा जा चुका है।



**समय रैना को भेजा गया दूसरा समन**

समय रैना को इससे पहले 18 फरवरी को बयान दर्ज करने के लिए उपस्थित न होने के बाद मुद्दा उठा है। महाराष्ट्र साइबर सेल ने बयान जारी किया है कि रैना को आज एक और समन भेजा गया, ताकि उनके बयान की रिकॉर्डिंग के लिए उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। हालांकि, समय रैना की ओर से फिलहाल कोई अपडेट सामने नहीं आया है।

**हट चुका है विवादित वीडियो**

गौरतलब है कि बीयरबाइसेप्स यूट्यूब चैनल चलाने वाले रणवीर अल्लाहबादिया ने 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो पर एक कंटेस्टेंट से बेहद आपत्तिजनक सवाल किया था। इस सवाल से काफी ज्यादा विवाद खड़ा हो गया और रणवीर, समय सहित कई लोगों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई। साथ ही, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के हस्तक्षेप के बाद यह वीडियो यूट्यूब से हटा लिया गया।

**विवाद पर समय रैना ने दी ऐसी प्रतिक्रिया**

समय रैना ने भी इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, "जो कुछ भी हो रहा है, वह मेरे लिए संभालना बहुत मुश्किल हो गया है। मैंने अपने चैनल से इंडियाज गॉट लैटेंट के सभी वीडियो हटा दिए हैं। मेरा एकमात्र उद्देश्य लोगों को हंसाना और अच्छा समय बिताना था। मैं सभी एजेंसियों के साथ पूरी तरह से सहयोग करूंगा ताकि उनकी जांच निष्पक्ष रूप से पूरी हो सके। धन्यवाद।"

# 'हिट 3' का टीजर जारी, अर्जुन सरकार के किरदार में दिखा नानी का हिंसक अवतार




साउथ के नेचुरल स्टार नानी की आगामी फिल्म 'हिटः द थर्ड केस' का टीजर जारी हुआ है। आज अभिनेता के जन्मदिन पर फैंस को खास तोहफा मिला है। फिल्म के टीजर में नानी का हिंसक पक्ष दिखाया गया है अभिनेता के जन्मदिन के अवसर पर रिलीज की गई है। टीजर में नानी का हिंसक पक्ष दिखाया गया है। साथ ही अभिनेता का एक्शन अवतार देखने को मिला।

**फिल्म का टीजर**

नानी ने अपने चौंकाने वाले परिवर्तन से दर्शकों को चौंका दिया। फिल्म में नानी ने एक क्रूर पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है, जो अपराधियों पर कोई दया नहीं दिखाता। कश्मीर की भयावह पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म अर्जुन सरकार (नानी द्वारा अभिनीत) की कहानी बयां करता है, जो एक उग्र और निर्दयी अधिकारी है, जिसे एक सीरियल किलर का शिकार करने के लिए बुलाया जाता है।

**फ्रेंचाइजी में सबसे खास 'हिट 3'**

टीजर में एक दृश्य में नानी को एक गुंडे के शरीर को बेरहमी से चीरते हुए दिखाया गया है, जो फ्रेंचाइजी में एक्शन का तड़का लगा रहे हैं। विश्वक सेन और अदिवी सेश अभिनीत हिट फ्रेंचाइजी की पहली दो किस्तों को इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश किया गया था, लेकिन हिट 3 में निर्देशक नानी के हिंसक पक्ष को अधिक दिखा रहे हैं। टीजर के एक संवाद में नानी कहते हैं कि धारणा के विपरीत वह स्वाभाविक रूप से हिंसक हैं।

**इस दिन रिलीज होगी फिल्म**

नानी के अलावा फिल्म में श्रीनिधि शेट्टी भी मुख्य भूमिका में होंगी। इससे पहले इंस्टाग्राम पर अपने लुक का परिचय देते हुए नानी ने लिखा, 'पुलिस कम। अपराधी ज्यादा। अर्जुन सरकार ने कार्यभार संभाला। 'नानी 32' अब 'हिट द थर्ड केस है'। खून के दरवाजे 1 मई 2025 को खुलेंगे।' फिल्म में उनके किरदार से पता चलता है कि वह पुलिस वाले से कम और अपने तरीके से मामलों को सुलझाने वाले अपराधी से ज्यादा होंगे। शैलेश कोलानू द्वारा निर्देशित यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। प्रशंसक अभिनेता को इस नए अवतार में देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# दो महीने में तीसरी बार रेसिंग के दौरान कार दुर्घटना का शिकार हुए अजित कुमार, वीडियो वायरल

तमिल अभिनेता अजित कुमार एक बार फिर स्पेन के वेलेंसिया में एक हाई-स्पीड रेसिंग इवेंट में कार दुर्घटना का शिकार हो गए। 'पोर्श स्प्रिंट चैलेंज' के दौरान उनके साथ यह घटना हुई। दो महीनों में यह तीसरी बार हो रहा है, जब वह कार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इससे पहले एक दुर्घटना पुर्तगाल के एस्टोरिल में एक प्रमुख मोटरस्पोर्ट रेसिंग इवेंट से पहले हुई थी, जबकि दूसरी जनवरी में 'दुबई ऑटोड्रोम' में एक अभ्यास सत्र के दौरान हुई थी। स्पेन में हुई दुर्घटना का वीडियो भी सामने आया है।

दुर्घटना का वीडियो आया सामने

अजीत कुमार के मैनेजर सुरेश चंद्रा द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें अजित की कार रेस ट्रैक पर एक अन्य वाहन से टकराने के बाद कई बार पलटती हुई दिखाई देती है। हालांकि, वह सुरक्षित बच गए।




कैसी है अजीत की हालत

वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, ₹वेलेंसिया स्पेन में जहां रेस हो रही थी, राउंड 5 अजित कुमार के लिए अच्छा रहा। वह 14वें स्थान पर रहें, जिसके बाद सभी ने उनकी सराहना की। राउंड 6 दुर्भाग्यपूर्ण रहा। अन्य कारों के कारण 2 बार दुर्घटनाग्रस्त हुए। वीडियो में स्पष्ट रूप से दिखाया गया है कि उनकी कोई गलती नहीं थी।₹ उन्होंने कैप्शन में लिखा है, ₹पहली बार दुर्घटना के बावजूद वह वापस आ गए और अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे। जब दूसरी बार फिर दुर्घटना हुई और वह दो बार गिर गए। उनकी दृढ़ता और मजबूत हो गई और वह फिर से बिना किसी चोट के रेस जारी रखने के लिए बाहर आ गए। चिंता और शुभकामनाओं के लिए सभी प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद। एके ठीक है।

अजीत कुमार का वर्क फ्रंट

अजीत कुमार के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उनकी तमिल एक्शन थ्रिलर फिल्म 'विदामुयर्ची' सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म का निर्देशन मगिज थिरुमेनी ने किया है। यह फिल्म 1997 की अमेरिकी फिल्म ब्रेकडाउन से प्रेरित बताई जा रही है। 'विदमुयर्ची' में अर्जुन सरजा, त्रिशा कृष्णन, रिजीना कैसांड्रा, आरव और राम्या सुब्रमण्यम भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। उनके आगामी कार्यों की बात करें तो अभिनेता अब फिल्म 'गुड बैड अग्ली' में नजर आएंगे।

# हाई बीपी के मरीज ऐसे रखें अपनी सेहत का ध्यान

**हाई ब्लड प्रेशर** एक 'साइलेंट किलर' स्थिति है। जब ब्लड वेसेल्स में बहने वाले खून का बल बहुत अधिक होता है, तब उस स्थिति को हाई ब्लड प्रेशर कहा जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर आपका ब्लड प्रेशर 90/60 mmHg से ज्यादा और 120/80 mmHg से कम है, तो आपकी स्थिति स्वस्थ मानी जाती है। अगर रक्तचाप 120/80 mmHg और 140/90 mmHg के बीच है, तो इस स्थिति को भी सामान्य ही माना जाता है। हालांकि, अगर आपका ब्लड प्रेशर 130/80 mmHg या इससे ज्यादा है, तो इसे हाई ब्लड प्रेशर माना जाएगा।

वहीं, लंबे समय तक हाई बीपी की स्थिति दिल से जुड़ी गंभीर परेशानियों के खतरे को बढ़ा सकती है। बता दें कि अगर समय रहते ब्लड प्रेशर को कंट्रोल न किया जाए, तो ये हार्ट अटैक, हार्ट फेलियर, स्ट्रोक और दिल से जुड़ी अन्य जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकता है। साथ ही ये किडनी को भी बुरी तरह प्रभावित करता है और इसके चलते आपकी आंखों की रोशनी भी कमजोर पड़ने लगती है। ऐसे में बीपी के मरीजों के लिए अपनी सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी हो जाता है। इसी कड़ी में यहां हम आपको 5 आसान तरीके बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप स्थिति को अधिक गंभीर होने से रोक सकते हैं।



**सोडियम का सेवन कम करें**

कई शोध के नतीजे बताते हैं कि अतिरिक्त सोडियम के सेवन से हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ जाता है। सोडियम के अधिक सेवन से खून में पानी की मात्रा ज्यादा होने लगती है, जिससे हृदय को काम करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। ऐसा होने पर आपका ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है और बढ़ा हुआ बीपी से हार्ट फेलियर, स्ट्रोक और हार्ट अटैक जैसी जानलेवा स्थिति का कारण बनता है।

ऐसे में अगर आप हाई बीपी के मरीज हैं, तो लो सोडियम डाइट पर अधिक जोर दें। लो सोडियम डाइट और कुछ नहीं, बल्कि डाइट में सोडियम लेने की एक सही मात्रा है। आसान भाषा में समझें, तो सोडियम का सेवन इस तरह से करना कि ये शरीर की जरूरतों को भी पूरा कर सके और इसके सेवन से बॉडी पार्ट्स को नुकसान भी ना पहुंचे।

**केला खाएं**

अगर आपका बीपी समय-समय पर बढ़ जाता है, तो ऐसे में आप एक केले का सेवन कर सकते हैं। केला हाई बीपी की स्थिति में कुछ हद तक राहत पाने में मददगार हो सकता है। दरअसल, केले में पोटैशियम की अच्छी मात्रा पाई जाती है वहीं, उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों के लिए पोटैशियम बेहद फायदेमंद है। पोटैशियम आपके रक्तचाप पर सोडियम के प्रभाव को रोकता है और रक्त वाहिकाओं पर दबाव को कम करता है। ऐसे में केले का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

इससे अलग आप पत्तेदार सब्जियां खा सकते हैं, टमाटर, आलू और शकरकंद खा सकते हैं। इन सब से अलग खरबूजे, एवोकाडो, संतरे, खुबान, नट्स एंड सीड्स आदि में भी पोटैशियम की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो भी हाई बीपी के मरीजों के लिए फायदेमंद हो सकती है।

**शारीरिक गतिविधि बढ़ाएं**

शारीरिक गतिविधि खासकर नियमित एक्सरसाइज हाई बीपी की स्थिति पर काबू पाने में मददगार हो सकती है। कई शोध के नतीजे बताते हैं कि रोज केवल 30 से 45 मिनट तक की गई एक्सरसाइज आपके दिल की सेहत को बेहतर बनाती है, जिससे रक्त को अधिक कुशलता से पंप करने में मदद मिलती है और धमनियों पर दबाव कम होता है। यहां तक कि रोजाना 40 मिनट तक पैदल चलना भी आपको स्वस्थ और सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त है। ऐसे में जानलेवा स्थिति से बचने के लिए शारीरिक गतिविधि बढ़ाएं।

रिफाइंड कार्ब्स से बनाएं दूरी

हाल ही की एक रिपोर्ट के मुताबिक, केवल ज्यादा नमक ही नहीं, बल्कि ज्यादा मात्रा में सफेद चीनी और रिफाइंड कार्ब्स का सेवन भी हाई बीपी की परेशानी को बढ़ा सकता है। ब्रेड और सफेद चीनी जैसे खाद्य पदार्थ आपके रक्तप्रवाह में तेजी से शर्करा में परिवर्तित हो जाते हैं और समस्याएं पैदा कर सकते हैं। ऐसे में अगर आप ब्लड प्रेशर के मरीज हैं, तो रिफाइंड कार्ब्स के अधिक सेवन से बचें।

**शराब और स्मोकिंग की लत हो सकती है जानलेवा**

इन सब से अलग सिगरेट और शराब दोनों ही उच्च रक्तचाप में योगदान कर सकती हैं। कई हेल्थ रिपोर्ट्स बताती हैं कि दुनिया भर में उच्च रक्तचाप के 16 प्रतिशत मामलों में शराब का योगदान है। शराब और निकोटीन दोनों अस्थायी रूप से रक्तचाप के स्तर को बढ़ा सकते हैं और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में शराब और स्मोकिंग की आदतों से भी दूरी बना लें।

# क्या आप भी टॉयलेट में चलाते हैं मोबाइल फोन?

## सावधान- ये आदत पाइल्स का बढ़ा सकती है खतरा

मोबाइल फोन्स हमारे दिनचर्या का एक अहम हिस्सा बन गए हैं। सुबह से लेकर शाम तक हम सभी किसी न किसी काम से मोबाइल से चिपके रहते हैं। कई अध्ययन चिंता जताते रहे हैं कि मोबाइल फोन्स से लगे रहने की आदत स्क्रीन टाइम को बढ़ा रहे हैं, जिसके कारण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों पर गंभीर असर हो रहा है। इसके अलावा मोबाइल फोन्स की बढ़ती लत से संबंधित एक दुष्प्रभाव को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट किया है।

क्या आप भी टॉयलेट में अपना फोन लेकर जाते हैं? अगर हां, तो सावधान हो जाइए। ये आदत आपको गंभीर रूप से बीमार करने वाली हो सकती है। टॉयलेट में फोन चलाने के कारण संक्रामक बीमारियों के बढ़ने के जोखिमों के अलावा ये स्थिति आपमें पाइल्स और एनल फिस्टुला जैसी बीमारियों का भी कारण बन सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट किया है कि जिन लोगों की ऐसी आदत है वो तुरंत सुधार कर लें। आइए इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानते हैं।

**टॉयलेट में लंबे समय तक मोबाइल चलाने के नुकसान**

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में डॉक्टर्स ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में पाइल्स और फिस्टुला के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। निष्क्रिय जीवनशैली और खराब आहार तो इसका कारण है ही साथ ही टॉयलेट में लंबे समय तक मोबाइल के इस्तेमाल को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। लाइफस्टाइल-आहार में गड़बड़ी के अलावा लंबे समय तक टॉयलेट में बैठने की आदत मलाशय क्षेत्र पर अधिक दबाव बढ़ा रही है जिसकी वजह से सभी उम्र के लोगों में पाइल्स और फिस्टुला की दिक्कत बढ़ रही है।



**पाइल्स और फिस्टुला की समस्या**

पाइल्स और फिस्टुला दोनों ही मलाश क्षेत्र में होने वाली समस्या मानी जाती है। पाइल्स जिसे बवासीर भी कहा जाता है, ये गुदा नलिका (एनल कैनल) की रक्त वाहिकाओं में सूजन के कारण होता है। जबकि फिस्टुला एनल कैनल में संक्रमण के कारण होने वाली समस्या है। फिस्टुला मुख्य रूप से आंतरिक हिस्से में होता है जबकि पाइल्स बाहरी या आंतरिक दोनों में हो सकता है।

डॉक्टर बताते हैं, शौचालय में बैठकर लंबे समय तक मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से बवासीर होने का खतरा बढ़ सकता है। कमोड सीट पर लंबे समय तक बैठना मलाशय क्षेत्र में नसों पर दबाव बढ़ता है, जिसके कारण इसमें समय के साथ सूजन की दिक्कत बढ़ जाती है जिसे पाइल्स का कारण माना जाता रहा है।

**संक्रमण और अन्य बीमारियों का खतरा**

मोबाइल फोन्स पर रील्स देखते रहने की आदत के चलते पहले की तुलना में अब औसतन 10 मिनट लोग सीट पर बिता रहे हैं। टॉयलेट सीट्स पर रोगजनकों अधिक होते हैं, ऐसे में शरीर के संवेदनशील जननांग हिस्सों में संक्रमण का खतरा भी अधिक हो सकता है।

इसके अलाव गतिहीन जीवनशैली और खराब खान-पान की आदत आपके जोखिमों को दोगुना कर देती है। कम पानी पीने, जंक फूड का अधिक सेवन और टॉयलेट में लंबे समय तक बैठने जैसी आदत मिलकर इस तरह की बीमारियों के खतरे को कई गुना तक बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

**कहीं आपको भी तो नहीं हो गई है ये बीमारी?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाइल्स और फिस्टुला दोनों ही बीमारियां काफी आम हो गई हैं। इसलिए समय रहते इसके लक्षणों की पहचान और इसका इलाज प्राप्त करना बहुत जरूरी हो जाता है। पाइल्स के शुरुआती चरणों में कोई स्पष्ट लक्षण नजर नहीं आते हैं क्योंकि यह दर्द रहित होती है, हालांकि बीमारी बढ़ने के कारण मलाशय में सूजन, खून आने और दर्द की समस्या काफी बढ़ जाती है। वहीं पाइल्स के कारण भी आपको इसी तरह की दिक्कते होती हैं। पर चूंकि फिस्टुला एक संक्रामक स्थिति है इसलिए आपको गुदा क्षेत्र से मवाद आने की भी दिक्कतहो सकती है।

तरल पदार्थों और हाई फाइबर युक्त आहार के अधिक सेवन के साथ स्वच्छता की आदतों को बनाए रखने से इन समस्याओं से बचा जा सकता है। मल त्यागते समय बहुत अधिक दबाव न डालने की भी सलाह दी जाती है।

# किस वजह से ब्लॉक होती है पैरों की नसें, लक्षण और कारण

**नसें शरीर के** हर कोने में पोषण और ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करती हैं परंतु जब इन्हीं में कुछ समस्या आ जाए या फिर किसी तरह का ब्लॉकेज हो जाए तो ब्लड सर्कुलेशन में रुकावट भी आने लगती है। खराब ब्लड सर्कुलेशन के कारण कुछ समस्याएं बढ़ सकती हैं। इसके अलावा पैरों में दर्द भी नसों में रुकावट और ब्लॉकेज का संकेत हो सकता है लेकिन दर्द के अलावा भी पैरों की नसें ब्लॉक होने पर कुछ लक्षण नजर आते हैं। तो चलिए जानते हैं इन लक्षणों के बारे में।



**घुटने के आस-पास सूजन**

नसों में ब्लॉकेज होने के कारण आपके घुटनें और उनके आस-पास की जगह में सूजन आने लगती है। कुछ लोगों के पूरे पैर में सूजन भी हो सकती है।

**पैरों का ठंडा होना**

जब पैर की नसों में ब्लॉकेज हो जाती है तो पैर और तलवे भी ठंडे पड़ जाते हैं। यह समस्या किसी भी मौसम में हो सकती है।

**नसों का नीला पड़ना**

जब ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह से नहीं हो पाता तो भी नसें खराब होने लगती है। इसके कारण नसों का रंग काला या फिर नीला होने लगता है।

**दर्द महसूस होना**

नसें ब्लॉक होने के कारण पैरों में अकड़न और प्रभावित जगह को छूने पर भी आपको बहुत ज्यादा दर्द महसूस हो सकता है।

**पैरों की नसें क्यों होती हैं ब्लॉक?**

पैरों की नसें ब्लॉक तब होती हैं जब नसों में ब्लड सर्कुलेशन या फिर रक्त संचार अच्छे से नहीं हो पाता। इस स्थिति में नसों में दबाव बनने लगता है और प्रेशर बढ़ने के कारण नसों को बहुत नुकसान होता है। इसके कारण पैरों में दर्द और अन्य समस्याएं होने लगती हैं।

**ये कारण भी हो सकते हैं जिम्मेदार**

. पैरों की नसों में कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने के कारण भी यह ब्लॉक हो सकती हैं।

. नींद की कमी के कारण यह समस्या दिख सकती है।

. डायबिटीज या फिर हाई ब्लड प्रेशर के कारण पैरों में नसें ब्लॉक होने लगती हैं।

. यदि आप स्मोकिंग और तंबाकू का सेवन करते हैं तो भी पैरों की नसों में ब्लॉकेज होने लगती है।

# रीढ़ की हड्डी का दर्द होगा दूर, रुटीन में शामिल करें ये योगासन

**खराब लाइफस्टाइल** के कारण आजकल कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। इसके अलावा आलस्य के चलते लोग फिजिकल एक्टिविटी भी कम करते हैं और सारा दिन बैठकर निकाल देते हैं लेकिन इसका स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है। सारा दिन एक ही जगह बैठकर कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल और कंप्यूटर पर काम करने के कारण कमर में दर्द जैसी परेशानी होने लगती है। इसके अलावा जो लोग गलत तरह से बैठते हैं उनका पोश्चर बिगड़ने के कारण रीढ़ की हड्डी में दर्द हो सकता है। रीढ़ की हड्डी में होने वाले दर्द से छुटकारा पाने के लिए आप कुछ योगासन कर सकते हैं। आज आपको कुछ ऐसे योगासन बताते हैं जो रीढ़ की हड्डी में होने वाले दर्द से छुटकारा दिलवाएंगे। आइए जानते हैं।



**मकरासन**

मकरासन करने के लिए पेट के बल लेट जाएं। फिर कुहनियों की सहारे सिर और कंधे को उठाएं और हथेलियों पर ठोड़ी को टिका दें। आंखों को बंद करते हुए पूरे शरीर को ढीला छोड़ दें। 5-10 मिनट इस आसन का अभ्यास करने के बाद वापिस इसी अवस्था में आ जाएं।

**बलासन**

यह आसन भी रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसे करने के लिए सबसे पहले घुटनों के बल बैठ जाएं और फिर शरीर का सारा भार अपनी एड़ियों पर डालें। अब गहरी सांस लेते हुए आगे की ओर झुकें। इस दौरान ध्यान रखें कि आपका सीना जांघों को छूए और माथे से फर्श को छूने की कोशिश करें। कुछ सैकेंड तक इसी अवस्था में रहें और फिर वापिस आ जाएं।

**भुजंगासन**

रीढ़ की हड्डी के लिए भुजंगासन भी बहुत अच्छा माना जाता है। इसे करने के लिए सबसे पहले पेट के बल जमीन पर लेट जाएं। फिर दोनों पैर सीधे करके मिला लें। अब दोनों हाथों को चेहरे के सामने रख लें। दोनों हाथ की उंगलियों को पान का आकार दें।

उसी आकार में अपनी ठोड़ी को रखें। फिर सांस भरते हुए धीरे-धीरे दोनों हाथों को सीधा कर लें। कुछ समय तक ऐसी ही स्थिति में रुकें और फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए अपनी स्थिति में आ जाएं।

**ताड़ासन**

इस आसन को करने के लिए सबसे पहले खड़े हो जाएं। फिर अपनी कमर और गर्दन सीधी रखें। फिर अपने हाथ को सिर के ऊपर ले जाएं और धीरे-धीरे सांस लेते हुए अपने शरीर को ऊपर की ओर खींचें। इस अवस्था में कुछ देर तक रहें और सांस खीचें। अब सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे अपने हाथ और शरीर को पहली वाली अवस्था में ले आएं। ऐसे ही कम से कम 3-4 बार करें।

# यूरिक एसिड से हैं परेशान तो पानी मिलाकर पिये ये चीजें

**बिगड़ी हुई** लाइफस्टाइल और अनहेल्दी खाने की हैबिट्स लोगों को कई तरह की परेशानियों से घेर रही हैं। इन्हीं में एक है हाइपरयूरिसीमिया की परेशानी। बता दें कि खून में अधिक मात्रा में यूरिक एसिड मौजूद होने की स्थिति को हाइपरयूरिसीमिया कहा जाता है। वहीं, बात यूरिक एसिड की करें, तो ये शरीर में प्यूरीन नामक रसायन के टूटने पर बनने वाला एक टॉक्सिन है।

आमतौर पर हमारी किडनी यूरिक एसिड को फिल्टर कर टॉयलेट के माध्यम से शरीर से बाहर निकाल देती हैं लेकिन अगर आप प्यूरीन से भरपूर चीजों का अत्यधिक सेवन करते हैं और इससे शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बेहद अधिक हो जाती है, तो किडनी इसे फिल्टर नहीं कर पाती हैं। ऐसे में शरीर में यूरिक एसिड एकत्रित होने लगता है, जो कई परेशानियां खड़ी कर देता है। ज्यादा मात्रा में यूरिक एसिड जोड़ों के बीच में क्रिस्टल के रूप में जम होना शुरू हो जाता है। इस स्थिति में हड्डियों के बीच गैप बढ़ जाता है और हड्डियां कमजोर पड़ने लगती हैं। ऐसे में पीड़ित शख्स को हर समय जोड़ों में तेज दर्द, ऐंठन, अकड़न, सूजन आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है।




वहीं, अगर आप भी इस तरह की परेशानी का सामना कर रहे हैं या हाई यूरिक एसिड की स्थिति से परेशान हैं, तो बता दें कि वैसे तो इसके लिए बाजार में तमाम तरह की दवाएं उपलब्ध हैं। हालांकि, आप चाहें तो कुछ नेचुरल तरीके अपनाकर भी राहत पा सकते हैं। इसी कड़ी में यहां हम आपको एक ऐसी खास ड्रिंक के बारे में बता रहे हैं, जिसका नियमित सेवन करने से यूरिक एसिड की समस्या से काफी हद तक निजात पाई जा सकती है।

**क्या है ये खास ड्रिंक?**

दरअसल, कई हेल्थ रिपोर्ट्स बताती हैं कि हल्के गर्म पानी में आधा नींबू का रस, आधा चम्मच हल्दी पाउडर और एक चम्मच सेब का सिरका मिलकर रोजाना इसका सेवन करने से यूरिक एसिड की समस्या से जल्द राहत पाई जा सकती है। बेहतर नतीजों के लिए आप दिन में 3 बार इस ड्रिंक का सेवन कर सकते हैं। आइए जानते हैं ये तमाम चीजें कैसे आपको फायदा पहुंचा सकती हैं।

**गर्म पानी**

सबसे पहले बात गर्म पानी की करें, तो हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, गर्म पानी पाचन को बढ़ावा देने में मदद करता है, जिससे शरीर में प्यूरिन पचाने की गति भी तेज हो जाती है। ऐसे में ये हड्डियों के बीच में जमता नहीं है और आपको यूरिक एसिड की स्थिति से राहत मिलती है।

**नींबू का रस**

नींबू के रस शरीर को क्षारीय बनाता है। यानी ये खून और अन्य तरल पदार्थों के पीएच स्तर को थोड़ा बढ़ा देता है, एक्सपर्ट्स बताते हैं कि इस स्थिति में यूरिक एसिड शरीर से बाहर निकलने लगता है।

**एप्पल साइडर विनेगर**

एप्पल साइडर विनेगर यानी सेब का सिरके में मैलिक एसिड अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। वहीं, मैलिक एसिड न केवल शरीर में बढ़ते यूरिक एसिड के लेवल को न्यूट्रिलाइज करता है, बल्कि ये जोड़ों में जमा यूरिक एसिड के क्रिस्टल को तोड़कर उन्हें पेशाब के रास्ते बॉडी से फ्लश आउट करने में भी मददगार है। इसके अलावा एप्पल साइडर विनेगर में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण, यूरिक एसिड के चलते जोड़ों में बढ़े दर्द और सूजन से भी राहत दिलाते हैं।

**हल्दी**

बात हल्दी की करें, तो इसमें करक्यूमिनोइड्स की मात्रा अधिक पाई जाती है, जो एक पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। इससे शरीर के किसी भी अंग में सूजन को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही ये जोड़ों में दर्द की समस्या से भी राहत दिलाने का काम करता है। इसके अलावा काली हल्दी में कार्मिनेटिव गुण होते हैं, जो पाचन एंजाइमों के स्राव को उत्तेजित कर स्वस्थ पाचन को भी बढ़ावा देते हैं, इससे प्यूरिन से भरपूर चीजों का पाचन भी बेहतर तरीके से हो पाता है और ये हड्डियों के बीच जमता नहीं है।

# दांतों में कीडें लगने से बहुत दर्द रहता है, उपचार बताएं

**प्रश्न. मेरी उम्र 38 वर्ष है। डायबिटीज का रोगी हूं। अंग्रेजी दवाई चल रही है फिर भी रक्त शर्करा नियंत्रण में नहीं आती। क्या करू उपाय बताएं.**

**- उमेश गुप्ता, हैदराबाद**

उत्तर. जीवन शैली में परिवर्तन और अनुवांशिकता के कारण दिनोदिन मधुमेहियों की संख्या बढ़ती जा रही है। तेलंगाना में हर पांच सौ आदमी मधुमेह से पीड़ित है। आराम पसंद जीवन या फिर हमेशा तनावग्रस्त रहना दोनों स्थितियों में प्रमेह रोग उत्पन्न हो जाता है। आप अभी जो अंग्रेजी दवाइयां ले रहे हैं उन्हें तुरंत ना रोके। उनके साथ ही आयुर्वेदिक दवाइयां प्रारंभ कर दें। धीरे-धीरे अंग्रेजी दवाइयों को हटाया जा सकता है।

आप उंझा जंब्रोस टिकिया दो दो गोली सुबह दोपहर शाम भोजन पूर्व लेवे। भोजन के बाद ऊंझा चंद्रप्रभा वटी एवं उंझा आरोग्यवर्धिनी वटी की एक-एक गोली ले ले। भोजन में मीठा व मिठाई बंद कर दे। हर रोज पैदल चले कसरत करें। दिवाशयन से बचे। आराम पसंद जीवन का त्याग करें स्वेद बहाएं। थोड़े ही दिनों में आपकी रक्त शर्करा सामान्य होकर मधुमेह नियंत्रण में आ जाएगा।

**प्रश्न : मेरी उम्र 25 वर्ष है। दांतों में कीड़ा लग गया है। बहुत दर्द करता है । कृपा कर सरल आयुर्वेदिक उपाय बताए ।**

**- विश्वास राव, जहीराबाद**

उत्तर : आपकी स्तिथि ' कृमिदंत ' या डेंटल केरीज कहलाती है। वात दोष के प्रकोप से दांतों में खाली स्थान या दंतखात ( डेंटल कैविटीज ) बन जाती है और इससे दंतक्षय होने लगता है। इस दंतक्षय से दांतो - मसूड़ों में शोथ, स्राव, दांतों का हिलना या दांतो का ढीलापन होकर तीव्र वेदना प्रारंभ हो जाती है।

तुरंत लाभ के लिए लवंग तैल लगाएं । बाद में ऊंझा इरिमेदादी तैल का प्रयोग करें। तीव्र वेदना में घी में भी हिंग को दंतखात ( डेंटल केविटीज ) में भर दे । यह सारी चिकित्सा सामयिक चिकित्सा होगी । पूर्ण लाभ के लिए आप दंतरोग विशेषज्ञ से मिले । केविटीज को भरवाएं। यदि दांत ज्यादा खराब हो गए हो तब सलाह लेकर ' रुट केनाल थेरेपी ' कराएं।



**प्रश्न : मेरी उम्र 30 वर्ष है। मुझे नजले की शिकायत है । नाक हमेशा बहती रहती है। नाक से पीले रंग का गाढा रेशे जैसा तरल पदार्थ निकलता रहता है । सिर व आंखों में भी दर्द रहता है। कृपया उपचार बताएं।**

**- अभिनव वर्मा, सिकंदराबाद**

उत्तर : नजला या दुकान आयुर्वेद का 'प्रतिश्याय' रोग है। इसमें नाक बहना , छींके आना , सर्दी लगकर बुखार आना, नाक में संक्रमण होना, नाक में सूजन आना, नाक बंद रहना या नासामल से भरी रहना, सिर व आंखों में भारीपन के साथ दर्द होना- यह सब प्रतिश्याय के लक्षण हैं।

साधारण औषधि योग में त्रिकटु चूर्ण ( सोंठ , काली मिर्च एवं पिपली का समभाग चूर्ण) सबसे सरल व कारगर योग है ।इसे 2 से 3 ग्राम की मात्रा में शहद में मिलाकर लेने से लाभ मिलता है। ऊंझा लक्ष्मी विलास रस की गोली को सादे पान के पत्ते में रखकर खाने से भी नजला ठीक होता है। ऊंझा चौंसठ प्रहरी पीपल टिकिया, ऊंझा काफकेतु रस के संग ऊंझा चंद्रामृत रस टिकिया को गुनगुने पानी से देना परम गुणकारी नतीजे देता है। भोजन के बाद द्राक्षारिष्ट को 15 से 20 मिलीलीटर की मात्रा में समभाग गुनगुने पानी में मिलाकर पीने से सर्दी जुकाम के पार्श्व प्रभाव जल्दी ही ठीक हो जाते हैं। इसमें खासकर ठंडी चीजों एवं कफ वर्धक आहार - विहार से बचें। तेज धूप से आते ही तुरंत पानी नहीं पीना चाहिए । थोड़ी देर ठहर कर पसीना सूखने के बाद ही पानी पीना चाहिए।


**डॉ.च.पुरुषोत्तम बिदादा**

email : purushottambidada@gmail.com


**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य कचपकाएं।**

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी
स्वतंत्र वार्ता
396, लोअर टैंक बंड, हैदराबाद-80



# उधर आप लगे रहे इंडिया पाकिस्तान मैच में, इधर दुनिया के टॉप अमीरों के साथ हो गया खेल!

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। बीते दिन दुनिया भारत पाकिस्तान मैच में व्यस्त थी लेकिन इसी बीच दुनिया के टॉप अमीरों के साथ ही खेल हो गया. ब्लूमबर्ग में दुनिया के टॉप अमीरों की दौलत में अचानक बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है. एलन मस्क से लेकर एशिया और भारत के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी और गौतम अडानी को मोटा नुकसान हुआ है. टॉप-10 की लिस्ट में सिर्फ बर्नार्ड अर्नाल्ट ही ऐसे शख्स हैं जिनकी दौलत में इजाफा हुआ है. सबसे ज्यादा गिरावट दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की नेटवर्थ में आई है. बीते 24 घंटे में मस्क की नेटवर्थ में 11.9 अरब डॉलर की गिरावट आई है. आइए जानते हैं क्या हाल है बाकी अमीरों का



ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स में दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है. उनकी नेटवर्थ में 11.9 अरब डॉलर (1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) का नुकसान हुआ है जो अब घटकर 385 अरब डॉलर रह गई है.

**जुकरबर्ग को कितना हुआ नुकसान**

एलोन मस्क के अलावा टॉप-10 अरबपतियों में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स और फेसबुक के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग को भी मोटा नुकसान हुआ है. उनकी नेटवर्थ में 3.87 अरब डॉलर (33,533 करोड़ रुपये से ज्यादा) की गिरावट आई है जो अब कम होकर 241 अरब डॉलर रह गई है. इसके अलावा अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस को भी 5.81 अरब डॉलर (करीब 50,343 करोड़ रुपये से ज्याादा) का घाटा हुआ है.

**बिल गेट्स की 1 अरब डॉलर घटी दौलत**

अरबपतियों की लिस्ट में पांचवें नंबर पर लैरी एलिसन को भी तगड़ा 8.03 अरब डॉलर (करीब 69,492 करोड़ रुपये) का घाटा हुआ है. जबकि माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्सबिल गेट्सबिल गेट्स को 1 अरब डॉलर का घाटा हुआ है उनकी नेटवर्थ अब घटकर 168 अरब डॉलर।

**अंबानी को 415 मिलियन डॉलर का नुकसान**

24 घंटे में हुए नुकसान से एशिया के दिग्गज कारोबारी और सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी भी अछूते नहीं रहे हैं. मुकेश अंबानी को 24 घंटे में 415 मिलियन डॉलर (करीब 3595 करोड़ रुपये से ज्यादा) का नुकसान हुआ है जिसके बाद उनकी दौलत घटकर 87.3 अरब डॉलर पर आ गई है. इस आंकड़े के साथ मुकेश अंबानी अमीरों की लिस्ट में 17वें नंबर पर आ गए हैं.

**अडानी लिस्ट से हो गए बाहर**

अमीरों की इस लिस्ट में शामिल भारत के दूसरे अमीर शख्स और अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी को भी तगड़ा झटका लगा है. उनकी नेटवर्थ बीते 24 घंटे में 1.41 अरब डॉलर (करीब 12217 करोड़ रुपये से ज्यादा) कम हो गई है. ब्लूमबर्ग लिस्ट में टॉप 20 से भी बाहर हो गए हैं और 23वें पायदान पर पहुंच गए हैं.

# सोना 264 रुपए बढ़कर 86,356 रुपए पर पहुंचा, चांदी 96,244 रुपए किलो बिक रही



नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। सोने के दाम में आज यानी 24 फरवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 264 रुपए बढ़कर 86,356 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का दाम 86,092 रुपए पर था। 19 फरवरी को गोल्ड ने 86,733 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था।

वहीं चांदी के दाम में आज गिरावट है। एक किलो चांदी की कीमत आज 903 रुपए गिरकर 96,244 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले चांदी का भाव 97,147 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

**महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,690 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 88,020 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,870 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 80,550 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 87,870 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,870 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,590 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,920 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने की दर 24 कैरट के लिए रुपए 87870 / 10 ग्राम और 22 कैरट के लिए रुपए 80550/10 ग्राम।

# कॉफी डे एंटरप्राइजेज के खिलाफ फिर शुरू हुई दिवालिया कार्यवाही

## सुप्रीम कोर्ट की समय सीमा से चुकी एनसीएलएटी, कंपनी पर 228 करोड़ के डिफॉल्ट का आरोप

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड (सीडीईएल) के खिलाफ इंसॉल्वेंसी प्रोसीडिंग्स यानी दिवालिया कार्यवाही फिर से शुरू हो गई। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल यानी एनसीएलएटी के सुप्रीम कोर्ट की 21 फरवरी की समय सीमा के भीतर अपना आदेश जारी करने में विफल रहने के बाद यह फैसला हुआ है। इससे पहले एनसीएलएटी की चेन्नई बेंच ने सुनवाई पूरी कर ली थी और सीडीईएल के निलंबित बोर्ड के एक डायरेक्टर द्वारा दायर अपील पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। एक रेगुलेटरी फाइलिंग में सीडीईएल ने कंफर्म किया कि चूंकि अपील को दी गई समय सीमा के अंदर निपटाया नहीं गया था। यही वजह है कि कॉर्पोरेट इंसॉल्वेंसी रेजोल्यूशन प्रोसेस (सीआईआरपी) पर रोक हटा दी गई है और इंटरिम रेजोल्यूशन प्रोसेस (आईआरपी) को 22 फरवरी 2025 से बहाल कर दिया गया है। हालांकि कंपनी ने कहा कि आदेश सुरक्षित रखा गया है। लेकिन अभी तक इसे सुनाया नहीं गया।

**सीडीईएल के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही 8 अगस्त 2024 को शुरू हुई थी**

सीडीईएल के खिलाफ दिवालियेपन की कार्यवाही 8 अगस्त 2024 को शुरू हुई थी। जब नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) की बेंगलुरु बेंच ने आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लिमिटेड (आईडीबीआईटीएसएल) की याचिका स्वीकार की थी, जिसमें 228.45 करोड़ रुपए के डिफॉल्ट का दावा किया गया था।

**एनसीएलएटी ने 14 अगस्त 2024 को कार्यवाही पर रोक लगा दी थी**

कर्ज में डूबी कंपनी के संचालन की देखरेख के लिए एक आईआरपी को नियुक्त किया गया था। निलंबित बोर्ड ने इसे तुरंत चुनौती दी थी। जिसके कारण एनसीएलएटी ने 14 अगस्त 2024 को कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।इसके बाद आईडीबीआईटीएसएल इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में ले गई थी। फिर सुप्रीम कोर्ट ने 31 जनवरी 2025 को एनसीएलएटी की चेन्नई बेंच को 21 फरवरी तक अपील का निपटारा करने का निर्देश दिया था।

कोर्ट ने यह भी फैसला सुनाया था कि अगर अपील का निपटारा तय समय सीमा के भीतर नहीं किया गया, तो सीडीईएल की दिवालिया प्रक्रिया पर लगी रोक अपने आप खत्म हो जाएगी। कॉफी डे ग्रुप की पेरेंट कंपनी सीडीईएल, कैफे कॉफी डे आउटलेट, एक रिसॉर्ट, कंसल्टेंसी सर्विसेज और कॉफी बीन ट्रेडिंग ऑपरेट करती है। जुलाई 2019 में अपने फाउंडर वीजी सिद्धार्थ के निधन के बाद से कंपनी को फाइनेंशियल स्ट्रगल का सामना करना पड़ रहा है।

# इस शेयर ने स्टॉक मार्केट में तहलका मचा दिया, 1 लाख निवेश करने वाले लोग बन गये करोड़पति



नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। शेयर मार्केट का हाल पिछले 5 महीनों से बुरा है. एफआईआई की जोरदार बिकवाली भी जारी है, लेकिन इस बीच एक स्टॉक पिछले 6 महीनों से अपने निवेशकों को बंपर रिटर्न दे रहा है. हम यहां बात कर रहे हैं इंडो थाई सिक्योरिटीज के शेयर की.

**1 लाख निवेश करने वाले बने करोड़पति**

इस मल्टीबैगर स्टॉक ने 5 साल पहले 1 लाख निवेश करने वालों को मालामाल बना दिया है. 3 अप्रैल 2020 को इसके स्टॉक का भाव 14.70 रुपये था. जबकि पिछले हफ्ते आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को बाजार में गिरावट के बावजूद यह स्टॉक रॉकेट की तेजी से आगे बढ़ते हुए 2,035 रुपये के लेवल को छू लिया. इसका बंद भाव 1,993 रहा. यानी कि इस पेनी स्टॉक ने अपने निवेशकों को 13,457. 82 परसेंट का जबरदस्त रिटर्न दिया है.

**स्टॉक के साथ बने रहने वाले निवेशक मालामाल**

अगर सरल शब्दों में कहे तो अगर आज से पांच साल पहले इंडो थाई सिक्योरिटीज के शेयर में किसी ने मात्र 1 लाख रुपये का निवेश किया होता, तो उसे आज 1.35 करोड़ रुपये से ज्यादा मिलते. यानी कि 14.70 रुपये के भाव पर 1 लाख रुपये में कंपनी के शेयर खरीदे. इस बीच, शेयर का वैल्यू बढ़ने के बाद भी इसे नहीं बेचकर होल्ड पर रखा, तो इस पर लगाई गई उनकी रकम की वैल्यू आज बढ़कर 1.35 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई होगी.

**क्या करती है कंपनी?**

1995 में बनी कंपनी इंडो थाई सिक्योरिटीज एक शेयर ब्रोकर कंपनी है, जो रियल एस्टेट, ग्रीन टेक्नोलॉजी और आईएफएससी जैसी कई कंपनियों के लिए बतौर सर्विस प्रोवाइडर काम करती है. इसके अलावा, भारतीय इक्विटी मार्केट , फ्यूचर और ऑप्शंस और करेंसी डेरिवेटिव सेगमेंट में ट्रेडिंग की भी सेवाएं देती है. इसका मार्केट कैपिटलाइजेशन 2,200 करोड़ रुपये है. कंपनी ने कई बार निवेशकों को डिविडेंड दिया है, जिसमें 21 सितंबर 2021 को 1 रुपए, 22 सितंबर 2022 को 1 रुपए, 15 सितंबर 2023 को 60 पैसे, 13 फरवरी 2024 को 1 रुपए और 20 सितंबर 2024 को 60 पैसे प्रति शेयर है. बता दें कि बीते एक साल में कंपनी के शेयर ने 502 परसेंट तक का और छह महीने में 471.39 परसेंट तक का शानदार रिटर्न दिया है.

# मध्यप्रदेश में 2.10 लाख करोड़ इन्वेस्ट करेगा अडाणी ग्रुप

## माइनिंग, स्मार्ट व्हीकल, थर्मल एनर्जी में निवेश; इससे 2030 तक 1.2 लाख नौकरियां मिलेंगी

भोपाल,24 फरवरी (एजेंसियां)। अडाणी ग्रुप मध्यप्रदेश में 2.10 लाख करोड़ रुपए इन्वेस्ट करेगा। ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने भोपाल में चल रहे ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में इसकी घोषणा की है। ग्रुप की कंपनियां माइनिंग, स्मार्ट व्हीकल, थर्मल एनर्जी सेक्टर में 1.10 लाख करोड़ रुपए निवेश करेंगी।इससे मध्यप्रदेश में 2030 तक 1 लाख 20 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही अडाणी ग्रुप मध्यप्रदेश सरकार से बातचीत कर स्मार्ट सिटी, एयरपोर्ट और कोल बेड एरिया में 1 लाख करोड़ रुपए एडिशनल इन्वेस्टमेंट का प्लान बना रहा है।अडाणी ने कहा मध्यप्रदेश अभी देश का सबसे बड़ा इन्वेस्टमेंट रेडी स्टेट है। उन्होंने कहा ये सिर्फ निवेश नहीं है, ये इंडस्ट्रियल और इकोनॉमिक ग्रोथ में एक राज्य को नेशनल लीडर बनाने के लिए मील का पत्थर है। हम पहले भी मध्यप्रदेश के एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और एग्री बिजनेस सेक्टर में 50 हजार करोड़ का निवेश कर चुके हैं। इससे 25 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है।

अडाणी के ऐलान पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि गौतम अडाणी के विचार और दृष्टिकोण से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और राज्य की प्रगति को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में विकास के नए दरवाजे खुलेंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में गौतम अडाणी, कुमार मंगलम बिरला और आईटीसी के सीएमडी संजीव पूरी समेत कई बड़े उद्योगपति शामिल हुए हैं।

इनके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी समिट में शामिल हुए हैं।25 फरवरी तक चलने वाले समिट में 60 से अधिक देशों के राजनयिक प्रतिनिधि, उच्चायुक्त, काउंसल जनरल और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।0इनमें मेक्सिको, ब्राजील, अर्जेंटीना, पेरू, अंगोल, बुर्किना फांसो, मोरक्को, मोल्दोवा, नेपाल और जिम्बाब्वे के राजदूत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, फिजी, जमैका, लेसोथो, रवांडा, सेशल्स और युगांडा के उच्चायुक्त समेत यूके, कनाडा, नीदरलैंड, पोलैंड ताइवान, दक्षिण अफ्रीका, कोरूटारिका, पनामा, मैक्सिको, टोगो, स्लोवेनिया के आएंगे।

# सेंसेक्स 856 अंक गिरकर 74,454 पर बंद,निफ्टी 242 अंक नीचे 22,553 पर आया; निफ्टी आईटी और मेटल में सबसे ज्यादा गिरावट

मुंबई,24 फरवरी (एजेंसियां)। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी सोमवार (24 फरवरी) को सेंसेक्स 856 अंक की गिरावट के साथ 74,454 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 242 अंक की गिरावट रही, ये 22,553 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में गिरावट और 7 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 38 में गिरावट और 12 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स के आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.71% और निफ्टी मेटल में 2.17% की गिरावट रही। वहीं, ऑटो, एफएमसीजी और फार्मा में मामूली तेजी रही।

**बाजार में गिरावट के तीन कारण**

1. अमेरिकी विकास की धीमी गतिः धीमी बिजनेस एक्टिविटी और कमजोर कंज्यूमर सेंटिमेंट के संकेतों के बाद शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सर्वे के निष्कर्षों से पता चला कि अमेरिका में बिजनेस एक्टिविटी 17 महीने के निचले स्तर पर आ गई है, जो आर्थिक अनिश्चितताओं पर बढ़ती चिंताओं को दर्शाता है।



2. ट्रम्प टैरिफ से अनिश्चितताः भारत सहित अन्य देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसा को तैसा) लगाने की ट्रम्प की धमकी से बाजार में अनिश्चितता है। ट्रम्प ने कहा, 'हम रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएंगे। चाहे वो कोई भी देश हो- भारत या चीन, वे हम पर जितना चार्ज करते हैं, हम भी उतना ही करेंगे। हम व्यापार में बराबरी चाहते हैं।

3. एफआईआई की लगातार बिकवालीः एफआईआई ने शुक्रवार को 3,449.15 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस महीने अब तक, विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से 23,710 करोड़ रुपए से अधिक की बिकवाली की है। इससे 2025 में कुल आउटफ्लो (पैसे की निकासी) 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

ग्लोबल मार्केट में गिरावट

इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक और टीसीएस बाजार को नीचे खींच रहे थे। लेकिन, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बाजार को संभाले रखा।

एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 0.35% गिरकर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग के हैंग-सेंग में 0.58% की गिरावट और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.18% की गिरावट रही।

21 फरवरी को विदेशी निवेशकों (एफआईआईएस) ने 3,449.15 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (डीआईआई) ने 2,884.61 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

21 फरवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 1.69% की गिरावट के साथ 43,428 पर बंद हुआ। एस एंड पी 500 इंडेक्स 1.71% नीचे बंद हुआ। नैस्डैक 2.20% गिरकर 19,524 पर बंद हुआ।

**क्वालिटी पावर का शेयर इश्यू प्राइस से 8.93% नीचे बंद**

क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स लिमिटेड का शेयर आज बीएसई पर इश्यू प्राइस से 1.66% ऊपर 432.05 पर लिस्ट हुआ। एनएसई पर शेयर इश्यू प्राइस से 1.18% ऊपर 430 पर लिस्ट हुआ। क्वालिटी पावर के आईपीओ का इश्यू प्राइस 425 था।हालांकि, दिनभर के कारोबार के बाद यह शेयर बीएसई पर इश्यू प्राइस से 8.93% गिरकर 387.05 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई पर शेयर इश्यू प्राइस से 9.76% गिरकर 383.50 पर बंद हुआ।

**पिछले हफ्ते शेयर बाजार में गिरावट रही**

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी 21 फरवरी को सेंसेक्स 424 अंक की गिरावट के साथ 75,311 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 117 अंक की गिरावट रही, ये 22,795 के स्तर पर बंद हुआ।


सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 37 में गिरावट और 13 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स के ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.58% की गिरावट रही।

# इस फॉर्मूले से सरकारी कर्मचारियों की कितनी बढ़ेगी सैलरी ,जानिए पूरा गणित

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। सरकारी कर्मचारी लंबे समय से 8 वें वेतन आयोग की डिमांड कर रहे थे. वहीं, हाल ही में बजट 2025 से पहले नरेंद्र मोदी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को तोहफा देते हुए 8 वें वेतन आयोग का ऐलान कर दिया. सरकार ने जब से ऐलान कर दिया तब से ही इस बात को लेकर काफी चर्चा हो रही है कि 8 वें वेतन आयोग के लागू होने से सरकारी कर्मचारियों की सैलरी पर कितना असर पड़ेगा. उनकी सैलरी कितनी बढ़ेगी, 8 वें वेतन आयोग में सैलरी कैसे तय होगी. चलिए आपको इन सभी सवालों के बारे में विस्तार से बताते हैं.फिटमेंट फैक्टर सभी सलाह के आधार पर 2.86 प्रतिशत हो सकता है. 7 वें वेतन आयोग के दौरान फिटमेंट फैक्टर 2.57 प्रतिशत था. ऐसे में इस बार इससे कम नहीं होना चाहिए. इसके अलावा जेसीएम स्टाफ ने यह भी कहा है कि लेवल 1 हो या 6, सभी के लिए एक समान फिटमेंट फैक्टर भी अपनाया जाना चाहिए. 7 वें वेतन आयोग के दौरान लेवल 1 के लिए फिटमेंट फैक्टर 2.57 प्रतिशत था. वहीं, लेवल 2 के लिए फिटमेंट फैक्टर 2.63 प्रतिशत लेवल 3 के लिए 2.67 प्रतिशत और लेवल 4 के लिए 2.72 प्रतिशत था.

# इन 10 देशों में है जीरो इनकम टैक्स, बांग्लादेश-पाकिस्तान में है भारत से कम, कहां है सबसे ज्यादा

नई दिल्ली,24 फरवरी (एजेंसियां)। मोदी सरकार ने हाल में पेश बजट में 12 लाख रुपये तक की इनकम को टैक्स फ्री कर दिया है। लेकिन इस सीमा से ज्यादा कमाई वाले लोगों को तगड़ा इनकम टैक्स देना होगा। देश में इनकम टैक्स की सबसे ऊंची दर 39 फीसदी है। दुनिया के कई देशों में टैक्स का रेट भारत से कम है जबकि कई देशों में ज्यादा है। दुनिया के 10 देशों में इनकम टैक्स रेट जीरो है। इनमें कैमेन आइलैंड्स, बहामास, बहरीन, बरमूडा, ब्रूनेई, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई शामिल हैं। इन देशों में इनकम पर कोई टैक्स नहीं लगता है। ग्वाटेमाला में इनकम टैक्स की सबसे ऊंची दर 7% है जबकि कजाकस्तान,



रोमानिया और सर्बिया में यह 10% है। उजबेकिस्तान में टैक्स का सबसे ऊंचा रेट 12%, रूस में 13%, यूक्रेन में 18%, मंगोलिया में 20%, सीरिया में 22%, चेक गणराज्य में 23%, नाइजीरिया में 24%, बांग्लादेश में 25%, ब्राजील में 27.5%, मलेशिया में 30%, कनाडा में 33%, वेनेजुएला में 34%, इंडोनेशिया, मेक्सिको और पाकिस्तान में 35% और अमेरिका में 37% है। वहीं चीन में यह भारत से ज्यादा यानी 45% है।दुनिया में सबसे ज्यादा इनकम टैक्स फिनलैंड में है। इस देश में इनकम टैक्स की सबसे ऊंची दर 57.65% है। उसके बाद जापान का नंबर है। इस देश में इनकम टैक्स की सबसे ऊंची दर 55.95% है। डेनमार्क में यह 55.9%, ऑस्ट्रिया में 55%, स्वीडन में 52%, बेल्जियम और इजरायल में 50%, नीदरलैंड में 49.5%, पुर्तगाल में 48%, नॉर्वे में 47.4%, स्पेन में 47%, आइसलैंड में 46.28%, यूके, साउथ कोरिया, साउथ अफ्रीका, जर्मनी, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया में यह 45% है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • बसंत
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-40
सूर्यास्त - 18-18
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | कुंभ मे | कुंभ... | 05-57 बजे |
| चंद्र- | मकर मे | मीन.... | 07-36 बजे |
| मंगल | मिथुन मे | मेष--- | 09-12 बजे |
| बुध- | कुंभ मे | वृष--- | 12-56 बजे |
| गुरु- | वृष मे | मिथुन.. | 12-57 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | कर्क.... | 14-49 बजे |
| शनि- | कुंभ मे | सिंह--- | 17-22 बजे |
| राहु- | मीन मे | कन्या... | 19-28 बजे |
| केतु- | कन्या मे | तुला.... | 21-34 बजे |
| | | वृश्चिक.. | 23-44 बजे |
| | | धनु...... | 01-57 बजे |
| | | मकर... | 04-17 बजे |

दिशाशूल -- उत्तर - गुड खाकर घर से निकले
तिथि- द्वादशी . 12-47 तक उपरान्त त्रयोदशी
मास - फाल्गुन कृष्ण , मंगलवार 25 February
नक्षत्र - उत्तराषाढ़ 18-39 तक उपरान्त श्रवण
योग - व्यतिपात 08-14 तक उप वरियान
करण- तैतिल 13-45 तक उप गर
विशेष:- व्रत -त्योहार - भौमप्रदोष व्रत

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 15:28 से 16:52 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 06:40 - 08:06 | अशुभ | काल | 18:18 - 19:52 | अशुभ |
| उत्पात | 08:06 - 09:34 | अशुभ | लाभ | 19:52 - 21:25 | शुभ |
| चंचल | 09:34 - 11:01 | शुभ | उत्पात | 21:25 - 22:57 | अशुभ |
| लाभ | 11:01 - 12:29 | शुभ | शुभ. | 22:57 - 24:29 | शुभ |
| अमृत | 12:29 - 13:57 | शुभ | अमृत | 00:29 - 02:01 | शुभ |
| काल | 13:57 - 15:25 | अशुभ | चंचल | 02:01 - 03:33 | शुभ |
| शुभ | 15:25 - 16:52 | शुभ | रोग | 03:33 - 05:05 | अशुभ |
| रोग | 16:52 - 18:18 | अशुभ | काल | 05:05 - 06:40 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आप चुस्त , विश्वसनीय , दृढ़ और सक्रिय हैं। ये गुण आपको किसी भी साक्षात्कार में आगे रखने में आपकी मदद करेंगे । आप आज अगर किसी भी साक्षात्कार के लिए जा रहे हैं तो अपनी शारीरिक भाषा पर ध्यान दे । आज का दिन सफेद रंग शुभ है और अपने कपड़ों के कुछ हिस्से में यह रंग पहने । वित्तीय मामलों आज औसत रहेंगे । आज आप संपत्ति खरीदने की योजना भी बना सकते है ।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज कई कार्य क्षेत्र के सुनहरे अवसर आपका दरवाजा खटखटायेंगे । आज आपको पदोन्नति का सन्देश मिल सकता है या नौकरी क्षेत्र में बदलाव के भी आसार है जिसके लिए आप काफी समय से प्रयासरत थे । आपको ऐसी जगह से सहायता मिल सकती है जिस जगह से आपने कल्पना भी नहीं की थी जो की आपको प्रसन्नता से अभिभूत कर सकती है।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आप किसी भी सरकारी हस्तक्षेप के बिना छुट्टियों के कुछ दिन बिताने के बाद अब वापस अपनी कार्य करने की शैली में वापस आ गए है , लेकिन आपके ग्राहकों, सहयोगियों के व्यवहार से ऐसा नहीं लगता । उन्हें समझे और उनकी समस्याओं के प्रति सम्मान दिखाए । उन्हें कार्यो से हटकर कुछ मानसिक शांति देने का प्रयास करे लेकिन उन्हें ऐसा न लगे की आप उन पर कोई एहसान कर रहे है ।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आप कुछ मिलनसार नए लोगों या विदेशी प्रतिनिधियों से आज के दिन मिल सकते हैं ! स्वतंत्र रूप से उन लोगों के साथ संवाद करे और जितनी उपयोगी जानकारी इकट्ठा कर सके करे क्योंकि यह आपकी परियोजना के पूरा होने में आप के लिए बहुत मददगार साबित होगा । किसी भी विचलित करने वाले परिदृश्य से परेशान न हो जो की आपके वरिष्ठ सहकर्मी ने आपके लिए बनाया हो ।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
कार्यालय का प्रेम आपको एक चुंबक की तरह आकर्षित कर रहा है , लेकिन कार्यालय काम करने के लिए है और अपनी भावनाओं को दिखाने के लिए नहीं है ये आपको याद रखने की जरुरत है। आपके सहकर्मी इस बात की सराहना नहीं करेंगे । यह एक मोह हो सकता है। आपने काम पर ध्यान लगाइये और अगर ये होना है तो यह निश्चित रूप से होगा। अन्यथा यह बुलबुले की तरह से फूट जायेगा । निष्पक्षतापूर्वक इसे ले ।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
हालाँकि आप सावधान और व्यवस्थित है , पर किसी दूसरे के कार्यभार के लिए आप जवाबदेह होंगे । अपने और अपने काम के तरीको पर विश्वास रखे । एक बार में एक काम को सुव्यस्थित तरीके से करे और अगले सप्ताह तक आप चीजों को आकार में वापस पायेंगे । उस समय तक अपने सहकर्मियों के साथ किसी बहस में संलिप्त न हो ।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप में लोगों के जीवन में एक फर्क लाने एवं उनकी सहायता का भाव रहेगा । आप धर्मार्थ कार्य में शामिल हो सकते है जो की आपका समय और प्रतिबद्धता को छीन सकता है । आपको ये निर्णय लेना होगा की धर्मार्थ कार्यो से जुड़े रहकर कुछ करना चाहते है , जिससे आपके वित्तीय स्थिति पर प्रभाव पड़े या वापस अपने कार्य क्षेत्र से जुड़कर धन की वृद्धि करना चाहते है ।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
काम करते हुए आप एक विस्तृत दृष्टिकोण को अपनाते है । यह आपका सकारात्मक पहलू है और इस सप्ताह के अंत में आपका दृष्टिकोण मौद्रिक लाभ में बदलेगा । जोड़-तोड़ से बचें और जो भी करे ईमानदारी से करे । आपके काम की गुणवत्ता आपके काम की मात्रा के बजाय ज्यादा महत्व रखेगी । वफ़ादारी स्वागतयोगनीय होगी जो किसी भी मुश्किल स्थिति से आपको बाहर निकल देगी ।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज का दिन प्रशासनिक नौकरियों में या किसी भी क्षमता में सरकार के लिए काम कर रहे लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। जो भी विस्तारपूर्ण काम काज जो काफी समय से लंबित था , उसे करने के लिये आज प्रयत्न करे क्यों की वह आसानी से समाप्त हो जाएगा । अगर आप अपने वर्तमान कार्यस्थल पर बैचनी या फंसा हुआ सा महसूस कर रहे है।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आपको काफी समय से अपने सहकर्मियों की मदद मिल रही थी परन्तु अब समय ये मदद लौटने का है । अब आप अपने किसी सहकर्मी की मदद कर सकते है जिससे आपकी स्थिति आपके कार्यालय में और ददृढ़ता से मजबूत होगी और आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी । हो सकता है आज आपको देर तक कार्य करना पड़े पर ये आपके लिए सहायक ही सिद्ध होगा ।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
अपने सहयोगियों के साथ तालमेल और कदम से कदम बढाकर चलने का ये एक अच्छा समय है। समीक्षा और हताशा का लम्बा समय अब समाप्त होने की और अग्रसर है इसलिए इस खुशी में आप दोस्तों और परिवार और अपने ऊपर कुछ व्यय भी कर सकते है पर कोशिश करे की ये ज्यादा से ज्यादा एक दिन के लिए हो ।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आपका व्यवहार आज याद रखने योग्य होगा । अपने लाभ के लिए इसका प्रयोग करें । लोगों से मिले एवं उनसे सकरात्मक बातचीत करे। । एक सकारात्मक शरीर की भाषा बनाए रखें। यहाँ से एक नया अवसर अंकुरित हो सकता है । यह एक नई परियोजना शुरू करने के लिए एक अच्छा सप्ताह है । अपने संगठन कौशल को याद रखे और अपने आप को व्यवस्थित रखे । महीने के अंत में एक अप्रत्याशित लाभ की सम्भावना संभव है।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# राज्यपाल बोले- 24 घंटे खुल सकेंगी दुकानें

## विधानसभा में कहा- छत्तीसगढ़ की सुंदरता ग्लोबल-मैप में आई, भूपेश बोले- गरीबों को 10,000 नहीं मिले

रायपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सरकार की अहम योजनाओं और उपलब्धियां गिनाई। राज्यपाल ने 36 मिनट 9 सेकंड में अपनी बात पूरी की, 380 शब्दों के अलावा अभिभाषण हिंदी में ही उन्होंने पढ़ा। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 24 घंटे, सातों दिन दुकानें खुल सकेंगी। इससे व्यवसाय बढ़ेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। ग्राहकों को भी सुविधा मिलेगी। स्ट्रीट वेंडर को ध्यान में रखकर भी सरकार काम कर रही है।

रामेन डेका ने आगे कहा कि प्रदेश की सुंदरता ग्लोबल मैप में आई है, कांगेर वैली के गांव को बेस्ट टूरिस्ट प्लेस के रूप में यूनेस्को ने चुना है। केंद्र से छत्तीसगढ़ को 2025-26 के बजट में रेल विकास के लिए 6000 करोड़ से ज्यादा की राशि जारी की गई। इस बीच भूपेश बघेल ने टोका-टोकी करते हुए कहा कि यात्री ट्रेनें तो बंद हैं, लोग परेशान हैं। गरीबों को 10,000 रुपए भी नहीं मिले।



राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में 59 बिंदुओं में प्रदेश के हर वर्ग को लेकर हो रहे सरकारी काम को गिनाया। अभिभाषण में 380 से अधिक शब्द राज्यपाल ने अंग्रेजी में बोले। लाख, प्रधानमंत्री, महतारी वंदन, नक्सलवाद, म्यूजियम, छत्तीसगढ़, गुरुघासीदास इस तरह के शब्द उन्हें अंग्रेजी में लिखकर दिए गए थे। वहीं अभिभाषण के बाद जब राज्यपाल लौटने लगे तो विधायक राजेश मूणत ने कांग्रेसी नेताओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में सांय-सांय जीरो में आउट हो गए। इससे पहले हुई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सीएम साय ने नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के परिणामों पर कहा, कि ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है। अब विकास कार्यों में तेजी आएगी। अगला सत्र नए भवन में होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा- पंचायत चुनाव में भाजपा के 81% से ज्यादा प्रत्याशी जीते हैं। मोदी की गारंटी से चार इंजन की सरकार बन रही है। पंचायतों में अधिकृत प्रत्याशियों के आंकड़े भाजपा के पास है। स्पीकर डॉ रमन सिंह ने बताया कि इस सत्र में 2367 प्रश्न विधायकों ने लगाए हैं। ध्यान आकर्षण की 122 सूचना आई है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी 3 मार्च दोपहर 12 बजे सरकार का बजट पेश करेंगे। यह साय सरकार का दूसरा बजट होगा। वहीं आज शाम को बीजेपी और कांग्रेस ने अपने-अपने विधायक दल की बैठक रखी है। विधानसभा की कार्यवाही को लेकर डॉक्टर रमन सिंह ने बताया कि 24 फरवरी से 21 मार्च तक के सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। कल (मंगलवार) 25 फरवरी को साल 2024-25 के तीसरे अनुपूरक बजट की मांगों पर चर्चा होगी।

रमन सिंह ने बताया कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि की छुट्टी होगी। इसके बाद हर शनिवार-रविवार को छुट्टी होगी। बाकी दिन विधायकों के सवालों पर चर्चा होगी। 13 मार्च से लेकर 16 मार्च तक छुट्टी और होली के त्योहार की वजह से विधानसभा की कार्यवाही नहीं होगी। 17 मार्च से दोबारा सदन की प्रक्रिया शुरू होगी, जो 21 मार्च तक चलेगी।

# पहाड़ से उतरा हाथियों का झुंड, 3 घर तोड़े

## फसलों को भी पहुंचाया नुकसान, वन विभाग ने खदेड़कर टुंडी पहाड़ पर चढ़ाया

धनबाद, 24 फरवरी (एजेंसियां)। धनबाद के टुंडी में रात को हाथियों का उत्पात देखने को मिला। करीब 3 महीने से टुंडी पहाड़ में करीब 40 हाथियों का झुंड रह रहा है। रात में करीब 15 से 20 की संख्या में हाथी पहाड़ से उतरे और गांव में घुस गए। हाथियों का झुंड टुंडी प्रखंड के कारीटांड़ एवं चितरडीह गांव में जा घुसा।

3 लोगों के घरों को क्षतिग्रस्त कर अंदर रखा धान खा गए। सब्जी की फसल को भी नष्ट कर दिया। पूर्णाडीह के मुखिया बसंत नारायण तिवारी ने बताया कि बीती रात जंगली हाथियों ने चितरडीह गांव में सनातन हेंब्रम के घर को क्षतिग्रस्त कर घर में रखा अनाज खा लिया। घर की महिला अपने बच्चों को किसी तरह लेकर घर से भागी। हाथियों ने रूपु टुडू की फसल को नुकसान पहुंचाया। कारीटांड़ गांव में श्यामसुंदर भोक्ता एवं उमेश भोक्ता के घर को तोड़ा। दशरथ मंडल के बाउंड्रीवॉल को तोड़कर फसल को रौंद दिया। कई अन्य किसानों की सब्जी की फसल को नष्ट किया गया।

# बाबा बैद्यनाथ व मां पार्वती मंदिर के उतारे गए पंचशूल

## छूने और सिर से लगाने के लिए उमड़ी भीड़, गठबंधन का धागा लेने की मची होड़

देवघर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। महाशिवरात्रि के दो दिन पूर्व सोमवार को एकादशी तिथि पर प्राचीन परंपरा के अनुसार बाबा बैद्यनाथ और माता पार्वती के मंदिर के शिखर से पंचशूल को उतारा गया। इसके बाद पंचशूल को बाबा मंदिर के भीतर सफाई के लिए रखा गया। इधर, पंचशूल के उतरते ही उसे छूने के लिए और सिर से लगाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं, बाबा बैद्यनाथ व मां पार्वती के मंदिर के बीच के गठबंधन को खोला गया। गठबंधन का धागा लेने के लिए भी भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

पंचशूलों की मंगलवार को विशेष पूजा-अर्चना होगी। दोनों मंदिरों के पंचशूलों को उतारने के बाद उनका मिलन कराया गया। यह परंपरा काफी प्राचीन है। इस दौरान पंचशूलों को स्पर्श करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने सिर सटाकर पंचशूलों को नमन किया और बाबा बैद्यनाथ और मैया पार्वती का आशीर्वाद



लिया। बैद्यनाथ मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने बताया कि सारे मंदिरों से उतारे गए पंचशूलों की मंगलवार को विशेष पूजा-अर्चना होगी। दोपहर में भंडारी परिवार की अगुवाई में भंडारियों की टोली ने दोनों मंदिरों के पंचशूल को उतारा। बैद्यनाथ मंदिर के सरदार पंडा गुलाबनंद ओझा ने भी पंचशूलों का नमन कर आशीर्वाद लिया।

पंचशूलों को उतारने के बाद बाबा बैद्यनाथ व मां पार्वती के मंदिर के बीच के गठबंधन को खोला गया। गठबंधन का धागा लेने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह गठबंधन अखंड सुहाग का प्रतीक माना जाता है और साल में सिर्फ शिवरात्रि से एक-दो दिन पहले ही इसे खोला जाता है।

बाबा, मां पार्वती सहित सभी मंदिरों के शिखर से उतारे गए पंचशूलों की मंगलवार को मंदिर कार्यालय के राधाकृष्ण मंदिर के बरामदे पर पुजारी व आचार्य तांत्रिक विधि से पूजा करेंगे। करीब एक घंटे की विशेष पूजा के बाद आरती की जाएगी। उसके बाद पुनः गणेश मंदिर से पंचशूल को शिखर पर स्थापित करने का काम प्रारंभ हो जाएगा। पंचशूल लगने के बाद गठबंधन की शुरुआत की जाएगी। इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व अभूतपूर्व रूप से मनाया जाएगा। पहली बार झारखंड पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित की जा रही शिव बारात में श्रद्धालुओं को एक साथ 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा।

26 फरवरी को बारात केकेएन स्टेडियम से निकलकर बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर तक जाएगी। माना जा रहा है कि यहां शिव बारात देखने के लिए 3-4 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ जुट सकती है।

# दुकान से 10 हजार रुपए की चोरी

## शॉप में लगे सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, दुकानदार से धक्का-मुक्की

रामगढ़, 24 फरवरी (एजेंसियां)। रामगढ़ के रांची रोड स्थित एक जूते की दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। एक युवक ने दुकान के गल्ले से 10,700 रुपए चुरा लिए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इधर, आरोपी की तलाश में दुकानदार पास के गांव में पहुंचा। यहां से वापस आने पर उसी गांव के कुछ लोग दुकान पर पहुंचे और उनके घर में घुसने का आरोप लगा दुकानदार से धक्का-मुक्की की। चोरी के समय दुकान का मालिक बाहर खड़ा था। आरोपी ने मौका देखकर इधर-उधर जांच की और गल्ला खोलकर पैसे निकाल लिए। इसके बाद वह कुछ देर तक चप्पल खरीदने के बहाने दुकान में रुका और फिर वहां से चला गया।

जब मालिक ने गल्ला चेक किया तो पैसे गायब थे। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि कुछ देर पहले आए युवक ने ही यह चोरी की थी। दुकानदार ने घर में सूचना दी और आरोपी की पहचान के लिए पास के एक गांव में खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके कुछ देर बाद दुकान पर उसी गांव के कुछ लोग पहुंचे और दुकानदार पर उनके घर में घुसने का आरोप लगाते हुए धक्का-मुक्की की। दुकानदार ने तुरंत रामगढ़ थाना की पुलिस को इसकी सूचना दी।

# 74 साल की उम्र में साइकिल यात्रा का जज्बा

## बंगाल से प्रयागराज महाकुंभ की 1800 किमी की यात्रा पर निकले प्रभात दास

धनबाद, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के पूर्व वर्धमान जिले के सिमलोन गांव के 74 वर्षीय प्रभात दास ने महाकुंभ में स्नान के लिए साइकिल यात्रा शुरू की है। उन्होंने 21 फरवरी को अपनी यात्रा आरंभ की। वे प्रतिदिन 60 से 65 किलोमीटर की दूरी तय कर रहे हैं। प्रभात दास ने अपनी यात्रा के लिए कंबल, कपड़े और खाने के लिए मूढ़ी और नमकीन साथ रखा है। बंगाल से धनबाद तक की यात्रा पूरी कर चुके हैं। उनका कहना है कि उन्हें हर हाल में प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ में स्नान करना है।



प्रभात दास की यह यात्रा लगभग 1800 किलोमीटर लंबी होगी। वे पंजाब में किसान आंदोलन स्थल तक जाएंगे। यात्रा के दौरान वे रास्ते में मिलने वाले श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरित प्रभात दास कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले वे भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पूर्व वर्धमान से नागालैंड की राजधानी कोहिमा तक साइकिल यात्रा कर चुके हैं।

# नाप तौल विभाग की महिला निरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

## पेट्रोल पंप संचालक से मांगी थी 18 हजार, एसीबी ने किया ट्रैप

रायगढ़, 24 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने नाप तौल विभाग में पदस्थ महिला निरीक्षक को 8 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। पेट्रोल पंप संचालक से किसी काम के बदले 18 हजार की डिमांड की थी।

जानकारी के मुताबिक, जिले में संचालित पेट्रोल पंप के संचालक पहली किस्त 10 हजार रूपए पहले दे चुका था। सोमवार को दूसरी किस्त के रूप में 8 हजार देने थे। उससे पहले उसने एसीबी में शिकायत कर दी। जिसके बाद टीम ने ट्रैप किया।

एसईसीएल रोड स्थित मरीन ड्राइव में नाप तौल विभाग में एसीबी की टीम ने सोमवार को दबिश दी। जहां महिला निरीक्षक ओलिभा किस्पोट्टा को 8 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

हालांकि अभी आधिकारिक जानकारी पूरी तरह से नहीं आई है। फिलहाल कार्रवाई जारी है। उसके बाद ही स्पष्ट जानकारी सामने आएगी।

सूरजपुर जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को एक लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। डीईओ राम ललित पटेल 28 फरवरी को रिटायर भी होने वाले थे। उससे पहले ही एक लाख की रिश्वत लेते ट्रैप हो गए।

मुंगेली में एसीबी ने 30 जनवरी को किसान से एक लाख रिश्वत लेते पटवारी और उसके असिस्टेंट को गिरफ्तार किया था। जमीन का सीमांकन करने के एवज में 5 लाख रुपए डिमांड की थी।

फिर 4 लाख में सौदाया हुआ। अब मामले में आरआई की भूमिका की जांच की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ में पहली बार दिखा हिमालय का शिकारी परिंदा

## सारस का आखिरी जोड़ा भी संकट में, एक चूजे को जानवरों ने मारा और दूसरा लापता

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, 24 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में सारस पक्षियों की स्थिति चिंताजनक है। सारस (क्रेन) का सिर्फ एक जोड़ा बचा है, जो सरगुजा जिले के लखनपुर ब्लॉक में है। यह जोड़ा राज्य में अपनी प्रजाति का आखिरी प्रतिनिधि है। वहीं इनके एक चूजे को जानवरों ने मार दिया, जबकि दूसरा लापता है। ऐसे में ये सिर्फ दो ही बचे हैं।

हाल ही में छत्तीसगढ़ में सारस को लेकर एक शोध की गई है, जिसमें प्रतीक ठाकुर, एएम के भरोस, डॉ हिमांशु गुप्ता और रवि नायडू शामिल थे। इन्होंने अपने रिसर्च में सारस पक्षियों की स्थिति संकट में बताया है। साथ ही प्रदेश में पहली बार हिमालय का शिकारी परिंदा देखने की भी जानकारी दी। सरगुजा में 255 से ज्यादा पक्षियों की प्रजातियां मिलती हैं, लेकिन इनमें सारस क्रेन का खास महत्व है। प्रदेश में 20 साल पहले सारस पक्षियों की संख्या 8 से 10 जोड़े यानी तकरीबन 20 पक्षी थे। वहीं 2015 में यह संख्या घटकर 4 जोड़े यानी 8 रह गई। 2-25 में सिर्फ 1 ही जोड़ा बचा है। इनकी घटती संख्या



दर्शाती है कि आसपास के पर्यावरण में गड़बड़ी है। रिसर्च में सारस को लेकर कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। प्रतीक ठाकुर ने बताया कि सारस का यह जोड़ा बीते कई सालों से लखनपुर के जमगला और तराजू वाटर टैंक के आसपास देखा जा रहा है। 2022 में इनके दो चूजे हुए थे। उम्मीद जगी थी कि इनकी संख्या बढ़ेगी, लेकिन दिसंबर 2023 में एक चूजे को जंगली जानवरों ने मार दिया। शोध के मुताबिक, सारस एक समय में दो ही बच्चे पैदा करते हैं, जिनमें से एक वयस्क होने से पहले ही मर जाता है। दूसरा चूजा ही वयस्क हो पाता है। उड़ना सीखा और अपने माता-पिता से जीवन के जरूरी हुनर सीखता है। हालांकि, हाल ही में वह भी लापता है। संभावना है कि वह अपने जीवनसाथी की तलाश में है। इस जोड़े का मुख्य निवास लखनपुर है, लेकिन भोजन की तलाश में यह आसपास के खेतों, छोटे तालाबों और रीहंद नदी के किनारे तक जाता है। इनके सामने कई समस्याएं हैं। जैसे तालाबों में मछली पकड़ने की बढ़ती गतिविधियां, जालों से इनके घोंसलों को खतरा होता है।

प्रतीक ठाकुर ने बताया कि खेतों में जहरीले रसायनों का इस्तेमाल, इनके भोजन में जहर मिल सकता है। आवारा कुत्तों का हमला सारस के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इसके अलावा अवैध रेत खनन से भी इनके प्राकृतिक आवास खत्म हो रहे हैं।

हालांकि प्रशासन और पर्यावरण कार्यकर्ता सारस को बचाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। पोस्टर लगाकर लोगों को जागरूक किया गया है। कई ग्रामीणों ने इन पर नजर रखना शुरू किया है, लेकिन अनियंत्रित मानवीय गतिविधियां अब भी बड़ी समस्या है।

रिसर्च टीम के मुताबिक सारस की चिंता के बीच बिलासपुर के सीपत डैम और सरगुजा के तराजू गांव में पहली बार 'पूर्वी मार्श हैरियर' नामक शिकारी पक्षी देखा गया है। यह पक्षी एशिया के कुछ हिस्सों में मिलता है, लेकिन छत्तीसगढ़ में इसे पहले कभी नहीं देखा गया था।

# 'मंईयां योजना' से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली गति

## राज्यपाल बोले- 46000 से अधिक पदों पर जल्द नियुक्ति

रांची, 24 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से प्रारंभ हो गया। सत्र के पहले दिन राज्यपाल संतोष गंगवार ने अपने अभिभाषण में कहा कि मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था गतिशील हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए सुशासन केवल एक शब्द नहीं, बल्कि उसके हर अक्षर को सच्चे अर्थों में चरितार्थ करने का मंत्र है।

राज्यपाल ने कहा कि पारदर्शी, उत्तरदायी, त्वरित, संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ कार्य-संस्कृति शासन तंत्र के प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित करना सरकार का सर्वोपरि लक्ष्य है। राज्यपाल ने बीजेपी सदस्यों के टोकाटाकी के बीच अपना अभिभाषण पूरा किया।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य की विकास यात्रा में भ्रष्टाचार एक बड़ी समस्या है। सरकार तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अधिक प्रभावशाली तरीके से अंकुश लगाया जा रहा है। भ्रष्ट लोक सेवकों की ट्रैपिंग की जा रही है। इस वर्ष भ्रष्टाचार के आरोपों में



कुल 59 कांड दर्ज किए गए, 42 केस का सफलतापूर्वक निष्पादन किया और 52 सफल ट्रैप किए गए। भ्रष्टाचार के विभिन्न आरोपों में कुल 56 लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि सरकार राज्य के युवाओं को सरकारी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। राज्य अन्तर्गत विभिन्न विभागों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 48 हजार 504 रिक्त पदों पर नियुक्ति की अधिसूचना झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को भेजी गई है, जिसमें 46 हजार 552 रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आयोग की ओर से विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है।

राज्यपाल ने बताया कि झारखंड की धरा रत्नगर्भा है। वर्तमान में 22 वृहत खनिज ब्लॉक को नीलामी के लिए तैयार किया गया है। इनमें जीएसआई की ओर से अन्वेषित 4 बॉक्साइट ब्लॉक की नीलामी केंद्र सरकार की ओर से की जाती है। शेष 18 ब्लॉकों में से 2 ब्लॉकों का टेक्निकल वेल्युवेशन का कार्य प्रगति पर है। जबकि 16 ब्लॉकों की नीलामी की कार्रवाई की जा रही है। राज्यपाल ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2024-25 में 1.82 लाख किसानों का 403 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया। जबकि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के अंतर्गत 22 जिलों के 226 प्रखंडों के किसान परिवारों को 3500 रुपये की राशि दी गई। इस योजना के तहत 13 लाख 62 हजार लाभुकों को 477 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि राज्य में अपराधमुक्त, भयमुक्त और अन्यायमुक्त वातावरण का सृजन करते हुए कानून का राज स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में योजनापूर्ण तरीके से चलाए गए नक्सल उन्मूलन अभियानों में वर्ष 2024 में 248 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और 9 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया।

# मेडिकल कालेज में ऑक्सीजन पाइप लीक से मची अफरातफरी

## जनरल वार्ड में सप्लाई रोकनी पड़ी तकनीकी टीम ने समय रहते संभाला

धनबाद, 24 फरवरी (एजेंसियां)। धनबाद के श्रीनिवास नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में सोमवार को ऑक्सीजन पाइप में लीकेज हो गया।

जनरल मेल-फीमेल वार्ड के पास अचानक तेज आवाज के साथ ऑक्सीजन पाइप में लीकेज होने से वहां अफरातफरी मच गई।

अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रभावित क्षेत्र में ऑक्सीजन सप्लाई बंद करवा दी।

टेक्निकल टीम ने मौके पर पहुंचकर लीकेज को ठीक किया। मेडिसिन वार्ड में ऑक्सीजन सप्लाई को अस्थायी रूप से रोका गया, जबकि अन्य वार्डों में सप्लाई सामान्य रही।

एसएनएमएमसीएच में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट से पूरे अस्पताल को ऑक्सीजन की आपूर्ति होती है। प्लांट की देखरेख करने वाली पुष्पा सेल प्राइवेट कंपनी को घटना की सूचना दे दी गई है।

500 बेड वाले इस अस्पताल में रोजाना सैकड़ों मरीज आते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अस्पताल प्रबंधन को पुराने ऑक्सीजन पाइप को तुरंत बदलना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# चिलचिलाती धूप, सजने लगी कूलर की दुकानें




## फरवरी में गर्मी का एहसास

रायपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मौसम में आए बदलाव के कारण लोगों को दिन में भी गर्मी का एहसास होने लगा है। राजधानी रायपुर के ज्यादातर इलाकों से ठंड गायब हो गई है। फरवरी महीने में अप्रैल जैसी गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच दिन तक राज्य का मौसम ड्राई रहेगा। मौसम साफ रहने के कारण दिन के तापमान में वृद्धि होगी जिस कारण से गर्मी बढ़ेगी।

पिछले दिनों रायपुर समेत प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में आई नमी के कारण तापमान में हल्की गिरावट देखी गई थी। रविवार से रायपुर संभाग में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की वृद्धि हुई है। वहीं बाकी संभाग में रात का तापमान सामान्य रहा। राजधानी रायपुर में दिन में भी भीषण गर्मी का एहसास होने लगा है। राजधानी रायपुर में कूलर की दुकानें अब सजने लगी हैं। लोगों ने गर्मी से राहत के लिए कूलर खरीदना शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ में बीते 24 घंटे की बात करें तो राजनांदगांव जिला सबसे ज्यादा गर्म रहा है। 24 घंटे में यहां का अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री दर्ज किया गया ह। वहीं, ठंड की बात करें तो अंबिकापुर जिला सबसे ज्यादा ठंडा रहा। अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री दर्ज किया गया है। राज्य के सरगुजा इलाके में सबसे ज्यादा ठंड होती है ऐसे में अब यहां से भी ठंड गायब होने लगी है। सोमवार को राजधानी रायपुर में सुबह से धूप है। चिलचिलाती धूप के कारण लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को राजधानी रायपुर का मौसम साफ रहने की उम्मीद है।

# ट्रेलर से लोहे का पाइप स्कॉर्पियो पर गिरा, चार जख्मी

जमशेदपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। सरायकेला थाना क्षेत्र में टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर मुड़िया मोड़ के पास सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। ट्रेलर के अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे उस पर लोड लोहे का पाइप खुलकर पीछे आ रहे स्कॉर्पियो पर गिर गया। इससे स्कॉर्पियो सवार चार लोग जख्मी हो गए और गाड़ी में फंस गए। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है। स्कॉर्पियो पर जदयू महानगर युवा अध्यक्ष, पूर्वी सिंहभूम का बोर्ड लगा हुआ था। दरअसल, ट्रेलर रूंगटा स्टील से लोहे का पाइप लेकर पंजाब जा रहा था और इसी दौरान टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर मुड़िया मोड़ के पास यह हादसा हुआ।

# पत्नी की हत्या कर फरार हुआ पति

## नशे में धुत आरोपी ने दुपट्टे से गला घोंटा, 13 साल पहले हुई थी शादी

गोड्डा, 24 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के गोड्डा जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। पथरगामा थाना क्षेत्र के उदयपुरा गांव में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी सुनील रिखियासन ने नशे की हालत में अपनी पत्नी सविया देवी का दुपट्टे से गला घोंट दिया। सविया देवी की शादी बिहार के कहलगांव के लगमा गांव में हुई थी। पति द्वारा लगातार मारपीट के कारण वह पिछले एक महीने से अपने मायके उदयपुरा में रह रही थी। कुछ दिन पहले उसका पति भी बिहार से यहां आ गया। दोनों के बीच फिर से झगड़े शुरू हो गए। रात को नशे में धुत सुनील ने पत्नी की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।

मृतका के परिजनों ने सुबह पुलिस को सूचना दी। पथरगामा थाना प्रभारी मनोहर कुमार पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेजा गया है।

# चलती ऑटो में लगी आग

जमशेदपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर के साकची थाना क्षेत्र में एक चलती ऑटो में अचानक आग लग गई। हालांकि, चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। ऑटो में चालक के अलावा 5 यात्री सवार थे। ऑटो चालक मोहम्मद अफसर मानगो की तरफ जा रहे थे। रास्ते में एक बाइक सवार ने उन्हें ऑटो से धुआं निकलने की जानकारी दी।

# फ्रांस में रूसी वाणिज्य दूतावास के पास विस्फोट

## मॉस्को ने बताया आतंकवादी हमला, बढ़ा तनाव



पेरिस, 24 फरवरी (एजेंसियां)। यूक्रेन युद्ध के तीन साल पूरे होने के दो दिन बाद फ्रांस में रूसी वाणिज्य दूतावास के पास बम विस्फोट हुआ है। यह विस्फोट एवेन्यू एम्ब्रोइस-पारे पर रूसी वाणिज्य दूतावास के पास हुआ है। रूस की सरकारी मीडिया स्पुतनिक के अनुसार, विस्फोट वाणिज्य दूतावास के अंदर हुआ।

मार्सिले में रूसी महावाणिज्यदूत स्टैनिस्लाव ओरांस्की ने घटना की पुष्टि भी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने वाणिज्य दूतावास में दो मोलोटोव कॉकटेल फेंके। मोलोटोव कॉकटेल को आम बोलचाल की भाषा में पेट्रोल बम भी कहा जाता है।

मोलोटोव कॉकटेल बनाने में आसान, हाथ से फेंके जाने वाला विस्फोटक है। इसके फेंके जाने से घटनास्थल पर आग लग जाती है। ये आमतौर पर ज्वलनशील तरल से भरी एक बोतल होते हैं जिसमें आग जलाने के लिए कागज या कपड़ा होता है। घटना स्थल के पास एक चोरी की गई कार भी मिली। अधिकारियों ने हमले के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

हताहतों के बारे में कोई जानकारी जारी नहीं की गई है। नुकसान की सीमा के बारे में विवरण भी अभी तक साझा नहीं किया गया है।

फ्रांसीसी मीडिया ने पहले बताया था कि वाणिज्य दूतावास के पास एक विस्फोट की आवाज सुनी गई थी और दमकलकर्मी मौके पर थे। अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि इस घटना के पीछे किसका हाथ है। हालांकि, माना जा रहा है कि इस घटना के पीछे रूस विरोधी तत्वों की भूमिका हो सकती है।

टास ने रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा के हवाले से कहा, मार्सिले में रूसी वाणिज्य दूतावास के क्षेत्र में हुए विस्फोटों में आतंकवादी हमले के सभी लक्षण हैं। उन्होंने कथित तौर पर फ्रांस से जांच के लिए व्यापक और त्वरित उपाय, साथ ही रूसी विदेशी मिशनों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कदम उठाने की मांग की।

दक्षिणी फ्रांस के शहर मार्सिले में यह घटना रूस-यूक्रेन युद्ध की तीसरी वर्षगांठ पर हुई। जब से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर भूमि, समुद्र और हवा में विशेष सैन्य अभियान का आदेश दिया है, तब से हजारों यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं और छह मिलियन से अधिक अब विदेशों में शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सबसे खूनी संघर्ष है।

# जर्मनी में आम चुनाव-चांसलर शोल्ज हारे

## विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी सबसे आगे, 630 में से 208 सीटों पर जीत, किसी पार्टी को बहुमत नहीं

बर्लिन, 24 फरवरी (एजेंसियां)। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज आम चुनाव हार गए हैं। उनकी सोशल डेमोक्रेट्स पार्टी (एसडीपी) 630 सीटों में से सिर्फ 121 सीटें ही जीत पाई है। उसे सिर्फ 16.5% वोट ही मिले हैं। चांसलर शोल्ज ने हार स्वीकार कर ली है। उनकी पार्टी चुनावी नतीजों में तीसरे पायदान पर पहुंच गई है।

कंजर्वेटिव विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्ज की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) पार्टी के गठबंधन ने 208 सीटों पर जीत दर्ज की है। उसे 28.5% वोट हासिल हुए हैं। चुनाव में दूसरी सबसे बड़ी जीत कट्टर दक्षिणपंथी पार्टी (एएफडी) को मिली है। इस पार्टी को 151 सीटों पर जीत मिली है। पार्टी को 20.8% वोट मिले हैं। दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार जर्मनी में किसी कट्टरपंथी दक्षिणपंथी पार्टी ने इतनी सीटें जीती हैं। जर्मनी में बहुमत के लिए 315 सीटें चाहिए, और कोई भी पार्टी अकेले यह आंकड़ा छूती नहीं दिख रही। इसलिए गठबंधन सरकार बनना तय माना जा रहा है। एएफडी पार्टी की चांसलर उम्मीदवार एलिस वीडेल ने अपने



चांसलर ओलाफ शोल्ज

समर्थकों के साथ जीत का जश्न मनाया है। हालांकि पार्टी चांसलर वीडेल ने कहा कि उन्हें और बेहतर रिजल्ट की उम्मीद थी। एएफडी के नेता टीनो क्रूपाला ने कहा कि उनकी पार्टी सीडीयू के साथ गठबंधन के लिए बातचीत करने को तैयार है। हालांकि सीडीयू के चांसलर उम्मीदवार फ्रेडरिक मर्ज ने कट्टरपंथी पार्टी एएफडी के साथ किसी भी तरह के गठबंधन से साफ इनकार कर दिया है। चुनाव में सेंटर राइट पार्टी सीडीयू की जीत पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि यह जर्मनी और अमेरिका दोनों के लिए शानदार दिन है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि अमेरिका की तरह जर्मनी के लोग भी एनर्जी और इमिग्रेशन पर सरकार की बेतुकी नीतियों से तंग आ चुके थे। चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली सोशल डेमोक्रेट्स पार्टी (एसडीपी) के नेता फ्रेडरिक मर्ज, जर्मनी के अगले चांसलर बनने की रेस में सबसे आगे हैं। फ्रेडरिक मर्ज का जन्म 11 नंबर 1955 को पश्चिमी जर्मनी के सॉरलैंड जिले में हुआ था। वे रोमन कैथोलिक परिवार में जन्मे थे। मर्ज ने कानून की पढ़ाई की है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत कॉर्पोरेट वकील के तौर पर शुरू की। मर्ज ने 1972 में सोशल डेमोक्रेट्स पार्टी जॉइन की। वे सॉरलैंड से पहली बार 1994 में जर्मन संसद के लिए चुने गए थे। अपनी आर्थिक समझ की वजह से राजनीति में तेजी से आगे बढ़े। 2000 के दशक की शुरुआत में मर्ज सीडीयू के संसदीय नेता के तौर पर चुने गए। इसी साल एंजेला मर्केल सीडीयू पार्टी की नेता चुनी गईं। 2002 में मार्केल ने संसदीय पद के लिए दावा ठोका। 2005 में जब सीडीयू ने एसपीडी के साथ मिलकर सरकार बनाई, तो मर्ज को सरकार में शामिल नहीं किया गया था। एंजेला मर्केल से बेहतर रिश्ते न होने के चलते मर्ज को पार्टी में हाशिए पर डाल दिया गया। इसके बाद 2009 में उन्होंने राजनीति से संन्यास ले लिया। इसके बाद वे लगभग 1 दशक तक प्राइवेट सेक्टर से जुड़े रहे। उन्होंने ब्लैकरॉक जैसी बड़ी कंपनी के साथ काम किया।

मर्ज ने 2018 में राजनीति में वापसी की। तब तक चांसलर एंजेला मर्केल ने भी पद छोड़ने का फैसला कर लिया था। इसके बाद मर्ज ने 2018 और 2021 में पार्टी लीडर का चुनाव लड़ा, हालांकि तब वे हार गए। साल 2022 में वे सीडीयू के अध्यक्ष बनने में कामयाब रहे। इसके बाद उन्होंने 2025 में सीडीयू पार्टी से चांसलर का चुनाव लड़ा।

अमेरिकी कारोबारी व टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक इलॉन मस्क के दखल ने भी चुनाव को दिलचस्प बना दिया।

# कैरेक्टर के शक में दूसरी पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

रायगढ़, 24 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में पति ने कैरेक्टर के शक में अपनी दूसरी पत्नी की लात-घूंसे और डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। सबूत मिटाने के लिए अपने तीन साथियों के साथ मिलकर लाश को पैरा में जला दिया। फिर सभी अपने-अपने घर चले गए। जब दूसरे दिन सुबह गांव के ग्रामीण शौच के लिए जा रहे थे, तब उनको पैरा में हाथ-पैर और खोपड़ी समेत कई कंकाल दिखे। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। घटना कापू थाना इलाके की है। जानकारी के मुताबिक, कमरई गांव के रहने वाले अमृत केरकेट्टा (65) की पहली पत्नी की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। कुछ साल पहले उसने गांव की ही जयमति विश्वकर्मा (40) से दूसरी शादी कर ली।

# वेस्ट बैंक में 23 साल बाद घुसे इजराइली टैंक

## 40 हजार शरणार्थी कैंप छोड़कर भागे नेतन्याहू बोले– फिर जंग शुरू करने को तैयार

तेल अवीव, 24 फरवरी (एजेंसियां)। इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के शहर जेनिन में इजराइली सेना ने रविवार को टैंक तैनात कर दिए। 23 साल बाद ऐसा हुआ है, जब सेना के टैंक वेस्ट बैंक में घुसे हैं। ऐसा आखिरी बार 2002 में हुआ था। जेनिन में पिछले कई सालों से इजराइल के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष होते रहे हैं।

इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने कहा कि हमने जेनिन के पास एक टैंक डिवीजन तैनात की है। एक डिवीजन में 40 से 60 टैंक होते हैं। इजराइल ने फिलिस्तीन के जेनिन, तुलकरम और नूर शम्स में शरणार्थी शिविरों को खाली करा लिया है। इन शिविरों में फिलिस्तीनी नागरिकों ने शरण ले रखी थी।

इन तीनों शिविरों से 40 हजार फिलिस्तीनियों को निकाला गया है। इजराइल ने इन्हें 21 जनवरी से निकालना शुरू कर दिया था। 1967 की इजराइल-अरब जंग के



बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी नागरिक विस्थापित हुए हैं। यहां संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार संस्था यूएनआरडब्ल्यूए को भी काम बंद करने का निर्देश दिया गया है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने सेना को अगले कुछ साल वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए यह जरूरी है।

**इजराइल ने वेस्ट बैंक में टैंक क्यों भेजे?**

दरअसल, इजराइल हमास जंग के बीच वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ गई है। इजराइल में वेस्ट बैंक की तरफ से होने वाले हमले भी बढ़े हैं। इजराइल में 20 फरवरी की देर रात तीन खाली खड़ी बसों में विस्फोट हुए थे। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक वेस्ट बैंक से ही इजराइल की बसों में हमले की प्लानिंग की गई थी। इसके बाद ही नेतन्याहू ने इस इलाके पर एक्शन लेने का आदेश दिया। हालांकि, इजराइल-हमास जंग के दौरान भी इजराइली सेना यहां कई ऑपरेशंस को अंजाम दे चुकी है।

वेस्ट बैंक, जॉर्डन के पश्चिम और येरुशलम के पूरब में स्थित है। 1948 में अरब-इजराइल जंग के बाद जॉर्डन ने इस पर कब्जा कर लिया था। जॉर्डन नदी के पश्चिम में होने की वजह से तब इसका नाम वेस्ट बैंक रख दिया गया।

1967 में 6 दिनों तक चले जंग के बाद इजराइल ने इस इलाके को जॉर्डन से छीन लिया। तब से वेस्ट बैंक पर इजराइल का कब्जा बरकरार है। इस इलाके में 30 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं।

# यूक्रेन में जेलेंस्की राष्ट्रपति पद छोड़ने को तैयार

## कहा– शांति के लिए कुछ भी कर सकता हूं, रूस–यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे

कीव, 24 फरवरी (एजेंसियां)। रूस-यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि वे शांति की खातिर कुछ भी करने को तैयार हैं। अगर इस्तीफा देने से शांति आती है या यूक्रेन को नाटो की सदस्यता मिलती है, तो वे इस्तीफा देने को तैयार हैं। उन्होंने कीव में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ट्रम्प हमेशा के लिए नहीं हैं, लेकिन रूस का खतरा हमेशा रहेगा। हमें इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि पुतिन हम पर तब तक हमला नहीं करेंगे जब तक ट्रम्प सत्ता में हैं। हमें शांति और ऐसी गारंटी चाहिए जो ट्रम्प और पुतिन के जाने के बाद भी बनी रहे।

जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को संदेश दिया कि हम अमेरिका की तरफ से मिले 500 बिलियन डॉलर को कर्ज नहीं मानते हैं। मैं तो 100 अरब डॉलर को भी कर्ज नहीं मानता। बाइडेन और मैं इस बात पर सहमत हुए थे कि उन्होंने हमें मदद दी थी। मदद को कर्ज नहीं कहते। ट्रम्प ने पिछले हफ्ते जेलेंस्की को तानाशाह कहा था। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में जेलेंस्की को एक मामूली कॉमेडियन और बिना चुनाव वाला एक तानाशाह बताया था। ट्रम्प ने ये भी कहा था कि यूक्रेन में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग गिरकर सिर्फ 4% रह गई है।

**युद्ध के 3 साल पूरे होने पर रूस ने 267 ड्रोन से हमला किया**

एक दिन पहले रूस ने यूक्रेन पर एक साथ 267 ड्रोनों से हमला किया था। यह हमला यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे होने से ठीक एक दिन पहले किया गया है। यूक्रेन के एयर फोर्स कमांड के प्रवक्ता यूरी इग्नात ने कहा कि यह पहली बार है जब रूस ने एक साथ इतने ड्रोन दागे हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक खार्किव, पोल्तावा, सुमी, कीव समेत कम से कम 13 शहरों में ड्रोन हमला किया गया। यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि रूस ने 3 बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं।

रूस के हमले के बाद जेलेंस्की ने एक बयान में लिखा- जंग जारी है। उन्होंने क्षेत्र में शांति लाने में मदद मांगी। उन्होंने दावा किया कि इस सप्ताह रूस ने यूक्रेन पर 1,150 ड्रोन, 1,400 बम और 35 मिसाइलें दागी हैं। बीबीसी के मुताबिक इस हमले में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। इमरजेंसी सर्विस के मुताबिक अब तक इसमें 3 लोग घायल हुए हैं। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक खेरसॉन में दो लोग मारे गए हैं। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

# पोप की ब्लड रिपोर्ट में किडनी फेलियर के लक्षण



रोम, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पोप फ्रांसिस की हालत गंभीर बनी हुई है। ब्लड टेस्ट में किडनी फेलियर के शुरुआती लक्षण भी दिखाई दिए हैं। साथ ही प्लेटलेट्स की कमी का भी पता चला है। हालांकि, डॉक्टरों को कहना है कि स्थिति कंट्रोल में है। वहीं, वेटिकन प्रेस ऑफिस ने कहा कि पोप स्वस्थ हैं। उन्हें शनिवार रात से अस्थमा का कोई अटैक नहीं आया है, लेकिन अभी भी ऑक्सीजन का हाई फ्लो दिया जा रहा है। दुनियाभर में पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार के लिए प्रार्थना जारी है। पोप ने X पर पोस्ट करके प्रार्थनाओं के लिए उनको धन्यवाद किया। कैथलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस (88 साल) फेफड़ों में इन्फेक्शन के कारण 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा है। डॉक्टरों ने 21 फरवरी को उन्हें खतरे से बाहर बताया था और कहा था कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। अगले दिन अस्थमा अटैक के बाद पोप की हालत गंभीर हो गई थी। 17 फरवरी वेटिकन प्रेस ऑफिस ने कहा- पोप को सांस नली में पॉलीमाइक्रोबियल इन्फेक्शन है। इसकी वजह से उनके मेडिकल ट्रीटमेंट में बदलाव करना पड़ा है। 18 फरवरी बयान में कहा गया- दोनों फेफड़ों में निमोनिया होने के बावजूद पोप फ्रांसिस अच्छे मूड में हैं।

# ब्रिटेन दौरे पर अचानक क्यों पहुंचे थे पाकिस्तानी आर्मी चीफ?

## पाक एक्सपर्ट ने बताया अमेरिका, चीन और यूक्रेन कनेक्शन

इस्लामाबाद, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने हाल ही में ब्रिटेन का दौरा किया है। मुनीर ने ब्रिटेन दौरे ने दुनिया का ध्यान खींचा है। ब्रिटेन पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ और सैंडहर्स्ट स्थित रॉयल मिलिट्री अकादमी में क्षेत्र में स्थिरता के मुद्दे पर आयोजित सम्मेलन में भी वह शामिल हुए। ऐसे में विशेषज्ञ मुनीर के ब्रिटेन का दौरे करने और वहां उनके शानदार स्वागत के पीछे की वजह तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। पाकिस्तान की राजनीतिक विश्लेषक और लेखक आयशा सिद्दीक ने मुनीर की यात्रा के पीछे का यूक्रेन, चीन और अमेरिका कनेक्शन पर बात की है।

नया दौर टीवी पर रजा रूमी से बात करते हुए आयशा ने कहा कि ब्रिटेन से इस्लामाबाद के बहुत



नजदीकी सैन्य संबंध नहीं हैं लेकिन दोनों मुल्कों का ऐतिहासिक रिश्ता है। ये संबंध आजादी के समय से ही हैं और इसमें कभी भी कड़वाहट नहीं आई है। आज भी ब्रिटेन में पंजाब और पेशावर से अंग्रेजी फौज में लड़े लोगों की कब्रे हैं। ब्रिटिश राज के समय जो अलग-अलग क्षेत्रों की रेजीमेंट बनाईं, वह कनेक्शन भी आज तक है। ये सब दोनों देशों को जोड़ने का काम करता है। आयशा कहती हैं, 'हमें ध्यान रखना चाहिए कि पाकिस्तान अब पहले की तरह अमेरिका के लिए फ्रंटलाइन कंट्री नहीं है। दूसरे यूरोप मुल्कों के साथ भी पकिस्तान के ताल्लुक बहुत खास नहीं है। ऐसे में ब्रिटेन ही है, जिससे पाकिस्तान के लगातार रिश्ते रहे हैं। ब्रिटेन एक ऐसा देश है, जिसने अमेरिका से रिश्ते में भी हमारे लिए खिड़की खोली है। यूक्रेन को पाकिस्तान की ओर से जो मदद गई है, उसमें भी ब्रिटेन ही मध्यस्थ बना है।'

यूक्रेन पर आयशा का कहना है कि आज दुनिया की सियासत बदल रही है। यूरोप में खासतौर से यूक्रेन की वजह से हलचल है। यूक्रेन में कोई शांति सेना भेजी जाती है तो पाकिस्तान के सैनिक बहुत अहमियत रखेंगे। यूरोप के पास खुद की बड़ी सैन्य ताकत नहीं है। पाकिस्तान और ब्रिटेन की बातचीत के बीच ध्यान रखना चाहिए कि यूक्रेन को लेकर ब्रिटेन में चिंता है। ब्रिटेन के पीएम भी जल्दी अमेरिका जाने वाले हैं।

आयशा आगे कहती हैं, 'ब्रिटेन ऐसा देश है जो यूरोप के लिए अमेरिका से बात करता है और पाकिस्तान की ओर से भी बात कर सकता है। हालिया वर्षों में चीन से पाक का रिश्ता बेहतर हुआ है। इससे अमेरिका कहीं ना कहीं नाखुश है। ऐसे में पाकिस्तान की कोशिश अमेरिका को ये संदेश देने की है कि चीन से रिश्ते का मतलब आपसे संबंध खत्म करना नहीं है। इसमें भी पाकिस्तान के लिए ब्रिटेन अच्छा दोस्त साबित हो सकता है। ये सब दिखाता है कि क्यों मुनीर का दौरा खास है'।

# जापान-फिलीपींस मिलकर करेंगे चीन की बढ़ती आक्रामकता से निपटने की तैयारी

मनीला, 24 फरवरी (एजेंसियां)। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए जापान और फिलीपींस ने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने का बड़ा फैसला लिया है। सोमवार को मनीला में हुई उच्चस्तरीय बैठक में दोनों देशों ने सैन्य सूचनाओं की सुरक्षा और साझा रक्षा प्रशिक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण समझौते किए। जापानी रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी और उनके फिलीपीन समकक्ष गिल्बर्टो टेओडोरो ने इस रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर सहमति जताई। बैठक में चीन की ओर से विवादित दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में बढ़ते कदमों पर गहरी चिंता जताई गई। दोनों देशों ने संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा सूचना साझा करने और सैन्य ऑपरेशनों को बेहतर समन्वय देने पर भी चर्चा की। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब फिलीपींस ने हाल ही में अमेरिका के साथ रक्षा समझौते को भी मजबूत किया है, जिससे उसे उन्नत हथियार और सैन्य तकनीक हासिल करने में मदद मिलेगी। जापान और फिलीपींस, संयुक्त राज्य अमेरिका के संधि सहयोगी हैं, और ये तीनों देश विवादित जलक्षेत्र सहित क्षेत्र में चीन की आक्रामक कार्रवाइयों के सबसे मुखर आलोचकों में से हैं। नाकातानी के साथ अपनी बैठक के आरंभ में, टेओडोरो ने कहा कि फिलीपींस, चीन और अन्य देशों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और कथानक को बदलने के एकतरफा प्रयासों के विरुद्ध जापान के साथ रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लिए उत्सुक है।

# ड्रोन सुपरपावर तुर्की ने फिर किया कमाल

## रूस किलर बायरकतार टीबी2 को एआई से किया लैस, हवाई किलिंग मशीन ताकतवर

अंकारा, 24 फरवरी (एजेंसियां)। तुर्की ने बायरकतर टीबी2 ड्रोन के नई पीढ़ी के वैरिएंट को लांच किया है, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से लैस किया गया है। टर्बो इंजन और एआई क्षमताओं से संचालित होने वाले नई पीढ़ी वैरिएंट बायरकतर टीबी2टी-एआई ने अपनी पहली उड़ान भरी है। नया वैरिएंट बेसलाइन बायरकटर टीबी2-आर्म्ड यूएवी से बाहरी और आंतरिक रूप से अलग है। इसके इंजन को खास तौर पर अपडेट किया गया है, जो इसे बेहतरीन स्पीड और ऊंचाई हासिल करने में मदद देता है। नया टर्बो इंजन नीचे की तरफ काफी बड़े एयर इनटेक के साथ आया है। नए वैरिएंट में लगा टर्बो इंजन 300 किमी प्रति घंटा की अधिकतम उच्च गति और 30,000 फीट से अधिक की परिचालन ऊंचाई की अनुमति देता है। इस ऊंचाई तक यह 30 मिनट से भी कम समय में चढ़ सकता है। यह बायरकतर टीबी2 की तुलना में दोगुनी ऊंचाई है, जो 16000 फीट तक उड़ान भर सकता है। इस तरह से टीबी2 का नया वैरिएंट कम ऊंचाई वाली वायु रक्षा प्रणालियों के खिलाफ खुद को बचाने में एक महत्वपूर्ण क्षमता हासिल करता है।

तुर्की के बायरकतर टीबी2 ड्रोन ने आर्मेनिया-अजरबैजान युद्ध में अपनी क्षमता दिखाई थी, जहां इसने आर्मेनियाई पक्ष को भारी नुकसान पहुंचाया था।

फिलहाल, यूक्रेन इसका इस्तेमाल रूस के खिलाफ कर रहा है और यहां भी इसने अपने प्रदर्शन से सभी को चौंकाया है।

# इजराइल ने 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई रोकी

## अमेरिका ने समर्थन में कहा– 'हर कदम के साथ'

तेल अवीव, 24 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका ने इजराइल की ओर से 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई में देरी के फैसले का समर्थन किया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइली सरकार ने हमास के बंधकों के साथ बर्बर व्यवहार को आधार बनाते हुए यह कदम उठाया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने इसे उचित प्रतिक्रिया करार दिया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इजराइल के हर फैसले के साथ खड़े रहने की बात कही। इस बीच, हमास ने भी कहा है कि जब तक कैदियों को रिहा नहीं किया जाता, वह इजराइल से किसी भी वार्ता के लिए तैयार नहीं है।

**हमास के नेता बोले- जब तक रिहाई नहीं, तब तक बातचीत नहीं**

अल जजीरा के अनुसार, हमास के दो वरिष्ठ नेताओं ने कहा है कि फिलिस्तीनी समूह तब तक मध्यस्थों के माध्यम से इस्राइल के साथ आगे कोई चर्चा नहीं करेगा, जब तक कि वह शनिवार को रिहा होने वाले 620 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा नहीं कर देता।

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब गाजा संघर्ष विराम वार्ता मुश्किल में पड़ती दिख रही है, क्योंकि हमास ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह तब तक वार्ता बंद कर देगा जब तक वादे के अनुसार फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई नहीं हो जाती। हमास की ओर से छह इजराइली बंदियों को रिहा करने के बावजूद इजराइल ने 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई स्थगित कर दी है।

**हमास पर बंदियों का इस्तेमाल प्रचार के लिए करने का आरोप**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में बंदियों को सौंपे जाने के समारोह को अपमानजनक बताया और हमास पर बंदियों का इस्तेमाल प्रचार के लिए करने का आरोप लगाया। अल जजीरा के अनुसार, सहायता समूह युद्ध विराम के पहले चरण के तहत इजराइल के अधूरे वादों पर सवाल उठा रहे हैं।

अल जजीरा ने बताया कि फिलिस्तीनी कैदी सोसाइटी ने कहा है कि इजराइल ने गाजा युद्ध विराम के अपने दायित्वों का पालन करने और 620 कैदियों को रिहा करने से इनकार कर दिया है। अल जजीरा के अनुसार, मिस्र और कतर कथित तौर पर इजराइल पर 620 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने के लिए दबाव डाल रहे हैं, जिसका वादा इजराइल ने हमास की ओर से गाजा से छह बंदियों को रिहा करने के बाद किया था। इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू को एक सैन्य दीक्षांत समारोह में बोलते हुए गाजा पर युद्ध को लेकर नई आलोचना का सामना करना पड़ा। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, जब उन्होंने बंधक शिरी बिबास और उसके छोटे लड़कों एरियल और केफिर (जिनके अवशेष पिछले सप्ताह गाजा से वापस लाए गए थे) की तस्वीर दिखाई, ताकि यह दर्शाया जा सके कि हम किसके खिलाफ लड़ रहे हैं, तो दर्शकों ने चिल्लाकर कहा, शर्म की बात है! और आपने उन्हें क्यों नहीं बचाया? नेतन्याहू ने चेतावनी दी है कि इजराइल किसी भी क्षण गहन युद्ध के लिए तैयार है। परिचालन योजनाएं तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अपने पूरे संबोधन में नेतन्याहू ने पूर्ण विजय का वादा किया।

# ऑनलाइन ठगी के खिलाफ बड़ा एक्शन

## अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराए 48 भारतीयों समेत 215 विदेशी

बैंकॉक, 24 फरवरी (एजेंसियां)। थाइलैंड व कंबोडिया पुलिस के साझा अभियान में एक स्कैम सेंटर में बंधक बनाए गए 48 भारतीयों समेत 215 विदेशी नागरिकों को मुक्त कराया गया। अपराधी गिरोह तस्करी के जरिये इन्हें कंबोडिया के सीमावर्ती शहर ले आया था और बंधक बना लिया था। स्कैम सेंटर के जरिये पूरे दक्षिण एशिया में ऑनलाइन ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा था।

थाइलैंड के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह ऑनलाइन ठगी व धोखाधड़ी की वारदातों के खिलाफ चलाए जा रहे क्षेत्रीय अभियान का विस्तार था। कंबोडिया के बांतेय मींचे प्रांत के सीमावर्ती शहर पोइपेट में रविवार को तीन मंजिला इमारत में छापेमारी की गई। थाइलैंड सरकार के प्रवक्ता जिरायु होंगसुब ने बताया कि स्कैम सेंटर में थाइलैंड के 109, पाकिस्तान के 50, भारत के 48, ताइवान के पांच व इंडोनेशिया के तीन नागरिकों को बंधक बनाकर काम कराया जा रहा था। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अपराधी गिरोह हजारों लोगों को तस्करी के जरिये थाइलैंड, कंबोडिया व म्यांमार ले जाता है। इन देशों के स्कैम सेंटरों पर उनसे जबरन ऑनलाइन फर्जीवाड़ा कराया जाता है। ये लोग पूरे दक्षिण एशिया में ठगी व फर्जीवाड़े को अंजाम देते हैं। 2023 की यूएन रिपर्ट के अनुसार, अपराधी गिरोह ऑनलाइन फर्जीवाड़े के जरिये हर साल अरबों डॉलर की कमाई करता है।



# इंदिरा गांधी पर टिप्पणी का मामला: विधानसभा का घेराव करने सड़कों पर उतरे कांग्रेसी पुलिस से हुई झड़प; कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया



जयपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर की गई विवादित टिप्पणी और 6 विधायकों के निलंबन के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा का घेराव करने के लिए 22 गोदाम स्थित सहकार भवन के पास जमावड़ा किया। यहां से वे विधानसभा की ओर कूच करने वाले थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। इस दौरान कार्यकर्ता सरकार विरोधी नारे लगाते रहे।

बता दें, 22 गोदाम सर्किल पर स्थित भारत पेट्रोल पंप से अंदर की तरफ जाने वाली सड़क पर पुलिस ने बैरिकेडिंग की है। सड़क पर दो जगह बैरिकेडिंग की गई है, जिसके बीच में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक मंच बनाया है। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को पेट्रोल पंप से पहले ही रोकने की तैयारी कर रखी है। साथ ही 22 गोदाम के पास प्रदर्शन कर रहे कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया गया है।

वहीं, विधानसभा की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर पुलिस बल पूरी तरह से तैनात है और स्थिति पर पैनी नजर रखी जा रही है। साथ ही विधानसभा घेराव के दौरान स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एक-एक कर हिरासत में लिया जा रहा है।

**इंदिरा गांधी पर टिप्पणी से हुआ विवाद**

दरअसल, इस प्रदर्शन का कारण पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा की गई विवादित टिप्पणी और विधानसभा में 6 कांग्रेस विधायकों का निलंबन है। मंत्री अविनाश गहलोत ने सदन में इंदिरा गांधी को 'आपकी दादी' कहकर संबोधित किया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह टिप्पणी और निलंबन गलत है और इसके खिलाफ वे विधानसभा तक जाकर अपना विरोध दर्ज कराना चाहते हैं। कांग्रेस ने इस बयान को असंसदीय करार देते हुए कड़ा विरोध जताया और चार दिन से लगातार विधानसभा में धरना दे रही है।

**कांग्रेस का विधानसभा में भी हंगामा**

इधर, सोमवार को जब विधानसभा की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरू हुई, तो कांग्रेस विधायकों ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाते हुए हंगामा कर दिया। इस पर स्पीकर ने कहा कि जो विधायक निलंबित किए गए हैं, वे सदन छोड़ दें और आसन का सम्मान करें।

कांग्रेस ने सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस विधायकों का कहना है कि यह सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों का गला घोंट रही है। निलंबन के जरिए विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन हम पीछे नहीं हटेंगे।

# वो इंदिरा गांधी को सम्मान नहीं देना चाहते हम तो विजयाराजे को दादी मानते हैं : मदन दिलावर



जोधपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री व जोधपुर जिला प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने विधानसभा में चल रहे कांग्रेस के धरने पर कहा कि वो पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को सम्मान देना नहीं चाहते। कोई अनुचित बात नहीं हुई थी दादी ही तो कहा था, वे उनको दादी या मां नहीं मानते। सम्मान देना नहीं चाहते। हमको कोई बोले विजयाराजे सिंधिया हमारी राजमाता-दादी थीं तो हम मानते हैं।

**गहलोत सिर्फ विरोध कर रहे हैं: दिलावर**

बजट समीक्षा को लेकर प्रेस वार्ता में उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम अशोक गहलोत सिर्फ विरोध कर रहे हैं, जबकि हमने जो जनहित की योजनाएं थी उनको बंद नहीं किया है। उनका फोकस सिर्फ नाम को लेकर है। इंदिरा रसोई का नाम बदल कर अन्नपूर्णा योजना की तो उन्हें पसंद नहीं। वे इंदिरा गांधी को मां अन्नपूर्णा से बड़ा मानते हैं, हम नहीं मानते।

ईआरसीपी पर कहा कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले माहौल खराब करने का प्रयास किया, लेकिन जनता उनके झांसे में नहीं आई। भाजपा सरकार आई तो केन्द्र की शर्तों पर बात हुई और ईआरसीपी को धरातल पर लेकर आए हैं।

**अधिकारियों को दिए निर्देश**

इससे पहले मदन दिलावर ने बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जोधपुर जिले से संबंधित बजट घोषणाओं की क्रियान्विति एवं विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। दिलावर ने अधिकारियों से कहा कि बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

बैठक में जिला प्रभारी सचिव दिनेश कुमार, शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़, ओसियां विधायक भैराराम सियोल, बिलाड़ा विधायक अर्जुनलाल गर्ग, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, ज़िला कलक्टर गौरव अग्रवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह, जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त उत्साह चौधरी, नगर निगम ( उत्तर-दक्षिण) आयुक्त सिद्धार्थ पालानीचामी सहित अन्य मौजूद रहे।

# फोन टैपिंग विवाद में नेता प्रतिपक्ष जूली ने सरकार को घेरा कहा- सरकार व मंत्री में कोई झूठ बोल रहा



जयपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में फोन टैपिंग विवाद को लेकर सियासत गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर राज्य सरकार और मंत्री किरोड़ी लाल मीणा पर तीखा हमला बोला है।

टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा नेतृत्व के दबाव में मीडिया के सामने अपने बयान से पलटने के बाद भी मंत्री किरोड़ी लाल मीणा सरकार पर फोन टैपिंग के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गृह राज्य मंत्री विधानसभा में स्पष्ट कर चुके हैं कि किरोड़ी लाल मीणा का फोन टैप नहीं किया गया। ऐसे में सरकार और मंत्री में से कोई एक असत्य बोल रहा है।

जूली ने सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा और सरकार दोनों ने ही इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के आरोपों में सच्चाई हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने फोन टैपिंग के मुद्दे पर विधानसभा में गलत जानकारी दी है, तो वे विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाकर संबंधित मंत्री को जनता के सामने बेनकाब करेंगे।

# जयपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया औद्योगिक विकास की संभावनाओं को लेकर अपनी राय प्रकट की




जयपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने राजस्थान में औद्योगिक विकास की संभावनाओं को लेकर अपनी राय प्रकट की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के औद्योगिक विकास के प्रति गंभीर हैं। उन्होंने दिल्ली में हुई बैठक के दौरान प्रदेश में फर्टिलाइजर निर्माण और सिरेमिक उद्योगों की संभावनाओं पर चर्चा की थी।

मांडविया ने बताया कि पिछले दस वर्षों में भारत में रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है और बेरोजगारी की दर विकसित देशों के समान स्तर पर आ गई है। अपने एक दिवसीय जयपुर दौरे के दौरान उन्होंने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के बीच केंद्रीय बजट को लेकर अपनी बात रखी। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में बजट के उद्देश्यों और विकसित भारत को लेकर अपनी राय साझा की।

राजस्थान में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश में रॉक फॉस्फेट का सबसे बड़ा भंडार है, जिसे फर्टिलाइजर निर्माण में उपयोग किया जा सकता है। मांडविया ने बताया कि जब वे फर्टिलाइजर मंत्री थे, तब माइनिंग विभाग के सर्वेक्षण में यह तथ्य सामने आया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में मुलाकात के दौरान इस पर चर्चा की और सुझाव दिया कि राजस्थान में ही फर्टिलाइजर का निर्माण हो, जिससे इसका देश में उपयोग होने के साथ-साथ निर्यात भी किया जा सके। इसके अलावा, राजस्थान से गुजरात के मौरवी में स्थित देश की सबसे बड़ी सिरेमिक इंडस्ट्री को कच्चा माल भेजा जाता है। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि यदि यह उद्योग राजस्थान में स्थापित हो जाए, तो यहां उपलब्ध कच्चे माल का समुचित उपयोग हो सकेगा। मांडविया ने मुख्यमंत्री की इस सक्रिय सोच की सराहना की।

**रोजगार के अवसरों में वृद्धि, बेरोजगारी में कमी**

मांडविया ने बताया कि वर्तमान में भारत में बेरोजगारी दर 3.2% है, जबकि यूपीए शासन के दौरान यह 6% थी। महंगाई दर भी पहले 6% थी, जो अब कम हो गई है। युवाओं की बेरोजगारी दर पहले 17-18% थी, जो अब घटकर 10% रह गई है। इससे स्पष्ट है कि युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

महिलाओं के रोजगार के क्षेत्र में भी सुधार हुआ है। पहले केवल 28% महिलाएं कार्यरत थीं, जबकि अब यह आंकड़ा बढ़कर 56% हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच केवल 4 करोड़ रोजगार सृजित हुए थे, जबकि 2014 से 2024 के बीच 17 करोड़ नए रोजगार उत्पन्न हुए हैं। पिछले एक दशक में 8 करोड़ लोग ईपीएफओ में पंजीकृत हुए हैं।

**देश का तेजी से विकास**

मांडविया ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश में बड़े बदलाव आए हैं और नए भारत का निर्माण हो रहा है। पहले बजट केवल घोषणाओं का माध्यम होता था, लेकिन 2014 के बाद से बजट में भविष्य का रोडमैप तैयार किया जाने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने गुलामी के प्रतीक चिन्हों को छोड़ने और राष्ट्र की समृद्ध विरासत को सहेजने पर भी जोर दिया है।

**मध्यम वर्ग को राहत**

मांडविया ने कहा कि सरकार का बजट केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संकल्पों को पूरा करने का जरिया है। पहले सरकारें 1200 घोषणाएं करती थीं, लेकिन वे धरातल पर नहीं उतरती थीं। वर्तमान सरकार ने समावेशी और सर्वस्पर्शी विकास को प्राथमिकता दी है।

मध्यम वर्ग की सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए पिछले दस वर्षों में टैक्स में कोई वृद्धि नहीं की गई है। जीएसटी लागू होने से टैक्स स्लैब कम हुए हैं, जिससे सरकार की आय बढ़ी है। इससे इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक खर्च किया जा रहा है। वर्तमान में 11 लाख करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च किए जा रहे हैं, जिसे बढ़ाकर 15 लाख करोड़ रुपये करने की योजना है। राष्ट्रीय राजमार्गों और अन्य क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

**स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार**

मांडविया ने बताया कि इनकम टैक्स में 12 लाख रुपये तक की छूट देकर मध्यम वर्ग को राहत दी गई है। एमएसएमई और कुटीर उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की गई है। राजस्थान में हर साल 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज इस योजना के तहत किया जा रहा है।

# बोरवेल में गिरे मासूम की मौत बचाव दलों ने 13 घंटे के रेस्क्यू के बाद निकाला शव





झालावाड़, 24 फरवरी (एजेंसियां)। जिले के पाडला गांव में बोरवेल में गिरे पांच साल के मासूम प्रह्लाद को बचाने के लिए 13 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी उसे नहीं बचाया जा सका। सोमवार सुबह 4 बजे एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने बच्चे को बोरवेल से बाहर निकालकर डग अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे का शव फिलहाल अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है।

गौरतलब है कि खेलते समय मासूम खेत में बने 150 फीट गहरे बोरवेल में गिरकर लगभग 30 फीट की गहराई पर फंस गया था। बचाव दल ने बच्चे तक ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए पाइप का इस्तेमाल किया था। झालावाड़ से आई SDRF की टीम ने देसी जुगाड़ का सहारा लेते हुए रिंग में फंसाकर बच्चे को निकालने की कोशिश की। वहीं कोटा से पहुंची एनडीआरएफ की टीम भी लगातार रेस्क्यू में जुटी रही, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद बच्चे की जान नहीं बचाई जा सकी।

डग थानाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि प्रह्लाद पुत्र कालूलाल अपने माता-पिता के साथ पाडला गांव स्थित अपने पर गया था। खेलते-खेलते वह बोरवेल के पास पहुंच गया और दोपहर करीब 1:40 बजे ट्यूबवेल (बोरवेल) में गिर गया। यह बोरवेल तीन दिन पहले शुक्रवार को ही खुदवाया गया था और उसे अस्थाई रूप से ढंका गया था। मासूम बोरवेल को ढंकने के लिए रखे पत्थर के साथ ही नीचे गिर गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बच्चे को बचाने के लिए लगातार प्रयास किए गए और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए राहत और बचाव कार्य जारी रखा।

प्रह्लाद के निधन की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है। मासूम की असमय मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

# पाकिस्तानी नंबर से युवक के पास आया ऐसा मैसेज फांसी लगाकर जिंदगी को कर लिया खत्म

पाली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के पाली के कोतवाली थाना क्षेत्र के किन्नरों की हवेली के निकट एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों का कहना है कि पाकिस्तान के नंबर से लगातार उसके पास मैसेज-कॉल आ रहे थे। ऐसा ही एक मैसेज मृतक के छोटे भाई के पास आया तब मामला सामने आया। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

कांकरोली हाल किन्नरों की हवेली के निकट निवासी राकेश सैन (43) पुत्र राधेश्याम सैन ने दोपहर घर में फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक के रिश्तेदार सुनील सैन ने बताया कि राकेश उसकी हेयर कटिंग की दुकान पर काम करते थे। उसके छोटे भाई अनिल सैन के मोबाइल पर वॉट्सऐप के जरिए मैसेज आया, जिसमें राकेश सैन का फोटो था, जिस पर लिखा था कि लोन फ्रॉड है।

साथ ही मैसेज लिखा कि इन्होंने एप के जरिए लोन लिया है, जिसे पे करें। डीजी फाइनेंस में लोन ऐप के जरिए पे नहीं किया तो तुहारी फैमिली में यह मैसेज शेयर कर देंगे। यह बात जब उसने परिवार के लोगों को बताई और पाकिस्तान से आए नंबर से मैसेज बताया तो उन्होंने पुलिस को बताया कि मृतक के मोबाइल में भी इस नंबर से कई मैसेज और कॉल आए होंगे। उससे परेशान होकर मृतक राकेश सैन ने आत्महत्या की। अभी यह नहीं पता चला है कि मृतक ने कितना लोन लिया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतक राकेश के साथ कोई ऑनलाइन फ्रॉड हुआ है या उसने ऑनलाइन किसी तरह के ऐप से लोन ले रखा था, इसकी जानकारी अभी नहीं है। उसने फोन या मैसेज से परेशान होकर यह कदम उठाया है या नहीं, ये तो जांच के बाद ही साफ होगा।

# 28 लाख के हाईटेंशन तार चोरी पांच आरोपियों को हिरासत में लिया

जालौर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। जालौर जिले के भीनमाल थाना क्षेत्र में 132 केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा हुआ है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है और चोरी में इस्तेमाल की गई कार भी जब्त कर ली है। चोरी गए तारों की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। भीनमाल थाना में सहायक अभियंता कान्तिलाल ने 19 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम द्वारा 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन जसवंतपुरा और 132 केवी डबल सर्किट लाइन का निर्माण कार्य चल रहा था। 18 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने भरुडी गांव के पास टावर क्रमांक तीन से आठ के बीच करीब 10 किलोमीटर तक बिछे पैंथर तार और हार्डवेयर चोरी कर लिए, जिससे निगम को 28 लाख रुपये का नुकसान हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में थानाधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में अब्दुल कुद्दुस (50), रफीक (45), राजकुमार (38), धर्मेंद्र (30) और पठान अमाररजा शामिल हैं।

# अलवर में अरशद गैंग का आतंक: गायों को ले जाने से रोका तो तस्करों ने पुलिस पर मारे पत्थर; बचाव में की ताबड़तोड़ फायरिंग

अलवर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। तिजारा की कुख्यात अरशद गैंग एक दशक बाद फिर सक्रिय हो गई है। गैंग के तस्कर शनिवार देर रात शहर के भूरासिद्ध मंदिर रोड से दो गायों को पिकअप में भर ले गए। पुलिस के पीछा करने पर तस्करों ने पथराव और फायरिंग कर दी। भागते समय रूपबास रोड पर तस्करों की पिकअप दीवार से टकरा गई।

पुलिस ने घेराबंदी कर एक तस्कर को गिरफ्तार कर गोवंश को मुक्त कराया। साथ ही पिकअप को जब्त किया। जिसमें से देशी शराब के पव्वों की दो पेटी, एक देशी कट्टा और कारतूस बरामद किए। पिकअप में प्लास्टिक के कैरेट में पत्थर भरे हुए थे। अरावली विहार थानाधिकारी रामेश्वर लाल ने बताया कि घटना रात करीब ढाई बजे की है। गोतस्करों की सूचना मिलने पर रात्रि गश्त में मौजूद थाने के हैडकांस्टेबल घनश्याम मीणा ने एसएमडी चौराहे के निकट गोतस्करों की गाड़ी को रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन गोतस्कर पुलिस पर पथराव और फायरिंग करते हुए भवानी तोप चौराहा की तरफ भागे। इस दौरान पिकअप रूपबास रोड पर सरस डेयरी की दीवार से जा टकराई। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर पिकअप को पकड़ लिया, लेकिन चार गोतस्कर फरार हो गए। जबकि पिकअप चालक जुबेर खां (28) पुत्र दीन मोहमद निवासी ताजू का बास-तिजारा को गिरतार कर लिया। पुलिस ने गोवंश को मुक्त करा मालिकों को सुपुर्द कर दिया।


**तिजारा कोर्ट में पुलिस पर फायरिंग कर छुड़ा ले गए थे, एसपी को हटाना पड़ा**

पुलिस ने वर्ष 2013 में अरशद और मित्तल समेत गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया था। पुलिस उन्हें तिजारा कोर्ट में पेश करने ले जा रही थी। गिरोह के अन्य बदमाशों ने तिजारा कोर्ट परिसर में ही पुलिस की गाड़ी पर फायरिंग कर दी थी और अरशद समेत चार बदमाशों को छुड़ाकर ले गए थे। इस घटना के दौरान तत्कालीन जिला पुलिस अधीक्षक संतोष चालके ज्वाइन करने से पहले ही सीधे घटनास्थल पर पहुंचे। इस घटना के पांच-छह दिन बाद ही एसपी संतोष चालके को अलवर से हटा दिया गया था।

## मंदिर चोरी का किया खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार

सिरोही, 24 फरवरी (एजेंसियां)। आबूरोड शहर पुलिस ने जलाराम मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह चोरी 20 फरवरी 2025 की रात को हुई थी, जब चोरों ने मंदिर में घुसकर दानपेटी से नकदी चुरा ली थी। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन में संपत्ति से जुड़े अपराधों को जल्द सुलझाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवाराम चौधरी और वृताधिकारी गोमाराम चौधरी के सुपरविजन में थानाधिकारी हरचंद देवासी के नेतृत्व में जांच टीम बनाई गई।

# पत्नी का गला दबाकर, पति ने किया सुसाइड



झुंझुनू, 24 फरवरी (एजेंसियां)। झुंझुनूं के मुकुंदगढ़ कस्बे में वार्ड नं. 24 में स्थित एक मकान में बंद कमरे में दंपति के शव मिलने पर कोहराम मच गया। महिला का शव कमरे में रखी चारपाई पर पड़ा था, उसके गले पर रस्सी के निशान मिले हैं। जबकि पति का शव फंदे में लटका हुआ था। माना जा रहा है कि पारिवारिक कलह से परेशान होकर पत्नी परवीन बानो (38) की हत्या करने के बाद पति रफीक रंगरेज (40) ने आत्महत्या कर ली। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक दंपति के पुत्र समीर पुत्र रफीक रंगरेज ने मुकुंदगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया है।

मृतक रफीक रंगरेज (40) पुत्र इकबाल एवं परवीन बानो (38) पत्नी रफीक रंगरेज में लंबे समय से विवाद चल रहा था। किसी बात को लेकर तीन दिन पहले भी दोनों में अनबन हुई थी। घटना की रात दोनों पति-पत्नी अपने कमरे में थे। जबकि बेटा समीर अलग कमरे में सोया हुआ था।

सुबह चाय के लिए जब समीर ने कमरे का दरवाजा खटखाया तो अन्दर से कोई हलचल नहीं हुई। इस पर दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो रफीक रंगरेज का शव फंदे में लटका हुआ था। जबकि परवीन बानों का शव चारपाई पर पड़ा था। परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। हालांकि पुलिस के आने से पहले शव को फंदे से उतार लिया गया। मृतक दंपति का बेटा समीर उनके साथ ही रहता है जबकि बेटी सिमरन अपने ननिहाल रामगढ में रहती है।

# 11 महत्वपूर्ण खनिजों के उत्पादन के लिए क्वींसलैंड के साथ आपसी सहयोग : भट्टी



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि तेलंगाना राज्य भारत में प्रमुख खनिजों के खनन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इस संदर्भ में, महत्वपूर्ण खनिज प्रौद्योगिकी और खनन क्षेत्र में क्वींसलैंड (ऑस्ट्रेलियाई) सरकार के साथ आपसी सहयोग और साझेदारी के लिए तेलंगाना का समझौता एक शुभ विकास है। यह तेलंगाना राज्य के खनन इतिहास में एक मील का पत्थर बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने क्वींसलैंड से आए प्रतिनिधिमंडल को शुभकामनाएं दी हैं। उपमुख्यमंत्री ने क्वींसलैंड राज्य के वित्त, वाणिज्य, रोजगार और प्रशिक्षण मंत्री सुश्री रोज बेट्स और उस राज्य के अधिकारियों की टीम के साथ "प्रमुख खनिजों का उत्पादन, व्यापार अवसरों का विस्तार' पर बैठक में बात की। बैठक सोमवार को यहां सिंगरेनी भवन में हुई। भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि तेलंगाना और पूरे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर ऊर्जा, बैटरी भंडारण प्रणालियों की भारी मांग है।

इसलिए, वैनेडियम, कोबाल्ट, इंडियम, क्रोमियम, टाइटेनियम आदि 11 प्रकार के खनिजों की बहुत आवश्यकता थी। अब तक ऐसे खनिजों का आयात विदेशों से किया जा रहा था। चूंकि ये खनिज क्वींसलैंड में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, इसलिए तेलंगाना सरकार इन खनिजों के उत्पादन और बिक्री के लिए पारस्परिक रूप से लाभदायक व्यावसायिक समझौते के लिए प्रारंभिक समझौते पर पहुंची है, उन्होंने कहा। "तेलंगाना ने 2029-30 तक 20,000 मेगावाट हरित ऊर्जा उत्पन्न करने का लक्ष्य रखा है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने और देश के लिए एक मॉडल बनने की योजना तैयार कर रहा है। इस संबंध में, तेलंगाना सरकार क्वींसलैंड का सहयोग ले सकती हैं।"

विक्रमार्क ने कहा कि सिंगरेणी कोलियरीज कंपनी को तेलंगाना राज्य और क्वींसलैंड के बीच संयुक्त खनन और खनिज व्यापार के लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है। सिंगरेनी कंपनी ने पहले ही सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर सिमटार्स के साथ और खनन व तकनीक संबंधी मामलों पर सीएसआई, आरओ व अन्य एजेंसियों के साथ समझौता कर उनकी सेवाएं लेने का करार किया हुआ है। अब क्वींसलैंड के मंत्री की मौजूदगी में महत्वपूर्ण खनिजों के उत्खनन, प्रमुख खनिज उत्पादन मशीनरी के लिए तकनीक, सुरक्षा पहलुओं को आगे बढ़ाने, वेंटिलेशन में सुधार, अधिक गहराई पर कोयला भंडारों के खनन के लिए आधुनिक तकनीक व अन्य मामलों पर हुए इस करार के साथ सिंगरेनी कंपनी आपसी समझ के साथ कारोबारी करार को आगे बढ़ा रही है, विक्रमार्क ने कहा। उन्होंने कहा कि उपरोक्त विषयों के अध्ययन व समझ के लिए सिंगरेनी से एक टीम जल्द ही क्वींसलैंड भेजी जाएगी। क्वींसलैंड की वित्त, वाणिज्य, प्रशिक्षण व रोजगार मंत्री रोज बेट्स ने कहा कि वे सिंगरेनी कंपनी के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए यहां आई हैं, जिसे खनन क्षेत्र में समृद्ध अनुभव है। उन्होंने सौर ऊर्जा व पवन ऊर्जा क्षेत्रों के लिए पूरा सहयोग देने का वादा किया।

## आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में एमएलसी उपचुनाव 20 मार्च को

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। 29 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों की सीटों को भरने के लिए विधायकों द्वारा आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की विधान परिषदों के द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा हो गई है। आंध्र प्रदेश: कृष्ण मूर्ति जंगा (15 मई, 2024 से रिक्त), दुवरापु रामा राव, परचुरी अशोक बाबू, बी. तिरुमाला नायडू और यानमाला रामकृष्णुडु, तेलंगाना: मोहम्मद महमूद अली, सत्यवती राठौड़, सुभाष रेड्डी, मल्लेशम येग्गे और मिर्जा रियाजुल हसन इफेंडी की सीट रिक्त होगी।

अधिसूचना जारी करने की तिथि 3 मार्च, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 10 मार्च, नामांकन की जांच 11 मार्च, उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 13 मार्च, मतदान और मतगणना की तिथि 20 मार्च होगी।

# केंद्र महिला आरक्षण को तुरंत लागू करें: अलका लांबा



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा अलका लांबा ने केंद्र सरकार से महिला आरक्षण को तुरंत लागू करने का आह्वान किया है। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने की भी अपील की। सोमवार को गांधी भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, अलका लांबा ने तेलंगाना महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुनीता राव और अन्य नेताओं के साथ घोषणा की कि देश भर में लगभग पांच लाख लोगों ने महिला कांग्रेस के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया है, जिसमें एक लाख से अधिक तेलंगाना से हैं। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि तेलंगाना देश में सबसे आगे है, जहां अब तक 1.04 लाख सदस्य तेलंगाना महिला कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ और महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता राव को उनकी सदस्यता लक्ष्य हासिल करने के लिए बधाई दी। "तेलंगाना ने कांग्रेस को सत्ता में लाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में, तेलंगाना में 500 रुपये प्रति सिलेंडर की कीमत विशेष रूप से उपलब्ध है। राज्य में महिलाओं के लिए तीन प्रतिबद्धताएँ पहले ही पूरी हो चुकी हैं, और चौथी प्रतिज्ञा जल्द ही अमल में लाई जाएगी," उन्होंने टिप्पणी की। अलका लांबा ने कहा कि प्रियंका गांधी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली में तेलंगाना सहित पूरे भारत की महिलाओं को सम्मानित करेंगी।

## टीएससीएस ने रक्तदान का आयोजन किया

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। थैलेसीमिया सिकल सेल सोसाइटी ने आज हैदराबाद के गुडीमलकापुर स्थित किंग्स पैलेस में तेलंगाना का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर आयोजित किया। चंद्रायनगुट्टा के विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी सहित कुछ प्रसिद्ध हस्तियों ने रक्तदान शिविर का दौरा किया और इस अभियान का समर्थन किया। टीएससीएस के संयुक्त सचिव एम ए अलीम बेग, अबू ऐमल और टीएससीएस के समर्पित कर्मचारियों ने दान शिविर में भाग लिया, जहां एकत्रित रक्त इकाइयों का उपयोग थैलेसीमिया रोगियों के लिए किया जाएगा, जिन्हें जीवित रहने के लिए हर 15 दिनों में रक्त की आवश्यकता होती है।

टीएससीएस के अध्यक्ष डॉ. चंद्रकांत अग्रवाल ने अकबरुद्दीन ओवैसी और अन्य लोगों को तेलंगाना में थैलेसीमिया की स्थिति और थैलेसीमिया रोगियों को रक्त चढ़ाने के लिए रक्तदाताओं के आगे आने की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। टीएससीएस की उपाध्यक्ष रत्नावली कोथापल्ली, टीएससीएस की सीईओ डॉ. सुमन जैन, मनोज रूपानी भी रक्तदान शिविर का हिस्सा थे। एकत्रित रक्त का उपयोग उन रोगियों के लिए किया जाएगा, जिन्हें नियमित अंतराल पर रक्त आधान की आवश्यकता होती है। टीएससीएस ने विधायक से प्रत्येक गर्भवती महिला के लिए अनिवार्य प्रसवपूर्व जांच - एचबीए2 (जिसकी टीएससीएस मांग कर रही है) के लिए जी.ओ. जारी करने में मदद करने की भी अपील की है, ताकि थैलेसीमिया मेजर बच्चों के जन्म को रोकने में मदद मिल सके।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की असम की दो दिवसीय यात्रा

**8600 नर्तकों द्वारा अब तक का सबसे बड़ा झुमुर नृत्य देखा गया।**

गुवाहाटी, 24 फरवरी, (के भट्टाचार्य)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिनों के लिए गुवाहाटी पहुंचे और उन्होंने विभिन्न देशों के 60 मिशन प्रमुखों और राजदूतों के साथ असम चाय उद्योग की 200वीं वर्षगांठ के अवसर पर गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में लगभग 8600 चाय-आदिवासियों के नर्तकों द्वारा किया गया अब तक का सबसे बड़ा झुमुर नृत्य देखा। बता दें कि झुमुर असम की पारंपरिक चाय-आदिवासियों का नृत्य है। आज यह असम में चाय बागान श्रमिकों द्वारा मनाए जाने वाले चाय बागान उत्सव या त्योहारों में एक केंद्रीय स्थान रखता है। चाय-जनजाति चाय बागानों के श्रमिकों और उनके वंशजों का एक बहु-सांस्कृतिक और बहु-जातीय समुदाय है। ये लोग मूल रूप से मध्य भारत से आए थे, जिनमें से अधिकांश वर्तमान झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल से थे और 19वीं शताब्दी में असम में बस गए थे। जहाँ वे अंग्रेजों द्वारा स्थापित असम के 800 से अधिक चाय बागानों में काम करते थे। पीएम मोदी ने एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन की भी शुरुआत की, जो 2025 में निवेश और बुनियादी ढाँचा शिखर सम्मेलन है। यह ऐतिहासिक आयोजन दुनिया की कुछ सबसे प्रभावशाली हस्तियों, अरबपति व्यापारिक नेताओं और वैश्विक दिग्गजों को एक साथ लाएगा। यह शिखर सम्मेलन बुनियादी ढाँचा इलेक्ट्रॉनिक्स और अर्धचालक, एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और हाइड्रोकार्बन, पर्यटन, खाद्य और पेय पदार्थ, सुगंध और स्वाद और गतिशीलता और रसद जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है।

# मेदिगड्डा मामले में केसीआर, हरीश राव की याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना हाईकोर्ट ने आज मेदिगड्डा मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की। हाईकोर्ट की पीठ ने याचिका पर दलीलें सुनीं और बाद में मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। केसीआर और पूर्व मंत्री हरीश राव ने मेदिगड्डा परियोजना ढहने के मामले में भूपालपल्ली अदालत द्वारा पारित आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। केसीआर के वकील ने अदालत को बताया कि निचली अदालत में याचिका दायर करने वाले राजलिंगमूर्ति की मृत्यु हो चुकी है। सरकारी पीपी ने तर्क दिया कि याचिका विचारणीय है। उन्होंने पीठ से मामले में याचिकाकर्ता के कानूनी उत्तराधिकारियों को पक्षकार बनाने और मामले को वापस निचली अदालत को भेजने का अनुरोध किया।हालांकि, केसीआर की ओर से वकील ने पीपी की दलीलों का विरोध किया। न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि कानूनी उत्तराधिकारियों को अभियोग में लाने का अधिकार केवल समन मामले में ही लागू होता है तथा यह भी कहा गया कि चूंकि यह एक आपराधिक याचिका है, इसलिए कानूनी उत्तराधिकारियों को अभियोग में लाने की कोई गुंजाइश नहीं है। भूपालपल्ली न्यायालय में राजलिंगमूर्ति नामक व्यक्ति ने मेदिगड्डा बैराज ढहने के मामले में केसीआर तथा हरीश राव को जिम्मेदार ठहराते हुए आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर की है। न्यायालय ने याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। केसीआर तथा हरीश राव को नोटिस जारी किए गए हैं। हालांकि, केसीआर तथा हरीश राव दोनों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तथा आरोप लगाया कि जिला न्यायालय ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर आदेश पारित किया है। उन्होंने न्यायालय के आदेश को रद्द करने की मांग की। न्यायालय में सुनवाई चल रही थी, उसी दौरान शिकायतकर्ता राजलिंगमूर्ति की हत्या कर दी गई। याचिकाकर्ता की मृत्यु के पश्चात उच्च न्यायालय ने पूछा कि याचिका पर सुनवाई कैसे की जा सकती है। इस संबंध में सरकारी वकील केसीआर तथा हरीश राव के वकीलों ने उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी दलीलें प्रस्तुत की। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी तथा अपना फैसला सुरक्षित रख ली।

## मजदूरों को बचाने के लिए सरकार गंभीर प्रयास नहीं कर रही है: जगदीश रेड्डी

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री जी जगदीश रेड्डी ने एसएलबीसी सुरंग दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि आठ मजदूर अभी भी सुरंग में फंसे हुए हैं। उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी जान बचाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। सोमवार को तेलंगाना भवन में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए जगदीश रेड्डी ने कहा कि सुरंग में फंसे सभी लोग दूसरे राज्यों के थे। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के पुनर्निर्माण में राज्य के बाहर के मजदूरों की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में राज्य के बाहर के करीब 35 लाख मजदूर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को एसएलबीसी सुरंग घटना में फंसे मजदूरों की जान बचाने का भी ध्यान रखना चाहिए।

# स्वास्थ्य के लिए शारीरिक प्रवृत्तियों को संतुलित करने के लिए खाना और जीना आवश्यक

## प्रकृति परीक्षा कार्यक्रम संपन्न



हैदराबाद,24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान ने आज गड्डी अन्नाराम के श्री वेंकटेश्वर कॉमर्स डिग्री और जूनियर कॉलेजों में प्रकृति परीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया।

छात्र-छात्राओं की प्रकृति को रिकॉर्ड करने के उद्देश्य से आयुष मंत्रालय ने 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर यह राष्ट्रीय अभियान शुरू किया। प्रकृति आधारित भोजन और जीवनशैली व्यक्तिगत प्रकृति के अनुसार भोजन विकल्पों और दैनिक दिनचर्याओं को अनुकूलित करने की सिफारिश करती है। यह आयुर्वेद में तीन दोषों (वात, पित्त और कफ) द्वारा निर्धारित किया जाता है। सर्वोत्तम स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए विशिष्ट शारीरिक प्रवृत्तियों को संतुलित करने के लिए खाना और जीना आवश्यक है। कौन से खाद्य पदार्थ और जीवनशैली पद्धतियां सबसे उपयुक्त हैं, यह समझने के लिए, प्रबल दोष (वात, पित्त या कफ) निर्धारित करने के लिए उपयोगी है। मुख्य रूप से स्वास्थ्य को बनाए रखने में आयुर्वेद के महत्व और व्यक्तिगत प्रकृति के बारे में नागरिकों को जागरूक करना इसका उद्देश्य है। इससे व्यक्ति अपने शरीर की प्रकृति को समझ सकेंगे और स्वास्थ्य देखभाल के लिए उपयुक्त आयुर्वेदिक पद्धतियों को अपना सकेंगे।

इस शिविर में वेंकटेश्वर कॉमर्स डिग्री और जूनियर कॉलेजों के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। डॉक्टरों ने उनकी प्रकृति का आकलन किया। इस कार्यक्रम में डॉ. जीपी प्रसाद, प्रभारी सहायक निदेशक, डॉ. साकेत राम अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद) और डॉ. संतोष एस माने अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद), राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, हैदराबाद ने प्रकृति और रोग निवारण में इसके महत्व पर व्याख्यान दिए।

इस कार्यक्रम में श्रीनिवास राव-पुस्तकालय अध्यक्ष, रवि बाबू और कॉलेजों के प्राचार्य, सुधाकर रेड्डी, भवानी, कामेश्वर राव, दामोदर रेड्डी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## अखंड अष्टयाम का आयोजन कल

हैदराबाद ,24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शिव रात्रि के शुभ अवसर पर तेलंगाना बिहार सहयोग समिति द्वारा इस साल भी अंखड अष्टयाम हरि कीर्तन का आयोजन दुर्गा माता मंदिर इंदिरा नेहरु नगर मल्काजगिरी में 26 फरवरी को किया गया है। कीर्तन 2% तारीख की शाम चार बजे समाप्त होगी उसके पश्चात साम छह बजे से राम विवाह कराया जाएगा। इस मौके पर हैदराबाद के सभी भजन मंडली को निमंत्रण दिया गया है और हैदराबाद के सभी यूपी, बिहार झारखंड के लोगों को भी बुलाया गया है। समिति द्वारा अन्नदानम का कार्यक्रम और प्रसाद वितरण किया जायेगा। केन्द्रीय समिति के शुशील ओझा,जैन्त यादव,अध्यक्ष बिनय कुमार यादव, उपाध्यक्ष दीपक यादव, मनोज यादव, सचिव सागर भगत, सुनील भगत, मनोज भगत , रंजीत यादव, गोपाल भगत, आंनद गुप्ता, ललन मिश्रा, सुनील ठाकुर, बिनोद यादव, धिरज यादव,सुरज यादव, गुलशन कुमार आदि ने लोगों से उपस्थित होने की अपील की है।

## पुल की चौड़ीकरण के लिए रास्ता रोको आंदोलन

सिरपुर कागजनगर/ आसिफाबाद,24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता आरएस प्रवीण कुमार ने कागजनगर मंडल में इसगांव मंदिर के पास पुल पर रास्ता रोको का आयोजन किया।लगभग आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा।आरएसपी ने चेतावनी दी कि पुल पर कई लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं और यदि पुल को चौड़ा नहीं किया गया तो कागजनगर और इसगांव के लोगों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## सिरपुर विधायक ने पूर्व विधायक कोनेरू कोनप्पा को भाजपा में आमंत्रित किया

सिरपुर कागजनगर/ आसिफाबाद ,24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिरपुर विधायक डॉ. पलवई हरीश बाबू ने आज पत्रकार वार्ता में कहा कि सिरपुर के पूर्व विधायक कोनेरू कोनप्पा की स्थिति असहनीय हो गई है, कांग्रेस बाहर जाने को बोल रही है, बीआरएस आने नहीं दे रही है, इस परिप्रेक्ष्य में वे उन्हें भारतीय जनता पार्टी में आमंत्रित कर रहे हैं । उनसे अपने अनुभव और उम्र का उचित सम्मान करने तथा भारतीय जनता पार्टी की मजबूती के लिए काम करने का आह्वान किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि मेहमान नेता दौरे कर रहे हैं और सिरपुर विधानसभा क्षेत्र की आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जहां कोमुरम भीम आसिफाबाद जिले में भारतीय कपास निगम के माध्यम से 10 लाख क्विंटल कपास की खरीद की गई थी, वहीं इस वर्ष 20 लाख क्विंटल कपास की खरीद की गई और किसानों के खातों में 1500 करोड़ रुपये जमा किए गए। उन्होंने यह भी बताया कि आरएंडबी और पंचायती राज सड़कों के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी गई है, कुछ काम शुरू हो गए हैं, कुछ काम शुरू होने बाकी हैं तथा निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास किए जाएंगे। एमएलसी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को वोट देने और सवाल उठाने वालों की आवाज को ताकत देने की अपील की गई। इस कार्यक्रम में पूर्व भाजपा संगारेड्डी जिला अध्यक्ष नरेंद्र रेड्डी, पूर्व जेडपीटीसी अरिगेला नागेश्वर राव, मंडल अध्यक्ष लावण्या, नीरति सत्यनारायण, येलमुले शंकर, अशोक आर्य और अन्य ने भाग लिया।

## बेंगलुरु-हैदराबाद बस में आग, यात्री सुरक्षित

महबूबनगर, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद जा रही एक बस में सोमवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर जडचेरला के निकट मल्लेबोइनपल्ली गांव के निकट आग लग जाने से यात्री चमत्कारिक रूप से बच गए। बस में आग लगने की खबर यह है कि बस का पिछला टायर फट गया। आग में वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया और यात्रियों का सामान भी जल गया। बेंगलुरु से आ रहे बस यात्री भाग्यशाली रहे क्योंकि आग लगने पर ड्राइवर ने बस रोक दी और यात्रियों से उतरने को कहा। सलीम ट्रैवल्स की बस अपने गंतव्य हैदराबाद से करीब 100 किलोमीटर दूर थी।

## पारिवारिक विवाद के चलते की आत्महत्या

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद के चिलकलगुडा में सोमवार को एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। पारिवारिक विवाद को इसका कारण माना जा रहा है। पीड़ित नरसिंह राव (52) एक निजी कर्मचारी था जो पिछले कुछ दिनों से व्यक्तिगत समस्याओं और चल रहे पारिवारिक विवादों से कथित तौर पर परेशान था। पुलिस के मुताबिक, उसने ब्लेड से अपना गला रेत लिया और घर में ही उसकी मौत हो गई। चिलकलगुडा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चिन्ना रेड्डी ने मेघा रेड्डी पर साधा खुलेआम निशाना

**कांग्रेस में दरार बढ़ी**

वानापर्थी, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। योजना आयोग के उपाध्यक्ष जी चिन्ना रेड्डी और स्थानीय विधायक टी मेघा रेड्डी के बीच मतभेद बढ़ता जा रहा है, क्योंकि चिन्ना रेड्डी बाजार समिति में नामांकन के लिए अपनी सिफारिश पर विचार नहीं किए जाने से नाराज हैं। चिन्ना रेड्डी ने निर्वाचन क्षेत्र में मेघा रेड्डी की मनमानी पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एकतरफा फैसले नहीं लिए जाने चाहिए और अन्य दलों से कांग्रेस में शामिल हुए नेताओं सहित सभी नेताओं को समन्वय के साथ काम करना चाहिए। पार्टी नेतृत्व को स्पष्ट संदेश देते हुए उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि दलबदलुओं को प्राथमिकता देने से पार्टी की संभावनाओं को नुकसान पहुंचेगा।

चिन्ना रेड्डी ने रविवार को कहा कि आप कभी नहीं जानते कि वे कब दीवार फांदकर चले जाएंगे। वफ़ादारों की रक्षा की जानी चाहिए और नए लोगों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह 80:20 के अनुपात में होना चाहिए। वानापर्थी में दो मार्केट यार्ड हैं, एक मुख्यालय में और दूसरा पेब्बैर में, जो अपेक्षाकृत छोटा है। तदनुसार, चिन्ना रेड्डी ने पेब्बैर मार्केट यार्ड समिति के लिए कुछ नामों, विशेष रूप से बीसी नेताओं की सिफारिश की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के निर्देशों के बावजूद मेरी सिफारिशों पर विचार नहीं किया जा रहा। चिन्ना रेड्डी ने गुस्से में कहा कि मैं 46 साल से कांग्रेस के प्रति वफादार रहा हू, क्या मुझे हमारे नेताओं को कुछ पदों के लिए सिफारिश करने का अधिकार नहीं है? क्या मैं एक टिशू पेपर हूं?

स्थानीय निकाय चुनाव तेजी से नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में योजना आयोग के उपाध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि केवल जीतने वाले उम्मीदवारों को ही टिकट दिया जाना चाहिए।

## कार चालक की हत्या के आरोप में 3 गिरफ्तार


हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चंदनगर पुलिस ने शनिवार को एक कार चालक की हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में मोहम्मद फकरुद्दीन (28), मोहम्मद बुरहान (44) और मोहम्मद कलीम (38) शामिल हैं, जबकि दो अन्य अजहर और मोहम्मद अली फरार हैं। पीड़ित मोहम्मद नसीर (41), जो चंदननगर के पापीरेड्डी कॉलोनी का निवासी है, मुख्य संदिग्ध फकरुद्दीन का दोस्त था, जो चंदननगर के नेहरूनगर का निवासी है। कुछ दिन पहले फकरुद्दीन के पिता को लकवा का दौरा पड़ा था। इसके अलावा, फकरुद्दीन स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित था और उस व्यक्ति को शक होने लगा कि नसीर उनके परिवार पर जादू-टोना कर रहा है।

मधुपुर के डीसीपी डॉ. जी विनीत ने बताया कि फकरुद्दीन ने मामले को सुलझाने के लिए बुरहान नामक बदमाश को शामिल किया। शुक्रवार की रात को उन्होंने नसीर को मामले पर चर्चा करने के लिए बुलाया और उसे गोपीनगर चेरुवु में एक सुनसान जगह पर ले गए, जहां सभी पांचों संदिग्धों ने उस पर लाठियों से हमला कर दिया, जिससे नसीर की मौत हो गई। फकरुद्दीन, बुरहान और कलीम को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है, जबकि अजहर और मोहम्मद अली को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## ड्रग तस्कर गिरफ्तार; 1.6 किलो गांजा जब्त

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मद्य निषेध एवं आबकारी विभाग के राज्य टास्क फोर्स ने सोमवार को अट्टापुर में एक ड्रग तस्कर को पकड़ा और उसके पास से 1.6 किलोग्राम गांजा जब्त किया।

अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार किया गया व्यक्ति विशाल सिंह अट्टापुर के रामबाबू कॉलोनी में ग्राहकों को गांजा बेचकर अवैध कमाई कर रहा था। विशाल सिंह के साथ गांजा के धंधे में दो अन्य व्यक्ति अश्विन और नवीन भी जुड़े हुए हैं और फरार हैं। तीनों व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।



जीडिमेटला स्थित श्री आईमाता मंदिर ध्वजा रोहण कार्यक्रम में मंगल गान करती हुई समाज की महिलाएँ।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### पहले पति से ...

लेकिन हाईकोर्ट ने इस आदेश को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि महिला की पहली शादी कानूनी तौर पर खत्म नहीं हुई थी, इसलिए दूसरी शादी अवैध है।

**क्या अवैध शादियों में रहने वाली महिलाएं भी गुजारे की हकदार**

दूसरे पति (प्रतिवादी) ने गुजारा भत्ता देने का विरोध किया। उसका कहना था कि महिला को उसकी पत्नी नहीं माना जा सकता, क्योंकि उसकी पहली शादी कानूनी तौर पर अभी भी जारी है। महिला ने दलील दी थी कि धारा 125 में पत्नी शब्द की व्याख्या व्यापक रूप से की जानी चाहिए। इसमें अवैध शादियों में रहने वाली महिलाओं को भी शामिल किया जाना चाहिए। खासकर जब दूसरे पति को पहली शादी के बारे में पता हो और पत्नी अपने पहले पति से अलग हो चुकी हो।

### बांग्लादेशी सेना ने...

**हमारी कोशिश चीजें पटरी पर आएं: सेना प्रमुख**

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, सेना प्रमुख जमां ने जोर देकर कहा कि फौज का ये फर्ज बनता है कि वो शांति और व्यवस्था बनाए रखे। उन्होंने कहा, 'हमने शुरू में सोचा था कि यह काम जल्दी पूरा हो जाएगा और हम कैंटोनमेंट लौट जाएंगे लेकिन चीजें समय ले रही है। हम लंबे समय से काम कर रहे हैं। इस समय हमें धैर्य रखना चाहिए और अपने पेशेवर जिम्मेदारियों को पूरी लगन और अनुशासन के साथ निभाना चाहिए।'

सेना की ओर से बल प्रयोग पर जमां ने कहा कि सुरक्षाबलों को ताकत के इस्तेमाल से बचना चाहिए। बल प्रयोग तभी किया जाए, जब बहुत जरूरी हो। उन्होंने कहा कि फिलहाल चीजें ठीक होती हुई दिख रही हैं। हालांकि जब तक देश को सरकार नहीं मिलती, सेना अपना काम करती रहेगी। बांग्लादेश में बीते साल शेख हसीना के तख्तापलट के समय से ही सेना अहम भूमिका में है। ऐसे में जमा के बयान को यूनुस के पर कतरने की कोशिश की तरह भी देखा जा रहा है।

बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने बीते कुछ समय में लगातार देश की राजनीति पर बात की है। हाल ही में प्रथोमालो को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि हम एक शांतिपूर्ण वातावरण चाहते हैं। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास के लिए शांति और स्थिरता महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने देश में एक पूर्ण सरकार के होने पर भी जोर दिया था।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# टीम इंडिया का सेमीफाइनल स्पॉट अभी भी तय नहीं

## पाकिस्तान पर जीत के बावजूद हो सकती है बाहर



खेल डेस्क, 24 फरवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया ने पहले मैच में बांग्लादेश को हराया और जबकि अब पाकिस्तान को भी शिकस्त दे दी. लगातार 2 मैच में दो जीत के साथ ही टीम इंडिया सेमीफाइनल की दहलीज पर है लेकिन पॉइंट्स टेबल की गणित कहती है कि वो अभी भी टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है. एक बार फिर टीम इंडिया ने वनडे क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ जीत का अपना सिलसिला जारी रखते हुए चैंपियंस ट्रॉफी में भी पड़ोसी देश को शिकस्त दे दी. दुबई में खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया. भारतीय टीम की इस जीत के स्टार विराट कोहली रहे, जिन्होंने शानदार शतक जमाकर टीम इंडिया को जीत तक पहुंचाया. इसके साथ ही टीम इंडिया की टूर्नामेंट में 2 मैचों से 2 जीत हो गई हैं और वो सेमीफाइनल की दहलीज पर पहुंच गई है, जबकि पाकिस्तान बाहर होने की कगार पर है. मगर आपको ये जानकर हैरानी होगी कि टीम इंडिया अभी भी सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो सकती है.

**ऐसा है पॉइंट्स टेबल का हाल**

जी हां, 8 टीमों वाले इस टूर्नामेंट का फॉर्मेट की कुछ ऐसा है कि लगातार 2 दमदार जीत दर्ज करने के बावजूद टीम इंडिया टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है. तार्किक तौर पर देखा जाए तो ऐसा होने की संभावना लगभग नहीं है, मगर पॉइंट्स टेबल की गणित और समीकरण ऐसे हैं कि ये अभी भी हो सकता है. इसके लिए आपको पूरा समीकरण समझाते हैं. पहले पॉइंट्स टेबल की कहानी समझिए. लगातार 2 जीत के साथ टीम इंडिया 4 पॉइंट्स लेकर पहले स्थान पर है, जबकि 2 पॉइंट्स के साथ न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर है. वहीं बांग्लादेश तीसरे और पाकिस्तान चौथे स्थान पर है. दोनों ही टीमों का खाता नहीं खुला है.

**बचे हुए 3 मैचों में अगर ऐसा हुआ तो...**

अब बात करते हैं सेमीफाइनल की. लगातार 2 जीत के बाद टीम इंडिया का नॉकआउट राउंड में पहुंचना तय लग रहा है लेकिन अभी भी इस ग्रुप के 3 मैच बाकी हैं. अगला मैच सोमवार 24 फरवरी को न्यूजीलैंड और बांग्लादेश का है. ऐसे में अगर बांग्लादेश ये मैच जीतती है तो उसके 2 पॉइंट्स हो जाएंगे. बांग्लादेश का आखिरी मैच पाकिस्तान से है और अगर वो ये मैच भी जीत लेती है तो बांग्लादेश के 4 पॉइंट्स हो जाएंगे. वहीं न्यूजीलैंड के 2 ही पॉइंट्स रहेंगे और फिर आखिरी मैच में उसका सामना टीम इंडिया से होगा. अगर न्यूजीलैंड उस मैच में भारत को हराती है तो उसके भी 4 पॉइंट्स बन जाएंगे.

**टीम इंडिया हो सकती है बाहर**

इस तरह ग्रुप ए की तीन टीमें 4-4 पॉइंट्स लेकर बराबरी पर रहेंगी. ऐसे में फैसला होगा नेट रनरेट से. अगर बांग्लादेश अपने दोनों मुकाबले बड़े अंतर से जीतती है तो उसका नेट रनरेट, जो फिलहाल -0.408 है, वो बेहतर हो जाएगा. फिलहाल टीम इंडिया का नेट रनरेट 0.647 है, जबकि न्यूजीलैंड का 1.200 है. अगर टीम इंडिया आखिरी मैच में न्यूजीलैंड से बड़े अंतर से हारती है तो भारतीय टीम का रनरेट गिर जाएगा, जबकि न्यूजीलैंड का बेहतर हो सकता है. ऐसे में अगर नेट रनरेट की रेस में टीम इंडिया पिछड़ती है तो वो सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो जाएगी. हालांकि, बात यहां तक नहीं पहुंचेगी अगर, न्यूजीलैंड अगले मैच में ही बांग्लादेश को हरा देती है तो भारत और न्यूजीलैंड सीधे सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगे.

# रोहित शर्मा ने रच दिया इतिहास

## टूट गया सचिन तेंदुलकर का बड़ा रिकॉर्ड



दुबई, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा ने बड़ा कारनामा किया। दुबई के मैदान पर खेले जा रहे मुकाबले में रोहित, वनडे फॉर्मेट में बतौर ओपनर सबसे तेज 9 हजार रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने कई दिग्गजों को पीछे छोड़ा है। रोहित ने क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

**दुनिया के पहले खिलाड़ी बने हिटमैन**

केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि रोहित शर्मा बतौर ओपनर वनडे में सबसे तेज 9 हजार रन पूरा करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

उन्होंने 181 पारियों में अपने 9 हजार रन पूरे किए। जबकि सचिन तेंदुलकर ने 197 पारियों में बतौर ओपनर सबसे तेज 9 हजार रन पूरे किए थे। लिस्ट में तीसरे स्थान पर सौरव गांगुली हैं, जिन्होंने 231 पारियों में ऐसा कारनामा किया था। वहीं चौथे स्थान पर क्रिस गेल 246 पारियों के साथ बने हुए हैं।

**20 रन बनाकर लौटे पवेलियन**

रोहित शर्मा पाकिस्तान के खिलाफ इस मैच में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। उन्होंने 15 गेंदों में 20 रन बनाए हैं। उन्होंने 3 चौके और 1 छक्का लगाए थे। हालांकि रोहित ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। पाक गेंदबाजों के आगे वह खुलकर बल्लेबाजी कर रहे थे।

लेकिन शाहिन अफरीदी ने उन्हें क्लीन बोल्ड कर चलता किया। वनडे में शाहीन ने रोहित शर्मा शर्मा को 5 वनडे मैचों में 3 बार पवेलियन लौटाया है।

**342 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम**

पाकिस्तान ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 341 रन बनाए थे। पाक की ओर से सऊद शकील ने 76 गेंदों में 62 रनों की पारी खेली थी।

वहीं मोहम्मद रिजवान के बल्ले से भी 46 रन निकले थे। भारतीय टीम 15 ओवर के बाद 89/1 रन बना चुकी है। विराट कोहली और शुभमन गिल क्रीज पर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी पर आतंकी हमले का साया

## इस्लामिक स्टेट ने बनाया किडनैपिंग का प्लान



इस्लामाबाद, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान में लगभग 3 दशक बाद चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हो रहा है. सुरक्षा कारणों और आतंकी हमलों के डर से पाकिस्तान में सालों तक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं हुए. अब जब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के हाथ आई थी, तो एक बार फिर इस पर आतंकी हमले का डर सता रहा है. खुफिया एजेंसियों को पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर आईएसकेपी समूह की ओर से आतंकी हमले की संभावित कोशिश के बारे में चर्चा मिली है.

भारतीय एजेंसियों ने भी पाकिस्तान को ऐसे हमले की संभावना के बारे में जानकारी दी है. इस्लामिक स्टेट – खुरासान प्रांत के आतंकी चैंपियंस ट्रॉफी देखने आए विदेशियों का अपहरण कर सकते हैं और उनके बदले में फिरौती मांग सकते हैं.

**क्या है आईएसकेपी का प्लान?**

पाकिस्तान के खुफिया ब्यूरो ने इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत से संभावित खतरे के बारे में चेतावनी जारी की है, जो कथित तौर पर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हिस्सा लेने वाले विदेशियों को फिरौती के लिए अपहरण करने की योजना बना रहा है. कहा जाता है कि यह आतंकी संगठन विशेष रूप से चीनी और अरब नागरिकों को निशाना बना रहा है, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, कार्यालयों और इन देशों के आगंतुकों द्वारा अक्सर इस्तेमाल किए जाने वाले आवासीय क्षेत्रों पर निगरानी कर रहा है.

इस्लामिक स्टेट – खुरासान प्रांत दक्षिण-मध्य एशिया, मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय सलाफी जिहादी समूह इस्लामिक स्टेट की एक क्षेत्रीय शाखा है. हालांकि अभी तक आतंकी हमले के लिए कोई विश्वसनीय स्रोत या पुष्ट सामने नहीं आई है, लेकिन गंभीर प्रकृति के इस खतरे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है.

# अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी

## शोएब से लेकर आमिर-अकरम तक सबने उठाए सवाल




कराची, 24 फरवरी (एजेंसियां)। एक और आईसीसी टूर्नामेंट और एक और बार भारत ने पाकिस्तान को धूल चटा दी। दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में रोहित एंड कंपनी ने रिजवान की टीम को छह विकेट से हरा दिया और लगभग टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं, टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट में एक और हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स से लेकर लोग बौखला गए हैं।

कुछ समय पहले पाकिस्तान में इस बात तक की चर्चा हुई थी कि भले ही पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी हार जाए, लेकिन भारत के खिलाफ जीत दर्ज करे। अब स्थिति ऐसी है कि न तो उन्हें भारत के खिलाफ जीत मिली और न ही चैंपियंस ट्रॉफी के अगले दौर में पहुंच सके। इसके बाद कई दिग्गज पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर, मोहम्मद हफीज, शोएब मलिक, मोहम्मद आमिर और अहमद शहजाद ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी है। इन सभी ने हार पर अलग अलग एनालिसिस किया, लेकिन सभी ने टीम चयन पर जरूर सवाल खड़े किए। सभी का मानना था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गलत टीम चयन किया था और उन्हें इसका अंजाम भुगतना पड़ा। आइए जानते हैं...

**शोएब अख्तर की प्रतिक्रिया**

भारत की जीत के बाद अख्तर ने सोशल मीडिया इंस्टा पर वीडियो शेयर किया और पाकिस्तान की हार पर अपनी राय दी और दुखी होकर कहा कि, मैं बिल्कुल भी निराश नहीं हूं। इस गेंदबाज ने पाकिस्तान टीम पर निशाना साधते हुए कहा, 'आपकी टीम में पांच विशेषज्ञ गेंदबाज तक नहीं हैं। मैं दुखी हूं। खिलाड़ियों को पता ही नहीं क्या करना है। उनके पास कोई स्किल सेट भी नहीं है। उन्हें रोहित और कोहली से सीखने की जरुरत है। मुझे पता था कि इस मैच में क्या होने वाले हैं। दुनिया छह गेंदबाजों के साथ खेल रही है। इन खिलाड़ियों को क्या कहें, जैसा मैनेजमेंट हैं वैसे ही ये बच्चे हैं। पाकिस्तानी खिलाड़ी बस चले गए हैं, लेकिन उन्हें करना क्या है ये पता ही नहीं है।'

**कोहली को लेकर अख्तर का बयान**

शोएब अख्तर ने कहा, 'अगर कोहली फॉर्म में नहीं हैं और उन्हें कोई कह दे कि आपका मैच पाकिस्तान के साथ है तो वह पूरी तैयारी के साथ आते हैं। उन्होंने इस मैच में भी यही किया। वह हमारे खिलाफ पूरी तैयारी से आते हैं। वह वनडे में रन चेज मास्टर हैं। वह एक कमाल के क्रिकेटर हैं। पता नहीं वह शतकों का शतक लगा पाएंगे या नहीं, लेकिन वह एक महान बल्लेबाज हैं। मैं उन्हें बहुत पसंद करता हूं। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। उन्हें बस अपना खेल खेलने दें और उनके बारे में ज्यादा न बोलें। आप देखिए वह हमेशा पाकिस्तान के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करते हैं। उनसे 14000 रन भी पूरे कर लिए हैं। मैं चाहता हूं कि वह शतकों का शतक पूरा करें। आधुनिक क्रिकेट के वह किंग हैं...चेज मास्टर हैं। मैं उन्हें आगे के लिए शुभकामनाएं देता हूं।'

# कितनी गंभीर है कप्तान रोहित और मोहम्मद शमी की चोट?



दुबई, 24 फरवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया ने चैम्पियंस ट्रॉफी में दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान को छह विकेट से धूल चटा दी। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के चोटिल होने की खबरें आई थीं। इसकी वजह से उन्हें मैदान से बाहर भी जाना पड़ा था। मैच के बाद अपनी चोट पर रोहित ने खुद अपडेट देते हुए बताया कि वो फिलहाल पूरी तरह ठीक हैं और उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं है। वहीं शमी की चोट पर अब भारत के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने अपडेट दिया है। उन्होंने शमी के चोटिल होने की खबरों को खारिज कर दिया और बताया कि तेज गेंदबाज पूरी तरह ठीक है और भारतीय खेमे में कोई चिंता की बात नहीं है। मैच की शुरुआत में तीन ओवर बॉलिंग करने के बाद शमी मैदान से बाहर चले गए थे। उन्हें बाउंड्री के पास फिजियो द्वारा उनकी देखभाल करने और उन्हें असहजता की वजह से अपने पैर को पकड़ते हुए देखा गया था।

**शमी और रोहित ठीक हैं- अय्यर**

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अय्यर ने कहा कि शमी और रोहित दोनों ठीक हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि टीम इंडिया के लिए चोट को लेकर कोई टेंशन नहीं है। अय्यर ने कहा, 'मैंने जो देखा है, उसके मुताबिक शमी और रोहित ठीक हैं। मेरी जानकारी के अनुसार, मुझे नहीं लगता कि टीम में किसी चोट की चिंता है।'

**शमी की खराब रही शुरुआत**

पाकिस्तान के खिलाफ मैच में शमी की शुरुआत बेहद खराब रही और उन्होंने अपने पहले ओवर में पांच वाइड गेंदें फेंक डाली। इसकी वजह से उन्हें ओवर पूरा करने के लिए 11 गेंदें फेंकी। तीन ओवर गेंदबाजी करने के बाद शमी मैदान से बाहर चले गए और ऐसे में रोहित को बॉलिंग अटैक पर हार्दिक पांड्या को लाना पड़ा। शमी को अपने दाहिने पैर पर भी पट्टी बांधते हुए देखा गया। शमी 12वें ओवर में गेंदबाजी करने के लिए मैदान पर वापस लौटे और काफी बेहतर लय में दिखे। बता दें कि शमी ने हाल ही में 14 महीने तक मैदान से दूर रहने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की है।

# कुलदीप यादव के नाम जुड़ी बड़ी उपलब्धि

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले 13वें भारतीय गेंदबाज



दुबई, 24 फरवरी (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में मैच खेला जा रहा है। इस मैच में पाकिस्तान की टीम सिर्फ 241 रन पर ही सिमट गई है। भारत के लिए इस मैच में कुलदीप यादव ने शानदार गेंदबाजी की है। उन्होंने इस मैच में तीन विकेट हासिल किए। इस दौरान वो एक लिस्ट का हिस्सा बन गए हैं।

**कुलदीप यादव बने इस खास लिस्ट का हिस्सा**

कुलदीप यादव दिग्गज अनिल कुंबले और रविचंद्रन अश्विन के साथ एक स्पेशल लिस्ट का हिस्सा बन गए हैं। वो कुंबले, अश्विन, हरभजन सिंह और रवींद्र जडेजा के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले पांचवें भारतीय स्पिनर बन गए हैं। उन्होंने ये कारनामा 43वें ओवर की चौथी गेंद पर पाकिस्तानी बल्लेबाज सलमान अली आगा को आउट करके किया। आगा ने कुलदीप के खिलाफ हवाई शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद को सही तरीके से कनेक्ट नहीं कर पाए और रवींद्र जडेजा को आसान कैच थमा बैठे। क्रीज पर रहने के दौरान उन्होंने 24 गेंदों का सामना किया लेकिन वो कोई चौका या छक्का नहीं लगा पाए। कुलदीप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले 13वें भारतीय गेंदबाज हैं। कुलदीप के नाम अब तक 13 टेस्ट में 56 विकेट, 110 वनडे में 175 विकेट और 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 69 विकेट दर्ज हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय स्पिनरों द्वारा सर्वाधिक विकेट**

अनिल कुंबलेः 953
रविचंद्रन अश्विनः 765
हरभजन सिंहः 707
रवींद्र जडेजाः 604
कुलदीप यादवः 300*

**पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा रहा है कुलदीप का प्रदर्शन**

पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में कुलदीप का रिकॉर्ड अच्छा है। अब तक खेले गए सात मैचों में उन्होंने 13 बल्लेबाजों को आउट किया है, जिसमें एक बार पांच विकेट भी शामिल हैं।

# भारत से हार पर भड़के पाकिस्तानी, कहा- टीम में गुटबाजी

## बोले- खिलाड़ी सिफारिश से आ रहे, सबकी अपनी-अपनी टशनबाजियां

लाहौर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी-2025 में लगातार दूसरी जीत हासिल की। टीम ने पाकिस्तान को एकतरफा मुकाबले में 6 विकेट से हरा दिया। मिली इस हार से पाकिस्तानी फैंस भड़क गए। कुछ फैंस ने तो अपनी टीम में गुटबाजी के आरोप भी लगा डाले। एक होटल में काम करने वाले मोहम्मद इकबाल ने कहा- 'टीम में सिफारिश से खिलाड़ी आ रहे। इसीलिए हम आज हार गए हैं।'

वहीं, लाहौर में रहने वाले मुबारिक कहते हैं, 'टीम में अपनी-अपनी टशनबाजियां हैं। इसी कारण ये हारते हैं।' भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान पाकिस्तान के फैंस का मन टटोलने के लिए भास्कर रिपोर्टर बिक्रम प्रताप सिंह लाहौर में हैं। वे शहर की गलियों से होते हुए प्रेस क्लब पहुंचे। जहां उनकी मुलाकात कुछ बिजनेस मैन, जर्नलिस्ट और स्टुडेंट्स से हुई।

दुबई में भारत-पाक मुकाबले की टेंशन लाहौर में भी दिखी। टॉस के बाद जब पाकिस्तानी टीम ने बैटिंग चुनी, तो अपने स्टार खिलाड़ियों की बैटिंग देखने के लिए लाहौर की कई गलियां सुनसान दिखीं। क्रिकेट फैंस अपने घरों में बाबर, रिजवान और सऊद शकील जैसे प्लेयर की बैटिंग देखते रहे। हालांकि, इन सभी बैटर्स ने अपने फैंस को निराश किया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन का असर फैंस के चेहरों पर झलक रहा था।

जैसे ही विराट कोहली ने चौके के साथ अपना शतक पूरा किया और भारत की जीत पर मुहर लगाई। उसी के साथ लाहौर प्रेस क्लब में सन्नाटा पसर गया। यहां सब शांत थे, कोई आपस में बात तक नहीं कर रहा था।

पाकिस्तान की ओर से सभी आपस में मिलकर नहीं खेले, यदि मिलकर खेलते तो हम जीत सकते थे। अगली बार हमारी टीम भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। इंडिया जीत गया। यह भी हमारे लिए खुशी की बात है। एक टीम को जीतना ही था। मुझे लगता है कि पहले बॉलिंग करना चाहिए थी।

मैं समझता हूं कि पाकिस्तान हारे या इंडिया जीते। यह उतना मैटर नहीं करता है। मुझे लगता है कि दोनों ने आपस में मैच खेला यही बड़ी बात है। दोनों टीमों ने स्पोर्ट्समैन स्पिरिट दिखाई। अगर पाकिस्तान के बॉलर्स चाहते तो कोहली का शतक नहीं होता।

# 'परिवार चल नहीं सकता', इमाम उल हक के रन आउट पर सुनील गावस्कर का 'विवादित' बयान



खेल डेस्क,, 24 फरवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी का नया सुल्तान बनने के लिए 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने सामने हैं। मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान को अच्छी शुरुआत नहीं मिल सकी। पाकिस्तान की सलामी जोड़ी ने निराश किया। इमाम उल हक और बाबर आजम टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दिला सके। इमाम उल हक इस मैच में रन आउट हो गए, जिसके बाद कमेंट्री बॉक्स में सुनील गावस्कर ने इमाम उल हक के पूरे परिवार का मजाक उड़ा दिया।

**सुनील गावस्कर ने उड़ाया मजाक**

9.2 ओवर में इमाम उल हक, कुलदीप यादव की गेंद पर मिड ऑन की दिशा में शॉट खेलकर सिंगल लेने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन अक्षर पटेल की फुर्तिली फील्डिंग ने इमाम उल हक को रन आउट कर दिया। उन्होंने अपने रॉकेट थ्रो से इमाम को रन आउट कर पवेलियन जाने के लिए मजबूर कर दिया। इमाम का इस अंदाज में रन आउट होना कमेंट्री कर रहे सुनील गावस्कर को पसंद नहीं आया। उन्होंने इंजमाम उल हक का हवाला देते हुए सरेआम मजाक उड़ा दिया।

इमाम के रन आउट होने के बाद रवि शास्त्री ने कहा कि इमाम उल हक रन आउट हो गए। इंजी भी रन आउट हो जाते थे। क्या उनके परिवार में ऐसा चलता है? इसपर सुनील ने जवाब देते हुए कहा कि नहीं, उनके परिवार में ऐसा नहीं चलता, क्योंकि परिवार चल नहीं सकता। सुनील ने मजाकिया अंदाज में इंजमाम उल हक समेत उनके परिवार का मजा ले लिया। सुनील की बात सुनकर पूर्व पाकिस्तानी दिग्गज वसीम अकरम भी हंसने लगे।

**इमाम उल हक ने किया निराश**

फखर जमान की जगह पर इमाम उल हक को पाकिस्तानी स्क्वाड में शामिल किया गया था, क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में फखर चोटिल हो गए थे और वह पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। हालांकि इमाम इस मैच में खासा कमाल नहीं कर सके। उन्होंने 26 गेंदों में 10 रन बनाए, जिसमें एक भी बाउंड्री शामिल नहीं थी। उनके अलावा बाबर आजम ने भी निराश किया। उनके बल्ले से 26 गेंदों में 23 रन निकले। हार्दिक पांड्या ने उन्हें पवेलियन भेजा। हालांकि पाक के लिए इस मैच में मोहम्मद रिजवान ने 77 गेंदों में 46 रनों की पारी खेली, जबकि सऊद शकील ने भी 76 गेंदों में 62 रन बनाए।

# हैदराबाद में एमजेन ने नई प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र का अनावरण किया




हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अमेरिका की सबसे बड़ी जैव प्रौद्योगिकी कंपनी एमजेन 2025 के अंत तक हैदराबाद में 1,600 करोड़ रुपये ($200 मिलियन) का महत्वपूर्ण निवेश कर रही है, जो भारत के जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए इसकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस विस्तार के हिस्से के रूप में, कंपनी ने शहर में अपनी नई प्रौद्योगिकी और नवाचार साइट का उद्घाटन किया है। वर्तमान में, एमजेन हैदराबाद में 300 पेशेवरों को रोजगार देता है। इस निवेश के साथ, कंपनी की योजना वर्ष के अंत तक 300 और कर्मचारियों को जोड़ने की है। अगले तीन से चार वर्षों में, कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 2,000 होने की उम्मीद है, जिससे हैदराबाद एमजेन के संचालन के लिए एक प्रमुख वैश्विक केंद्र बन जाएगा। लॉन्च कार्यक्रम हाईटेक सिटी के पास एमजेन के कैंपस में हुआ, जिसमें तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और आईटी एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने आधिकारिक तौर पर नई सुविधा का अनावरण किया। इस समारोह में एमजेन के चेयरमैन और सीईओ रॉबर्ट ए. ब्रैडवे, अमेरिकी महावाणिज्य दूत जेनिफर लार्सन, एमजेन इंडिया के प्रतिनिधि सोम चट्टोपाध्याय और एमजेन इंडिया के प्रबंध निदेशक नवीन गुल्लापल्ली शामिल हुए। एमजेन के निवेश से बायो-फार्मा क्षेत्र में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे हैदराबाद की स्थिति एक प्रमुख वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में मजबूत होगी। कंपनी के पास इस क्षेत्र में और विस्तार के लिए दीर्घकालिक योजनाएं भी हैं। इस नई सुविधा के साथ, एमजेन डिजिटल क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एआई और डेटा विज्ञान का लाभ उठाएगा, जिससे स्वास्थ्य सेवा नवाचार को आगे बढ़ाने और तेलंगाना में अपने फार्मास्युटिकल पोर्टफोलियो का विस्तार करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाया जा सकेगा।

## दहेज उत्पीड़न से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक नवविवाहिता युवती ने अपने पति द्वारा अतिरिक्त दहेज के लिए कथित रूप से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किये जाने के बाद आत्महत्या कर ली। उप्पल इंस्पेक्टर चुनाव रेड्डी के अनुसार, सूर्यापेट जिले के मद्दिराला मंडल के अकुला मल्लैया की बेटी ए मनीषा (24) को उसी जिले के तुंगतुर्थी मंडल के पी संपत से प्यार हो गया, जब वे पैरामेडिकल कोर्स कर रहे थे।

पिछले साल 14 फरवरी को उप्पल के आर्य समाज में उनकी शादी हुई थी। संपत रामनाथपुर में रहते हैं और एक अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के तौर पर काम करते हैं।

पिछले कुछ दिनों से संपत और उसके करीबी रिश्तेदार मनीषा को अतिरिक्त दहेज के लिए परेशान कर रहे थे। उनकी प्रताड़ना सहन न कर पाने के कारण मनीषा ने रविवार को पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। उप्पल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## “वायएसआरसीपी को अगले पांच सालों तक नहीं मिलेगा विपक्ष का दर्जा’

# विपक्ष पर जमकर भड़के पवन कल्याण



अमरावती, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने सोमवार को कहा कि वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी को पांच साल तक विपक्ष का दर्जा नहीं दिया जाएगा। विधानसभा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जनसेना के संस्थापक ने कहा कि वाईएसआरसीपी को विपक्ष का दर्जा नहीं दिया जा सकता, जिसके पास केवल 11 विधायक हैं। उन्होंने कहा, 'अगामी पांच सालों में आपको (वाईएसआरसीपी) विपक्ष का दर्जा नहीं मिलेगा। इसके लिए मानसिक रूप से तैयार रहें। 11 सीटों के साथ, आपको विपक्ष का दर्जा नहीं दिया जाएगा।'

**वाईएसआरसीपी नेताओं के व्यवहार की आलोचना की**

अभिनेता से राजनेता बने पवन कल्याण ने कहा- कि विपक्ष का दर्जा मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू या जनसेना की तरफ से नहीं, बल्कि नियमों, विनियमों और मानदंडों की तरफ से तय किया जाता है। इस दौरान पवन कल्याण ने राज्यपाल एस अब्दुल नजीर के अभिभाषण के दौरान वाईएसआरसीपी नेताओं के व्यवहार की आलोचना की, जहां उन्होंने कथित तौर पर उनके भाषण की प्रतियां फाड़ दीं।

**शिष्टाचार बनाए रखने का किया आग्रह**

जनसेना प्रमुख ने वाईएसआरसीपी के कृत्य की निंदा की और उनसे विधानसभा में शिष्टाचार बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष का दर्जा मांग के आधार पर नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक बहुमत वाली पार्टी सरकार बनाएगी और अगली सबसे बड़ी पार्टी को विपक्ष का दर्जा दिया जाएगा। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन में शामिल जनसेना 21 सीटों के साथ दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है।

**राज्यपाल के अभिभाषण के बीच वॉकआउट**

बता दें कि, सोमवार को जगन मोहन रेड्डी अपनी पार्टी के विधायकों के साथ सदन की कार्यवाही में शामिल हुए। इस दौरान वाईएसआरसीपी के विधायकों और एमएलसी ने राज्यपाल के अभिभाषण का बहिष्कार किया और पार्टी के लिए विपक्ष का दर्जा मांगे जाने की मांग करते हुए 'लोकतंत्र बचाओ' और 'हमें न्याय चाहिए' जैसे नारे लगाए। वाईएसआरसीपी के विधायकों ने स्पीकर के आसन के पास नारे लगाए, जब राज्यपाल सदन को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल के अभिभाषण के बीच में ही वे सदन से बाहर चले गए।

## डॉ. गजराव भूपाल ने संयुक्त पुलिस आयुक्त यातायात का पदभार संभाला



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। डॉ. गजराव भूपाल, आईपीएस (2008 बैच) ने आधिकारिक तौर पर साइबराबाद के संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) के रूप में कार्यभार संभाला है। उन्होंने आज पूर्व संयुक्त पुलिस आयुक्त यातायात डी. जोएल डेविस से पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद, डॉ. गजराव भूपाल ने शिष्टाचार भेंट के रूप में साइबराबाद पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती से मुलाकात की। एक प्रशंसनीय ट्रैक रिकॉर्ड वाले एक प्रतिष्ठित अधिकारी, डॉ. गजराव भूपाल ने अपने कैरियर में कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है, जिनमें डीआईजी कल्याण; संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध, हैदराबाद; एसपी आदिलाबाद; एसपी नेल्लोर; एसपी तिरुपति (शहरी) शामिल हैं।शहरी पुलिस व्यवस्था और कानून प्रवर्तन में विशेषज्ञता के साथ, उनका लक्ष्य साइबराबाद में यातायात विनियमन में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान, बेहतर सड़क सुरक्षा उपाय और नागरिक-केंद्रित पहल शुरू करना है। उन्होंने साइबराबाद क्षेत्राधिकार में यातायात के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने और सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. गजराव भूपाल ने अपने प्रमुख फोकस क्षेत्रों के रूप में कुशल यातायात प्रवर्तन, भीड़ प्रबंधन और जन जागरूकता पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों से सुरक्षित और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए यातायात अधिकारियों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया।

## वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र जारी करने में देरी नहीं होनी चाहिए : इलांबर्ती



हैदराबाद, 24 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त इलांबर्ती ने संबंधित अधिकारियों को वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र जारी करने में देरी न करने का निर्देश दिया है। सोमवार को जीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित जन सुनवाई के दौरान आयुक्त इलांबर्ती को शहर के विभिन्न हिस्सों से लोगों की ओर से विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग वाली याचिकाएं प्राप्त हुईं।

उन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान सुझाया। इस अवसर पर बोलते हुए आयुक्त ने कहा कि प्रजावाणी में संबंधित विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायतों का शीघ्रता से समाधान किया जाना चाहिए। संबंधित प्राधिकारियों को सलाह दी गई कि वे वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र जारी करने में देरी करने के बजाय शीघ्रता से इन्हें जारी करने पर ध्यान केन्द्रित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों से संबंधित शिकायतों का शीघ्र समाधान करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए। जीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित जन सुनवाई के दौरान कुल 82 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 46 टाउन प्लानिंग विभाग से संबंधित थीं, 5 स्वच्छता विभाग से, 4-4 कर और स्वास्थ्य विभाग से, 3-3 इंजीनियरिंग रखरखाव और प्रशासन विभाग से, एफए, इलेक्ट्रिकल, भूमि अधिग्रहण, सीपीआरओ और यूबीडी विभागों से 2-2, आवास विभाग से एक शिकायत प्राप्त हुई, और 6 शिकायतें फोन इन के माध्यम से प्राप्त हुईं। उन्होंने कहा कि जीएचएमसी क्षेत्राधिकार के तहत छह जोनों में कुल 112 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कुकटपल्ली जोन में 51, एलबी नगर में 13 , सेरिलिंगमपल्ली जोन में 12, सिकंदराबाद जोन में 27, चारमीनार जोन में 8 और खैरताबाद जोन में एक शिकायत प्राप्त हुई ।

इस कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त शिव कुमार नायडू, गीता राधिका, पंकजा, रघु प्रसाद, वेणुगोपाल रेड्डी, सत्यनारायण, यादगिरी राव, सीसीपी श्रीनिवास, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अब्दुल वकील, सीएमएचओ डॉ. पद्मजा, अतिरिक्त सीसीपी प्रदीप, गंगाधर, वेंकन्ना, रंजीत कुमार, जल कार्य क्षेत्रीय प्रबंधक साई रमना, विशेष डिप्टी कलेक्टर रामुलु नायक, यूबीडी निदेशक वेंकटेश्वर राव, यूसीडीपी पीडी देवेंद्र रेड्डी, संपदा अधिकारी उमा प्रकाश, जेसी राजस्व महेश कुलकर्णी, डिप्टी सीई पनास रेड्डी सिंचाई ई. ई. नारायण और अन्य ने भाग लिया।

## गेमिंग हाउस पर छापा

**जुआ खेलने के आरोप में 6 गिरफ्तार**

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद विशेष अभियान दल (एसओटी) ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर सोमवार को धर्मारेड्डी कॉलोनी, केपीएचबी में एक गेमिंग हाउस पर छापा मारा और जुआ खेलने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने 51,000 रुपये नकद, 6 मोबाइल फोन और ताश के पत्ते जब्त किए, जिनकी कुल कीमत 1.1 लाख रुपये है।

पुलिस ने बताया कि मुख्य आयोजक राजेश आवासीय कॉलोनी में किराए के मकान में कमीशन पर जाने-माने सट्टेबाजों के साथ अवैध रूप से खेलों का आयोजन कर रहा था। सभी सट्टेबाज कुकटपल्ली और आसपास के इलाकों से हैं। गिरफ्तार व्यक्तियों को जब्त सामग्री के साथ आगे की कार्रवाई के लिए केपीएचबी पुलिस को सौंप दिया गया।

# नेट जीरो’ कॉर्बन की ओर बढ़ रही भारतीय रेल : अश्विनी वैष्णव

## रेल मंत्रालय और मध्य प्रदेश सरकार के बीच रिन्यूएबल एनर्जी समझौते पर हस्ताक्षर



नई दिल्ली/ हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भोपाल में आयोजित "ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' में उपस्थित निवेशकों एवं उद्यमियों को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे के विद्युतीकरण एवं वैकल्पिक ऊर्जा के प्रयोग के संबंध में रेलवे के विजन को विस्तार से बताया । इन्वेस्टर्स सम्मिट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेरेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने रेलवे को "नेट जीरो' कॉर्बन का लक्ष्य दिया, जिसे पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय से शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन कर लिया जाएगा। अब हमारा दूसरा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक ऊर्जा रिन्यूएबल एनर्जी सोर्स से प्राप्त की जाए। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए रेलवे अब तक 1 हजार 500 मेगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी सोर्स के साथ टाइअप कर चुका है। आज मध्य प्रदेश के साथ जो 1%0 मेगा वॉट का यह बड़ा MoU PPA पर समझौता हुआ है, जो रिन्यूएबल एनर्जी कड़ी में महत्वपूर्ण कदम है। हम विंड और न्यूक्लियर पावर एनर्जी भी खरीदने के लिए उत्सुक हैं। रेल मंत्री ने कहा कि मैं इस मंच के माध्यम से सभी राज्यों से यह भी निवेदन करूंगा कि आप अपने राज्यों से रिन्यूएबल, विंड, हाईड्रो या न्यूक्लियर के प्रोजेक्ट से जितनी भी एनर्जी रेलवे को स✎ाई कर सकते हैं, आपका स्वागत है। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार और रेल मंत्रालय के कामकाज को लेकर कहा कि जिस मॉडल पर रेलवे और मध्य प्रदेश काम कर रहे हैं, इसके अंतर्गत मध्य प्रदेश सरकार और रेलवे मंत्रालय दोनों मिलकर एक अंडरस्टैन्डिंग पर पहुंचते हैं और उसके बाद में मध्य प्रदेश के जनरेटर और रेलवे एक PPA साइन करते हैं। इस मॉडल को देश में अन्य जगह भी लागू किया जा सकता है। रेल मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए माननीय प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश को रेलवे के लिए शानदार 14,745 करोड़ रुपए का ऐतिहासिक बजट आवंटित किया है।

इतिहास में पहली बार मध्य प्रदेश को इतना बजट मिला है। जहां 2014 से पहले मध्य प्रदेश में प्रति वर्ष करीब 29 km रेलवे ट्रैक बिछाया जाता था। वहीं अब 230km हर साल हो रहा है। यानी काम की गति 7.5 गुना बढ़ी और फंड 23 गुना बढ़े हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शानदार काम कर रहे हैं।

वह लगातार अधिकारियों से बातचीत कर प्रदेश में रेलवे के विकास कार्यों को बढ़ाने में मदद दे रहे हैं।

## अलग-अलग दुर्घटनाओं में 3 की मौत

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार को तेलंगाना के वारंगल, गडवाल और सिरसिला जिलों में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। वारंगल जिले में एक निजी बस चालक जी महेंद्र (32) शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहा था, तभी वह अपनी मोटरसाइकिल से नियंत्रण खो बैठा और गिर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

गडवाल जिले से रिपोर्ट की गई एक अन्य घटना में, तुम्माजीपल्ली गांव के पास बोरवेल माउंटेड वाहन के तिरछे गिरने से चालक के सहायक की तत्काल मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ राज्य के दीनाबंध (18) के रूप में हुई है। वह वाहन में बैठा था, जब चालक बाशा उसे पीछे कर रहा था। पीछे करते समय वाहन तिरछे गिर गया जिससे उसकी तत्काल मृत्यु हो गई।

तीसरी घटना में, सिरसिला जिले के सरमपल्ली गांव के पास एक आरटीसी बस ने मोटरसाइकिल चालक प्रशांत (18) को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठे प्रशांत को गंभीर चोटें आईं। प्रशांत की मौत तत्काल हो गई, क्योंकि उसका सिर बस के पहिये के नीचे आ गया।

## वाराणसी के पास दुर्घटना में संगारेड्डी के 3 लोगों की मौत

संगारेड्डी, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुंभ मेले में तीर्थयात्रा पर गए एक जोड़े की दुर्घटना उस समय दुखद हो गई, जब संगारेड्डी के 3 लोगों की रविवार रात उत्तर प्रदेश के वाराणसी के निकट एक दोपहिया वाहन से टकराने से बचने के प्रयास में उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई।

जहीराबाद सिंचाई विभाग के डीईई वेंकटरमी रेड्डी (46), उनकी पत्नी विलासिनी (40) और उनके ड्राइवर मल्ला रेड्डी की मौके पर ही मौत हो गई। वेंकटरामी रेड्डी न्यालकल मंडल के ममीडिगी के मूल निवासी हैं, जबकि ड्राइवर मल्ला रेड्डी मालगी का निवासी है। शवों को संगारेड्डी जिले में वापस लाने के प्रयास जारी हैं।

## ट्रेन संचालन में सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करने पर जोर दिया जाना चाहिए : अरुण जैन




हैदराबाद, 24 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने कर्मचारियों और अधिकारियों को सलाह दी कि ट्रेन संचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करने पर जोर दिया जाना चाहिए। सोमवार को रेल निलयम, सिकंदराबाद में पूरे जोन में ट्रेन संचालन की सुरक्षा पर चर्चा के लिए एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एससीआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ भाग लिया। सभी छह डिवीजनों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक में शामिल हुए। महाप्रबंधक ने पूरे जोन में ट्रेन परिचालन की सुरक्षा पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने चल रहे सुरक्षा अभियान की स्थिति की जांच की और अधिकारियों को सलाह दी कि यदि कोई कमी है, तो उसे जल्द से जल्द ठीक किया जाना चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को नियमित सुरक्षा अभियान चलाने और लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, गार्ड, ट्रैक मशीन ऑपरेटर, टावर वैगन ऑपरेटर आदि सहित सुरक्षा से जुड़े कर्मचारियों को परामर्श देने के लिए लगातार फील्ड निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया, ताकि ट्रेनों के संचालन में पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन किया जा सके। उन्होंने जोन में आग से बचाव के लिए सुरक्षा वस्तुओं जैसे धुआं पता लगाने वाले उपकरण, अग्निशामक यंत्र आदि के स्टॉक की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने की सलाह दी। उन्होंने चालक दल के काम के घंटों पर भी चर्चा की और सभी मंडल रेल प्रबंधकों को चालक दल के सदस्यों को दिए जाने वाले उचित आराम की सावधानीपूर्वक योजना बनाने का निर्देश दिया। इसके अलावा, अरुण कुमार जैन ने यातायात सुविधा, ट्रैक नवीनीकरण, दोहरीकरण कार्य आदि से संबंधित चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, जो मंडलों द्वारा किए जा रहे हैं तथा अधिकारियों को कार्यों में और तेजी लाने की सलाह दी, ताकि चालू वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

# गर्मी शुरू होने से पहले पेयजल संकट शुरू

## जैसे-तैसे पानी की व्यवस्था कर रहे लोग

कुमराम भीम आसिफाबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के कुछ दूरदराज के गांवों और मैदानी इलाकों के निवासियों को गर्मियों की शुरुआत से पहले ही पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।


उनका कहना है कि सर्दी का मौसम शिवरात्रि के दिन ही खत्म होता है। हालांकि, जहां अंदरूनी इलाकों के लोग पानी की तलाश में दूर-दूर तक जाने को मजबूर हैं, वहीं मैदानी इलाकों में मिशन भागीरथ कार्यक्रम के तहत पानी की अपर्याप्त आपूर्ति के कारण लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यह निराशाजनक स्थिति जिले में व्याप्त गंभीर पेयजल संकट की ओर इशारा करती है, जबकि गर्मी अभी तक नहीं आई है।

उदाहरण के लिए, जैनूर मंडल के लोड्डीगुडा गांव के निवासियों के पास अपनी प्यास बुझाने के लिए जंगलों के बीच से 4 किलोमीटर की कठिन यात्रा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, उन्हें एक झरने से अनुपचारित पानी इकट्ठा करना पड़ता है। उनकी दुर्दशा का कारण 200 लोगों की आबादी वाले इस पहाड़ी गांव में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए खराब सौर ऊर्जा आधारित पंप सेट को माना जा सकता है। गांव की एक आदिवासी महिला मेसराम राधाबाई ने बताया कि पंप-सेट में खराबी आने के कारण उन्हें जंगल में स्थित एक नाले से पीने का पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। उन्हें इस बात का अफसोस है कि अगर गर्मी शुरू हो गई तो समस्या और बढ़ जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से बोरवेल खोदकर इस चुनौती का समाधान करने का अनुरोध किया।

इसी तरह सिरपुर (टी) मंडल मुख्यालय में मेसन कॉलोनी, बस स्टैंड एरिया, एसटी कॉलोनी और कुछ अन्य इलाकों में पिछले एक पखवाड़े से पेयजल आपूर्ति नहीं होने से परेशानी हो रही है।

# ब्रह्मोत्सवम समाप्त होने तक अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहना चाहिए: सुधीर बाबू

## पुलिस आयुक्त ने ब्रह्मोत्सवम की व्यवस्थाओं पर बैठक की





हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा आयुक्त सुधीर बाबू ने सुरक्षा कर्तव्यों पर नागरिक, यातायात और अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सुरक्षा उपायों के संबंध में एक समन्वय बैठक की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महाशिवरात्रि के अवसर पर कीसरगुट्टा ब्रह्मोत्सव बिना किसी अप्रिय घटना के और भक्तों को बिना किसी असुविधा के आयोजित किया जाए। इस कार्यक्रम में कमिश्नर ने कहा कि ब्रह्मोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है और उन्होंने अधिकारियों को बिना किसी सुरक्षा चूक के सावधानी बरतने का आदेश दिया। जनप्रतिनिधियों, वीआईपी के अलावा आम श्रद्धालुओं को भी बिना किसी परेशानी के सावधानी बरतनी चाहिए और महिला श्रद्धालुओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। सुरक्षा कर्तव्यों पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को सलाह दी गई है कि वे अपने सौंपे गए कर्तव्यों को अत्यधिक सावधानी से निभाएं और ब्रह्मोत्सव के अंत तक सतर्क रहें। यह सुझाव दिया गया है कि मेडिकल टीम को सतर्क रहना चाहिए और आपातकालीन स्थिति में लोगों की सुविधा के लिए डॉक्टरों की टीम के साथ एक एम्बुलेंस और बीपी शुगर जैसी अन्य आपातकालीन दवाएं भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों का कल्याण उनके साथ-साथ भक्तों के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है, और अप्रत्याशित परिस्थितियों में पुलिस कर्मियों के बीमार पड़ने की संभावना रहती है, और अधिकारियों को विशेष चिकित्सा उपचार से गुजर रहे कर्मियों के लिए आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया गया।

सुरक्षित पेयजल के साथ-साथ ओआरएस पैकेट भी व्यापक रूप से उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया है क्योंकि कुछ लोगों को गर्मी में धूप से झुलसने का खतरा होता है। संबंधित अधिकारियों को यह सुझाव दिया गया है कि स्वच्छता व्यवस्था उचित होनी चाहिए और विशेष रूप से महिलाओं के लिए मोबाइल शौचालय स्थापित किए जाने चाहिए। कमान एवं नियंत्रण अधिकारियों को मंदिर परिसर के चारों ओर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से समय-समय पर स्थिति की समीक्षा करनी चाहिए और महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए उनकी टीम की टीमें भी ड्यूटी पर तैनात रहनी चाहिए। आयुक्त ने सुझाव दिया कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय में काम करना चाहिए कि ब्रह्मोत्सव शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाए, क्योंकि बड़ी संख्या में भक्तों के दिव्य दर्शन के लिए आने की संभावना है। कार्यक्रम में मलकजगिरी डीसीपी पीवी पद्मजा , डीसीपी क्राइम अरविंद बाबू, आईटी सेल एसीपी नरेंद्र गौड़ और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.